राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 76, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली सोमवार 02 अक्टूबर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट

दिल्ली विश्वविद्यालय ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की उपस्थिति में किया एक तारीख-एक घंटा-एक साथ ..... पेज 03

अब हर माह होगी थानेदार से लेकर एडीजी तक की समीक्षा, एक-एक दिन का देना होगा ..... पेज 05

भारतीय महिला हॉकी टीम सेमीफाइनल में, दक्षिण कोरिया से मैच 1-1 से ड्रॉ ..... पेज 07

## राहुल ने हिंदू धर्म पर लिखा लेख सोशल मीडिया पर किया साझा

### जिस व्यक्ति में अपने भय की तह में जाकर इस महासागर को सत्यनिष्ठा से देखने का साहस है- वहीं हिंदू है



नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भय, धर्म तथा अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) की राजनीतिक चर्चा के बीच सत्यम, शिवम, सुंदरम नाम से एक लेख रविवार को सोशल मीडिया पर साझा किया जिसमें पूर्वाग्रह तथा भय से मुक्त होकर सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलकर सबको आत्मसात करना ही हिन्दू होने का एकमात्र रास्ता बताया गया है। गांधी ने हिन्दू होने का मतलब दार्शनिक अंदाज़ में समझाते हुए कहा, एक हिंदू अपने अस्तित्व में समस्त चराचर को करुणा और गरिमा के साथ उदारतापूर्वक आत्मसात करता है, क्योंकि वह जानता है कि जीवन रुपी इस महासागर में हम सब डूब-उतर रहे हैं। भय का जिक्र करते हुए उन्होंने लिखा जिस व्यक्ति में अपने भय की तह में जाकर इस महासागर को सत्यनिष्ठा से देखने का साहस है- वहीं हिंदू है। एक हिंदू में अपने भय को गहनता में देखने और उसे स्वीकार करने का साहस होता है। जीवन की यात्रा में वह भय रुपी शत्रु को मित्र में बदलना सीखता है। भय उस पर कभी हावी नहीं हो पाता, वरन घनिष्ठ सखा बनकर उसे आगे की राह दिखाता है। एक हिंदू की आत्मा इतनी कमज़ोर नहीं होती कि वह अपने भय के वश में आकर किसी क़िस्म के क्रोध, घृणा या प्रतिहिंसा का माध्यम बन जाए। गांधी ने जीवन के अर्थ को परिभाषित करते हुए अपने लेख में लिखा, कल्पना कीजिए, जिंदगी प्रेम और उल्लास का, भूख और भय का एक महासागर है और हम सब उसमें तैर रहे हैं इसकी खूबसूरत और भयावह, शक्तिशाली और सतत परिवर्तनशील लहरों के बीचोंबीच हम जीने का प्रयत्न करते हैं। इस महासागर में जहां प्रेम, उल्लास और अथाह आनंद है- वहीं भय भी है। मृत्यु का भय, भूख का भय, दुखों का भय, लाभ-हानि का भय, भीड़ में खो जाने और असफल रह जाने का भय। इस महासागर में सामूहिक और निरंतर यात्रा का नाम जीवन है जिसकी भयावह गहराइयों में हम सब तैरते हैं। इसलिए, क्योंकि इस महासागर से आज तक न तो कोई बच पाया है, न ही बच पाएगा।

कमजोर वर्ग यानी ओबीसी की राजनीति को साधते हुए उन्होंने कहा हिन्दू धर्म कमजोरों की मदद कर और सबको आत्मसात करता है। एक हिंदू अपने अस्तित्व में समस्त चराचर को करुणा और गरिमा के साथ उदारतापूर्वक आत्मसात करता है। क्योंकि वह जानता है कि जीवन रुपी इस महासागर में हम सब डूब-उतर रहे हैं।

दौरा



वाशिंगटन में संधू द्वारा आयोजित भारतीय प्रवासियों और अन्य लोगों की एक सभा में अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू के साथ विदेश मंत्री एस. जयशंकर।

## मणिपुर स्टूडेंट्स मर्डर केस में 4 आरोपी पकड़े



### सीबीआई सभी को असम ले गई

इंफाल। मणिपुर में 2 स्टूडेंट्स की हत्या के आरोप में सीबीआई ने रविवार को 4 लोगों को अरेस्ट किया। इन्हें चुराचांदपुर से पकड़ा गया। जांच एजेंसी सभी आरोपियों को असम के गुवाहाटी ले गई है। पहले जानकारी आई थी, छह आरोपियों को पकड़ा गया, इनमें 2 नाबालिग हैं। लेकिन, बाद में सीएम एन बीरेन सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- 4 आरोपी पकड़े गए हैं।

मुख्यमंत्री एन बीरेन ने रविवार को कहा- सीबीआई ने दो लापता छात्रों के मामले में लोगों को गिरफ्तार करना शुरू कर दिया है। अब तक चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान पाओमिनलुन हाओकिप, एस. मालस्वान हाओकिप, लिंग्नेइचोन बाइट और टिन्नुपिंग के रूप में की है। हाल ही में एनआईए द्वारा जारी बयान को पढ़ते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मणिपुर में मौजूदा स्थिति विदेशी प्रभाव से पैदा हुई है। एनआईए ने हाल ही में सेइमिनलुन गैंगटे की गिरफ्तारी से यह स्पष्ट किया है कि मणिपुर में अशांति विदेशी हाथों द्वारा पैदा की गई है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार इन्हें मौत की सजा दिलाएगी।

### 23 सितंबर को स्टूडेंट्स की तस्वीर वायरल हुई थी

23 सितंबर को मोबाइल इंटरनेट से बैन हटने के बाद दो स्टूडेंट्स के शवों की फोटो सामने आई थी, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। फोटो में दोनों की बॉडी जमीन पर पड़ी हुई नजर आ रही है। साथ ही लड़के का सिर कटा हुआ है। हालांकि दोनों के शव अभी तक नहीं मिले हैं। जुलाई में दोनों स्टूडेंट्स एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दिए थे, लेकिन उसके बाद से उनका पता नहीं चल सका है।

## अजय मकान बने कांग्रेस के नये कोषाध्यक्ष

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता अजय माकन को पार्टी का नया कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मकान को तत्काल प्रभाव से अपना काम शुरू करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि खड़गे ने अब तक पार्टी के कोषाध्यक्ष के रूप में काम करते रहे वरिष्ठ नेता पवन कुमार बंसल के योगदान की सराहना की है।

## हरियाणा में पंजाब के गैंगस्टर की हत्या

सोनीपत। हरियाणा के सोनीपत में पंजाब के गैंगस्टर दीपक मान उर्फ मान जैतो की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई। मान जैतो पंजाब के फरीदकोट का रहने वाला था। उसकी लाश गांव के खेत से मिली है। कुछ दिन पहले ही उसने गैंगस्टर गोल्डी बराड़ को ललकारा था। अब कत्ल के बाद गोल्डी बराड़ ने उसके कत्ल की जिम्मेदारी ली है। जानकारी के मुताबिक, सोनीपत के हरसाना कलां गांव के खेत में एक लाश पड़ी थी। जिस पर कई गोलियों के निशान थे। शाम के समय किसान खेत में गए तो लाश देखी। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पहले पुलिस उसकी पहचान नहीं कर सकी। हालांकि बाद में उसके बारे में पता चल गया। इस बारे में पंजाब पुलिस को सूचना दे दी गई है।

## पुरानी पेंशन की मांग पर दिल्ली में जुटे सरकारी कर्मचारी

### रामलीला मैदान में लाखों की भीड़

पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग को लेकर 20 से अधिक राज्यों के केंद्र और राज्य सरकार के हजारों कर्मचारी राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान में जुटे। पेंशन शंखनाद महारैली में प्रदर्शनकारियों ने नई पेंशन योजना का विरोध करते हुए कहा कि वे सेवानिवृत्ति के बाद अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। आइये समझते हैं कि आखिर सरकारी कर्मचारी नई पेंशन योजना का विरोध क्यों कर रहे हैं? पुरानी पेंशन योजना में ऐसा क्या खास है कि सरकारी कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना की डिमांड को लेकर मोर्चा खोल दिए?

यह प्रदर्शन ज्वाइंट फोरम फॉर रेस्टोरेशन ऑफ ओल्ड पेंशन स्कीम और नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन के बैनर तले पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग के लिए यह महारैली आयोजित कर रहा था।

### क्या है पुरानी पेंशन स्कीम

इस स्कीम के तहत सरकारी कर्मचारियों को रिटायरमेंट के समय की सैलरी की आधी राशि पेंशन के रूप में दी जाती है। पुरानी पेंशन स्कीम में पेंशन के लिए सरकारी कर्मचारी के वेतन से कोई पैसा नहीं कटता है। इस स्कीम के तहत कर्मचारी को जो भुगतान किया जाता है वह सरकार के राजकोष से किया जाता है। इसके अलावा ओपीएस के तहत कर्मचारियों को 20 लाख रुपए तक की रकम ग्रेच्युटी के तौर पर मिलती है। पुरानी पेंशन स्कीम को लेकर कर्मचारियों इसलिए भी सड़कों पर हैं क्योंकि कर्मचारी की मृत्यु हो जाने पर उसके पेंशन की राशि उसके परिजन को दी जाती है।





### नई पेंशन स्कीम

इस पेंशन स्कीम के तहत कर्मचारियों के बेसिक सैलरी और महंगाई भत्ते से दस प्रतिशत राशि काटी जाती है। एनपीएस शेयर बाजार पर आधारित है इसलिए इसकी सुरक्षा को लेकर कर्मचारी चिंतित रहते हैं। इसके साथ ही इस स्कीम में छह माह बाद मिलने वाले महंगाई भत्ते का भी कोई प्रावधान नहीं किया गया है। इसके अलावा शेयर बाजार पर आधारित होने के कारण एनपीएस पर टैक्स भी लगता है। नई पेंशन योजना के तहत कर्मचारी को रिटायरमेंट के बाद पेंशन पाने के लिए एनपीएस फंड का 40 प्रतिशत हिस्सा निवेश करना पड़ता है। इस मामले पर बात करते हुए ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन के राष्ट्रीय संयोजक और महासचिव शिव गोपाल मिश्रा ने कहा कि जो कर्मचारी एक जनवरी 2004 के बाद सरकारी सेवा में शामिल हुए हैं, वे नयी पेंशन योजना का कड़ा विरोध कर रहे हैं।

## मोदी ने 13,500 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की रखी आधारशिला

### विकास परियोजनाओं में सड़क, रेल, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और उच्च शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र शामिल

महबूबनगर (तेलंगाना)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को यहां 13,500 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकासात्मक परियोजनाओं की आधारशिला रखी और कुछ का लोकार्पण कर उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया।

विकास परियोजनाओं में सड़क, रेल, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और उच्च शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र शामिल हैं।

प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए एक ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाई।

उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए त्योहारी सीज़न के आगमन को रेखांकित किया और कहा कि संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पारित होने से नवरात्रि की शुरुआत से पहले शक्ति पूजा की भावना स्थापित हुई है।



मोदी ने आज कई सड़क संपर्क परियोजनाओं की आधारशिला रखने पर खुशी व्यक्त की। यह परियोजनाएं क्षेत्र में जीवन में बदलाव जाएगा। नागपुर-विजयवाड़ा आर्थिक गलियारा तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र में परिवहन और व्यापार को आसान बनाएगा, जिससे इन राज्यों में व्यापार, पर्यटन और उद्योग को बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने बताया कि कॉरिडोर में प्रमुख आर्थिक केंद्रों की पहचान की गई है, जिनमें आठ विशेष आर्थिक क्षेत्र, 5 मेगा फूड पार्क, 4 फिशिंग सीफूड क्लस्टर, 3 फार्मा और मेडिकल क्लस्टर और 1 टेक्सटाइल क्लस्टर शामिल हैं। इससे हनमकोंडा, महबुबाबाद, वारंगल और खम्मम जिलों के युवाओं के लिए कई रास्ते खुलेंगे।

मोदी ने यहां निर्मित माल को बंदरगाहों तक ले जाने के लिए तेलंगाना जैसे भूमि से घिरे राज्य के लिए रेल और सड़क कनेक्टिविटी की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि देश के कई प्रमुख आर्थिक गलियारे राज्य से होकर गुजर रहे हैं। ये सभी राज्य को पूर्वी और पश्चिमी तट से जोड़ने का माध्यम बनेंगे। हैदराबाद विशाखापत्तनम कॉरिडोर का सूर्यापेट-खम्मम खंड भी इसमें मदद करेगा। इससे पूर्वी तट तक पहुंचने में मदद मिलेगी. साथ ही उद्योगों और व्यवसायों की लॉजिस्टिक लागत भी कम होगी।

### तेलंगाना के मुलुगु जिले में केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय स्थापित होगा : मोदी

महबूबनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को घोषणा की कि भारत सरकार तेलंगाना के मुलुगु जिले में एक केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय स्थापित करने जा रही है। मोदी ने यहां 13 हजार 500 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखने और राष्ट्र को समर्पित करने के बाद आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुये कहा कि इस विश्वविद्यालय का नाम श्रद्धेय आदिवासी देवी सम्मक्का-सरक्का के नाम पर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि सम्मक्का-सरक्का सेंट्रल ट्राइबल यूनिवर्सिटी पर करीब 900 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। प्रधानमंत्री ने इस सेंट्रल ट्राइबल यूनिवर्सिटी के लिए तेलंगाना के लोगों को बधाई दी।

## 'यशस्विनी' के साथ क्रॉस-कंट्री अभियान

नयी दिल्ली । केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय नारी शक्ति के अंतर्गत केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल- सीआरपीएफ की 150 महिला मोटरसाइकिल चालकों- यशस्विनी की क्रास कंट्री रैली का आयोजन कर रहा है जो श्रीनगर, शिलांग और कन्याकुमारी से आरंभ होकर गुजरात के 'केवड़िया स्टेच्यू ऑफ यूनिटी' पर समाप्त होगी। मंत्रालय ने रविवार को यहां बताया कि कुल 150 महिला सीआरपीएफ अधिकारी तीन अक्टूबर को क्रॉस-कंट्री रैली के लिए रवाना होंगी। यह रैली 15 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों से गुजरते हुए लगभग 10,000 किमी की दूरी तय करेगी। कुल 150 महिला सीआरपीएफ अधिकारी, तीन टीमों में विभाजित होकर, एक क्रॉस-कंट्री रैली में शामिल होंगी।

## रामबन में 300 करोड़ रुपये की कोकीन के साथ दो गिरफ्तार

जम्मू। पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में 300 करोड़ रुपये की कोकीन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मुकेश सिंह ने कहा, रविवार रात लगभग 10: 35 बजे रामबन के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहिता शर्मा के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम ने बनिहाल में रेलवे चौक पर हरियाणा में पंजीकृत एक वाहन को रोका।

उन्होंने कहा, वाहन कश्मीर से जम्मू की ओर आ रहा था। जांच के दौरान लगभग 30 किलोग्राम कोकीन बरामद की गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय काला बाजार में अनुमानित कीमत 300 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि इस सिलसिले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया और संबंधित धाराओं के



तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

उन्होंने कहा, यह अभियान एसएसपी रामबन और उनकी टीम द्वारा एकत्रित खुफिया जानकारी के आधार पर शुरू किया गया था। ड्रग तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में कुख्यात तस्करों के खिलाफ रामबन पुलिस पहले ही मामला दर्ज कर चुकी है।

एडीजीपी ने बताया कि रामबन जिले में 2022 में 104 और 2023 में अब तक 36 मामले दर्ज किए जा चुके हैं।

## सुरक्षा बलों ने मच्छल में हथियारों, गोला-बारूद के भंडार का भंडाफोड़ किया

एजेंसी

श्रीनगर। सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में हथियारों और गोला-बारूद के एक भंडार का भंडाफोड़ किया है।

पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कुपवाड़ा पुलिस और भारतीय सेना द्वारा चलाए गए संयुक्त अभियान में मच्छल के पॉशमार्गी इलाके में हथियारों और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया। बरामद हथियार और गोला-बारूद नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार से भारतीय सीमा लाए गए थे।

पुलिस के मुताबिक 30 सितंबर को



अपराह्न में संदिग्ध क्षेत्र में योजनाबद्ध अभियान शुरू हुआ। यह अभियान राष्ट्र-विरोधी तत्वों द्वारा उत्पन्न खतरे से निपटने के लिए शुरू किया गया था। कुपवाड़ा पुलिस और भारतीय सेना ने संयुक्त रूस से यह अभियान शुरू किया था।

तलाशी अभियान के दौरान एक प्राकृतिक गुफा से हथियारों और गोला-बारूद का खजाना मिला, जिसे अवैध रूप से नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार ले जाया गया था। हथियारों के जखीरे में 01 एके सीरीज राइफल, 4 एके मैगजीन, 02 यूबीजीएल (अंडर बैरल ग्रेनेड लॉन्चर) , 02 हैंडग्रेनेड, 26 यूबीजीएल ग्रेनेड, 7.62 मिमी एके गोला बारूद के 2088 राउंड, 01 साइलेंसर (ध्वनि दबानेवाला यंत्र), 900 ग्राम पीईके (पोटेशियम नाइट्रेट), 20 नंबर 27 डेटोनेटर तार के साथ 19 वाणिज्यिक डेटोनेटर, 02 बूस्टर चार्ज, 02 विस्फोटक उपकरण (सटीक प्रकार अभी तक निर्धारित नहीं किया गया है), 10 संशोधित तंत्र उपकरण, 4 9वी बैटरी, और 01 आईकॉम रेडियो सेट शामिल हैं।

खामियां

### एनएमसी ने कहा- सभी इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स की अटेंडेंस 50 फीसदी से भी कम

## देश के ज्यादातर मेडिकल कॉलेज में सिर्फ कागजों पर फैकल्टी

नई दिल्ली। देश में साल 2022-23 में ज्यादातर मेडिकल कॉलेज बिना प्रोफेसर के चलाए गए। यह जानकारी राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने रविवार 01 अक्टूबर को दी। उन्होंने बताया कि ज्यादातर कॉलेज की फैकल्टी सिर्फ कागजों पर हैं। वहीं, सभी इंस्टीट्यूट में स्टूडेंट्स की अटेंडेंस 50 प्रतिशत से भी कम रही है।

एनएमसी ने कहा कि मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट्स इमरजेंसी डिपार्टमेंट में ड्यूटी को ब्रेक के तौर पर मानते हैं। वे रोजाना वहां नहीं जाते। ऐसा इसलिए क्योंकि वहां केजुअल्टी मेडिकल ऑफिसर के अलावा उनसे बात करने के लिए कोई नहीं होता।

सत्यमेव जयते
राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग
National Medical Commission

एनएमसी ने एसोसिएशन ऑफ इमरजेंसी फिजिशियन ऑफ इंडिया की शिकायत पर जवाब देते हुए यह बातें कहीं। दरअसल, एईपीआई ने एनएमसी के नए मेडिकल कॉलेजों के लिए इमरजेंसी मेडिकल स्पेशलिस्ट की अनिवार्यता खत्म करने के फैसले के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी।

### नए मेडिकल कॉलेज में इमरजेंसी डिपार्टमेंट की अनिवार्यता खत्म

एनएमसी ने हाल ही में जारी की गई अपनी एक नोटिफिकेशन में नए मेडिकल कॉलेजों से इमरजेंसी डिपार्टमेंट की अनिवार्यता खत्म कर दी है। उन्होंने नए मेडिकल कॉलेज की मान्यता के लिए अनिवार्य 14 डिपार्टमेंट में से इसे बाहर कर दिया है। 22 सितंबर को उन्होंने कहा था- इस डिपार्टमेंट की असल तस्वीर बिल्कुल अलग है।

### खामियों के कारण 40 मेडिकल कॉलेजों ने मान्यता गंवाई

एनएमसी के तय किए गए स्टैंडर्ड का पालन नहीं करने पर पिछले दो महीनों में देश के करीब 40 मेडिकल कॉलेज मान्यता गंवा चुके हैं। तमिलनाडु, गुजरात, असम, पंजाब, आंध्र प्रदेश, पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल में करीब 100 और मेडिकल कॉलेजों पर भी ऐसी ही कार्रवाई की जा सकती है।

एनएमसी ने एक महीने से अधिक समय तक किए गए निरीक्षण के दौरान इन मेडिकल कॉलेजों में कई खामियां पाईं। सीसीटीवी कैमरे, आधार से जुड़ी बायोमेट्रिक एटेंडेंस प्रोसेस और फैकल्टी रोल में खामियां मिली हैं। ये कॉलेज सही कैमरा लगाने और उनके कामकाज सहित अन्य स्टैंडर्ड फॉलो नहीं कर रहे थे। बायोमेट्रिक सुविधा ठीक नहीं थी। कई डिपार्टमेंट्स में फैकल्टी पोजिशन की पोस्ट खाली मिलीं।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 2014 के बाद से मेडिकल कॉलेजों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। स्वास्थ्य राज्य मंत्री भारती प्रवीण पवार ने फरवरी में राज्यसभा को बताया था कि देश में 2014 में 387 मेडिकल कॉलेज थे, लेकिन अब 69 प्रतिशत इजाफे के साथ इनकी संख्या 654 हो चुकी है।

## मोदी 2 को ग्वालियर और 5 को जबलपुर प्रवास पर रहेंगे: विष्णुदत्त

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 अक्टूबर को ग्वालियर और 5 अक्टूबर को जबलपुर प्रवास पर रहेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मध्यप्रदेश के दौरे पर रहेंगे। मोदी 2 अक्टूबर को ग्वालियर और 5 को जबलपुर के प्रवास पर रहेंगे। उन्होंने बताया कि श्री मोदी ग्वालियर दौरे के दौरान प्रदेश के 19 हजार करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों एवं 5 अक्टूबर को जबलपुर प्रवास के दौरान प्रदेश में 12 हजार करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे।



नई दिल्ली
सोमवार 02 अक्टूबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### बिजली मंत्री के आवास पर कर्मचारियों का पड़ाव शुरू

सिरसा। ऑल हरियाणा पॉवर कॉर्पोरेशन वर्कर यूनियन ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर बिजली मंत्री रणजीत सिंह के कैंप कार्यालय सिरसा पर पड़ाव शुरू कर दिया है। रविवार को कुरुक्षेत्र सर्कल के कार्यकर्ताओं ने पड़ाव में भाग लिया। राज्य कमेटी चेयरमैन देवेन्द्र सिंह हुड्डा ने कहा कि यूनियन की मांगों को लेकर आज शुरू हुआ पड़ाव आगामी 21 अक्तूबर तक चलेगा व 22-23 अक्तूबर को विशाल आक्रोश प्रदर्शन किया जायेगा। यूनियन के चेयरमैन देवेन्द्र हुड्डा व राज्य प्रधान सुरेश राठी ने बताया कि बीती 28 सितंबर को बिजली मंत्री ने यूनियन की वार्ता समिति के साथ बातचीत की। यूनियन ने अपनी सभी 16 मांगों को विस्तार से मीटिंग में रखा। परन्तु मीटिंग में बिजली निगमों के ए सी एस ए के सिंह ने शुरू से ही उपेक्षापूर्ण व्यवहार किया और यूनियन के मांगपत्र का उपहास उड़ाया। वार्ता समिति के द्वारा बिजली कर्मचारियों की समस्याओं, विभाग को बचाने, भ्रष्टाचार को रोकने व जनहित में बिजली उत्पादन बढ़ाने आदि मांगों को मजबूती के साथ बिजली मंत्री व निगमों की मैनेजमेंट के सामने रखा गया।

### ट्रक से शराब का जखीरा बरामद

सिरसा। हरियाणा में सिरसा जिला की एंटी नारकोटिक्स सेल, ऐलनाबाद पुलिस टीम ने एक सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए डबवाली रोड स्थित गांव मीरपुर से देशी शराब से भरे हुए ट्रक को चालक सहित काबू करने में सफलता हासिल की है। फिलहाल पकड़े गए ट्रक चालक के खिलाफ थाना सदर सिरसा में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर लिया है। शराब का उपरोक्त जखीरा कहां से लाया गया ओर कहां जाना था इस पर कोई पुलिस अधिकारी मुंह खोलने को तैयार नहीं है। इस संबंध में विज्ञप्ति जारी करते हुए एंटी नारकोटिक सेल, ऐलनाबाद पुलिस टीम के प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार ने बताया कि पकड़े गए ट्रक चालक की पहचान संतलाल पुत्र बनवारी लाल निवासी गांव बड़ोपल जिला फ तेहाबाद के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि एक पुलिस टीम नाकाबंदी के दौरान डबवाली रोड पर मीरपुर क्षेत्र में मौजूद थी। इस दौरान पुलिस पार्टी को महत्वपूर्ण सूचना मिली कि सिरसा की तरफ से अवैध शराब से भरा हुआ एक ट्रक आ रहा था।

### 'इंडिया' ब्लॉक पंजाब कांग्रेस नेता की गिरफ्तारी के बाद टूट जाएगा: ठाकुर

ऊना (हिमाचल प्रदेश)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को कहा कि विपक्षी दलों का गुट इंडिया ब्लॉक पंजाब कांग्रेस नेता की गिरफ्तारी के तुरंत बाद टूट जाएगा और नरेंद्र मोदी दोबारा प्रधानमंत्री बनेंगे। ठाकुर निर्माणाधीन पीजीआई सैटेलाइट सेंटर (पीजीआईएससी) के दौरे पर आए और काम की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मंत्री ने यह भी स्वीकार किया कि पीजीआईएससी के निर्माण कार्य में कुछ कारणों से देरी हुई है जो जल्द ही समाप्त हो जाएगा। ठाकुर रविवार से ऊना और हमीरपुर जिले के दो दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने कहा कि मार्च 2024 तक पीजीआई सैटेलाइट सेंटर ऊना में ओपीडी शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने भारत और कनाडा के बीच चल रहे तनाव पर विदेश मंत्री एस जयशंकर की नीतियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री इस मामले में सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। भारतीय हितों की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने दावा किया कि पंजाब कांग्रेस नेता सुखपाल सिंह खैरा की गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस और आप के बीच तनाव बढ़ गया है और भविष्य में यह टकराव और बढ़ने वाला है।

### अनुसूचित जाति के लोगों को मिलेगा 5 लाख का कर्ज

जालंधर। पंजाब सरकार के पंजाब अनुसूचित जाति भूमि विकास एवं वित्त निगम ने अनुसूचित जाति (एससी) के लोगों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के उद्देश्य से 'सीधा कर्जा योजना' शुरू की है। जिला उपायुक्त विशेष सारंगल ने रविवार को बताया कि यह योजना मुख्यमंत्री पंजाब भगवंत मान के निर्देशानुसार पंजाब अनुसूचित जाति भूमि विकास और वित्त निगम द्वारा शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति (एससी) के व्यक्ति जो अपना नया व्यवसाय जैसे डेयरी फार्म, किरयाना दुकान, बुटीक कार्य, ब्यूटी पार्लर, कपड़े का कार्य, बकरी पालन आदि शुरू करना चाहते है या अपने पुराने काम को बढाना चाहते है, वे इस योजना अधीन 5 लाख का ऋण प्राप्त कर सकते है। उन्होंने कहा कि इस योजना अधीन अनुसूचित जाति के व्यक्तियों, जिनकी वार्षिक आय 2.50 लाख रुपये से कम है और जो सब्सिडी के योग्य है, को ऋण राशि का 50 प्रतिशत या 50,000 रुपये जो भी कम हो, की सब्सिडी दी जाती है। इस योजना अधीन 50,000 रुपये तक के ऋण पर ब्याज दर पांच प्रतिशत और 50,000 रुपये से अधिक के ऋण पर ब्याज दर आठ प्रतिशत है।

### हाइवा और ऑटो रिक्शा के बीच टक्कर, तीन की मौत

भागलपुर। बिहार में भागलपुर जिले के इस्माइलपुर थाना क्षेत्र में नवगछिया-भागलपुर मुख्य मार्ग पर आज हाइवा ट्रक और ऑटो रिक्शा के बीच हुए टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि मृतकों की पहचान सुजीत कुमार (26 वर्ष), गप्पू सिंह (32 वर्ष) एवं मो. अजीम के रुप में हुई है। सभी खगड़िया जिले के परबत्ता क्षेत्र का रहने वाला था। सूत्रों ने बताया कि हादसे के समय सभी लोग ऑटो रिक्शा से भागलपुर जा रहे थे तभी परबत्ता क्षेत्र के जाह्नवीं चौक के पास सामने से तेज़ी से आए एक हाइवा ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मो अजिम की मौत मौके पर ही हो गई। सूत्रों ने बताया कि गंभीर रुप से घायल चार लोगों को स्थानीय पुलिस के सहयोग से भागलपुर के जवाहरलाल नेहरु मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान सुजीत कुमार एवं गप्पू सिंह की मौत हो गई। जबकि अन्य दो का इलाज चल रहा है। हादसे के बाद हाइवा ट्रक का चालक वाहन सहित फरार हो गया। इधर, पुलिस ने ऑटो रिक्शा को अपने कब्जे में लेने के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### राष्टपिता महात्मा गांधी का जीवन सादगी एवं स्वच्छता का प्रतीक था : राज्यपाल

रांची। झारखंड के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने आज रांची विश्वविद्यालय, रांची के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित 'स्वच्छता ही सेवा''एक तारीख एक घंटा श्रमदान' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जीवन सादगी एवं स्वच्छता का प्रतीक था। राज्यपाल ने आज कहा कि स्वच्छता का तात्पर्य बाहरी स्वच्छता के साथ-साथ आंतरिक स्वच्छता से भी है। गांधी का मानना था कि स्वस्थ समाज के लिए स्वच्छ वातावरण आवश्यक है। यह संदेश जन-जन तक पहुंचे, इसके लिए माननीय प्रधानमंत्री ने इस अभियान का शुभारंभ किया है। राज्यपाल ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता के प्रति अन्य को प्रेरित करने के साथ सदैव स्वयं के जीवन में भी अंगीकृत किया। उन्होंने स्वच्छता के साथ अपरिग्रह का भी संदेश दिया था। अपरिग्रह से हमारा अंत:करण स्वच्छ होता है। उनका मानना था कि व्यक्ति की इच्छाएं असीम व अनंत है। इसपर नियंत्रण रखने के लिए एवं शांतिपूर्वक जीवन जीने के लिए अपरिग्रह का होना आवश्यक है। अपरिग्रह में स्वयं का श्रम के साथ-साथ समाज के प्रति निष्काम कर्म का भाव निहित है।

### गैस गोदाम से चोरी का मामला, चार गिरफ्तार

छपरा। बिहार में सारण जिले के भेल्दी थाना क्षेत्र में एक गैस गोदाम में हुए चोरी की मामले का उद्भेदन जिला पुलिस ने किया है। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव मंगला ने रविवार को यहां बताया कि 13 अगस्त को भेल्दी थाना क्षेत्र के इंडियन ग्रामीण गैस वितरण एजेंसी के गोदाम का ताला काटकर चोरो ने गैस सिलेंडर, पानी का मोटर, चौकी, टेबल, कुर्सी और रजिस्टर की चोरी कर ली थी। जिसकी प्राथमिकी दर्ज करने के बाद चोरों को पकड़ने के लिए एक टीम का गठन किया गया था। डॉ. मंगला ने बताया कि मामले में बेगूसराय जिला पुलिस के सहयोग से बेगूसराय जिले के महम्मदपुर मोहल्ला से आदित्य राज, कुंदन कुमार, यशवंत कुमार और अंकित कुमार को गिरफ्तार कर चोरी किए गए 17 गैस सिलेंडर, चौकी, दो कुर्सी, 12 टीन सरसों का तेल और मोबाइल बरामद किया है।

# हिमाचल के किन्नौर में फिर लैंडस्लाइड

## देश दुनिया से कटा पूरा ट्राइबल जिला; पहाड़ी से चट्टानें गिरने से सैकड़ों वाहन फंसे



**शिमला।** हिंदुस्तान-तिब्बत बॉर्डर को जोड़ने वाले नेशनल हाईवे-5 पर हिमाचल के किन्नौर के निगुलसरी में रविवार सुबह फिर से भारी लैंडस्लाइड हो गया।

इससे समूचे किन्नौर जिले का शेष देश दुनिया से संपर्क कट गया। हाइवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गई हैं। निगुलसरी में एनएच-5 बंद होने से सैकड़ों पेटी सेब और मटर की फसल टापरी मंडी और ट्रकों में फंस गई है। इससे बागवानों की चिंताएं बढ़ गई है। लोक निर्माण विभाग सड़क की बहाली में जुटा हुआ है, लेकिन पहाड़ी से बार बार गिर रहे पत्थर इसमें बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। इससे पहले भी बीते छह और सात सितंबर को यहां भारी लैंडस्लाइड हुआ था और सड़क का करीब 400 मीटर हिस्सा धंस गया था। उस दौरान हाईवे 11 दिन तक बंद रहा। दिन-रात सड़क बहाली का काम किया गया। तब जाकर सड़क को खोला गया।

### दैनिक उपभोग की वस्तुओं की सप्लाई ठप

सड़क बंद होने से आज किन्नौर जिले में दैनिक उपभोग की खाद्य वस्तुएं दूध, दही, ब्रेड, मक्खन, सब्जियों इत्यादि की सप्लाई भी नहीं पहुंच पाई।

किन्नौर जिले के निचले व मध्यम ऊंचाई वाले इलाकों में इन दिनों सेब के साथ साथ मटर की फसल भी पूरी तरह तैयार है। खासकर मटर को चार पांच दिन देरी से मंडियों में पहुंचा तो इससे सड़ने का डर बना रहता है।

# बारामूला में पुलिस ने 403 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया

## 12 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ बरामद


**श्रीनगर।** पुलिस ने इस साल जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में 403 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 12.28 करोड़ रुपये की ड्रग बरामद की है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 30 सितंबर तक पुलिस ने नारकोटिक्स ड्रग एंड फोटोट्रॉफिक सब्सटेंस अधिनियम के तहत 231 मामले दर्ज किए हैं, जिसके कारण 403 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें 62 कुख्यात ड्रग तस्कर शामिल हैं। इन लोगों के खिलाफ पीआईटी एनडीपीएस पीएसए के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसके अतिरिक्त ड्रग तस्करों की 2.1 करोड़ रुपये की संपत्ति भी कुर्क की गई है, जिनमें तीन घर, तीन वाहन और 1.2 करोड़ रुपये की नकदी शामिल है। जब्त किए गए मादक पदार्थ में 3.47 करोड़ रुपये मूल्य की 2.670 किलोग्राम ब्राउन शुगर, 5.96 करोड़ रुपये मूल्य की 4.262 किलोग्राम हेरोइन, 56.22 लाख रुपये मूल्य की 11.245 किलोग्राम चरस तथा 1.16 करोड़ रुपये की कीमत के 194.492 किलोग्राम अनार का भूसा और भांग का पाउडर शामिल है।

## बीआरएस नेता कासिरेड्डी ने पार्टी से दिया इस्तीफा

हैदराबाद। तेलंगाना में सत्तारुढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधान परिषद सदस्य कासिरेड्डी नारायण रेड्डी ने कांग्रेस में शामिल होने का इरादा व्यक्त करते हुए रविवार को पार्टी से अपना इस्तीफा दे दिया। नारायण रेड्डी ने सुबह अपने आवास पर तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष, सांसद एन. रावेंथा रेड्डी, के साथ बैठक की और उसके बाद अपना औपचारिक त्याग पत्र जारी किया। उन्होंने अपने बयान में कांग्रेस में शामिल होने के अपने फैसले को पार्टी की छह गारंटियों में उनके विश्वास का परिणाम बताया। इन गारंटियों के बारे में उनका मानना है कि इससे वंचितों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएंगे। ऐसी अटकलें चल रही हैं कि वह कलवाकुर्थी निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ सकते हैं। एक अन्य घटनाक्रम में, नगरकुर्नूल जिला परिषद के उपाध्यक्ष बालाजी सिंह ने भी कांग्रेस के साथ जुड़ने के अपने इरादे की घोषणा करते हुए बीआरएस से नाता तोड़ लिया। इस बीच मेडक जिला कांग्रेस अध्यक्ष तिरूपति रेड्डी ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है।

# भ्रष्टाचार के आरोप में दो वरिष्ठ पुलिस अधिकारी निलंबित

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने रविवार को एक पुलिस उपाधीक्षक सहित दो वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया जिन्हें पिछले सप्ताह भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।




निलंबित अधिकारियों में सहायक पुलिस अधीक्षक बडगाम गौहर अहमद खान और पुलिस उपाधीक्षक आदिल मुश्ताक शामिल हैं, जिन्हें कथित भ्रष्टाचार के आरोप में 21 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने आदिल मुश्ताक मामले की जांच के लिए दक्षिण शहर के पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। प्रशासन की ओर से जारी आदेश के मुताबिक जम्मू-कश्मीर सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1956 के नियम 31(1) के संदर्भ में, उनके आचरण की जांच लंबित रहने तक, बडगाम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री गौहर अहमद खान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

आदेश में कहा गया है,यह आदेश दिया गया है कि निलंबन की अवधि के दौरान अधिकारी जोनल पुलिस मुख्यालय कश्मीर से जुड़े रहेंगे।

इसी तरह, डीएसपी आदिल मुश्ताक के बारे में सरकार ने कहा कि उन्हें भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 से संबंधित एक मामले में उनकी गिरफ्तारी की तारीख 21 सितंबर, 2023 से निलंबित माना जाता है।

आदेश में कहा गया,जम्मू और कश्मीर सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण और अपील) नियम, 1956 के नियम 31(2) के संदर्भ में, आदिल मुश्ताक, पुलिस उपाधीक्षक को निलंबित माना जाएगा। यह आदेश 21 सितंबर, 2023 से प्रभावी माना जाएगा।

# अरुणाचल में नाबालिग का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में आरजीयू शिक्षक गिरफ्तार

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश में दोईमुख के रोनो हिल्स में राजीव गांधी विश्वविद्यालय (आरजीयू) परिसर में एक छह वर्षीय लड़की का कथित रुप से यौन उत्पीड़न करने के आरोप में उसके पड़ोसी को गिरफ्तार किया गया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को कहा कि कथित आरोपी की पहचान आरजीयू के वाणिज्य विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. फिलिप मोदी के रूप में की गई है और उसे घटना के एक दिन बाद गिरफ्तार किया गया।

ईटानगर के पुलिस अधीक्षक रोहित राजबीर सिंह ने कहा कि यह घटना 24 सितंबर को हुई जब पीड़िता आरोपी के घर गई, जो आरजीयू परिसर में उसका पड़ोसी है।

बच्ची ने बाद में अपने माता-पिता को आपबीती सुनाई, जिन्होंने 25 सितंबर को ईटानगर महिला पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज की और आरोपी



को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया।

सिंह ने कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 376 और पॉक्सो अधिनियम, 2012 की धारा 4 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

इस बीच, अरुणाचल प्रदेश महिला कल्याण सोसाइटी (एपीडब्ल्यूडब्ल्यूएस) ने आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई की सराहना की है और पुलिस से इस मामले की गहन जांच करने का आग्रह किया है।

एपीडब्ल्यूडब्ल्यूएस की अध्यक्ष कानी नाडा मालिंग ने आज एक बयान में कहा कि हम आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हैं और उनसे इस मामले में गहन जांच सुनिश्चित करने का आग्रह करते हैं जिससे कोई चूक न हो।

उन्होंने यह भी कहा कि एपीडब्ल्यूडब्ल्यूएस राज्य में बच्चों के यौन उत्पीड़न के मामलों की बढ़ती संख्या के बारे में बहुत चिंतित है। यह जानकर निराशा होती है कि उच्च पदों पर बैठे लोग इस तरह के जघन्य कृत्यों में फंसते जा रहे हैं।

इन घटनाओं के कारण बच्चे और उनके परिवार अकल्पनीय मनोवैज्ञानिक आघात से गुजरते हैं जो जीवन भर चल सकता है।

एपीडब्ल्यूडब्ल्यूएस ने राज्य सरकार से अरुणाचल प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एपीएससीपीसीआर) की नई टीम की स्थापना करने के लिए त्वरित कार्रवाई करने का भी अनुरोध किया।

## सरिस्का अभयारण्य तीन महिनों के बाद रविवार से पर्यटकों के लिए खुला

अलवर। राजस्थानर में अलवर जिले का सरिस्का अभयारण्य रविवार से तीन महीनों बाद पर्यटकों के लिए खुल गया। सरिस्का प्रशासन ने इस अवसर पर तिलक लगाकर पर्यटकों का स्वागत किया। पहले दिन ही पर्यटकों को टाइगर का दीदार हो गया जिसे देख पर्यटक रोमांचित हो गए। पर्यटकों ने टाइगर को अपने कैमरे में कैद किया। रविवार की छुट्टी होने के कारण बड़ी तादात में पर्यटक सरिस्का पहुंचे। सुबह की पारी में करीब 1500 पर्यटकों ने सफारी की। सफारी के दौरान पर्यटकों में आज काफी उत्साह देखा गया। इस दौरान सरिस्का भ्रमण करने आए सैलानियों को बाघ एसटी 21 उर्फ युवराज की जोरदार साइटिंग हुई जिसे देखकर सभी पर्यटक कुछ नजर आए। सरिस्का प्रशासन का मानना है कि अबकी बार सरिस्का में काफी संख्या में पर्यटकों के पहुंचने की उम्मीद है।

# दुर्गा पूजा से पहले अगरतला को मुंबई से जोड़ने की तैयारी

एजेंसी

**अगरतला।** त्रिपुरा सरकार के जवाब में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने लोकमान्य तिलक-कामाख्या साप्ताहिक एक्सप्रेस की ट्रेन सेवा को अगरतला तक विस्तारित करने की योजना की घोषणा की है। यह ट्रेन वर्तमान में मुंबई को उसके गंतव्य गुवाहाटी से जोड़ती है।

परिवहन सचिव यू.के. चकमा ने यहां कहा कि अगरतला रेलवे स्टेशन से ट्रेन सेवा 20 अक्टूबर को होने वाली दुर्गा पूजा से पहले शुरू होने की उम्मीद है।अगरतला तक एक्सप्रेस ट्रेन सेवा के विस्तार के साथ प्रदेश देश के सभी महत्वपूर्ण गंतव्यों से जोड़ दिया गया है, जिसमें सभी चार मेट्रो शहरों, कोलकाता, दिल्ली, चेन्नई और मुंबई के लिए सीधी ट्रेनें शामिल हैं।

अगरतला से तेजस और हमसफ़र एक्सप्रेस सहित 11 एक्सप्रेस ट्रेनें चल रही । अगरतला से बंगलादेश की राजधानी ढाका और कोलकाता के लिए एक अंतरराष्ट्रीय ट्रेन मार्ग साल के अंत तक चालू होने की संभावना है। श्री चकमा ने कहा कि केंद्र सरकार ने धर्मनगर, कुमारघाट और उदयपुर को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बनाने के लिए 96.60 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं।

तय कार्यक्रम के अनुसार साप्ताहिक लोकमान्य तिलक-कामाख्या एक्सप्रेस प्रत्येक गुरुवार को सुबह 6 बजे अगरतला से अपनी यात्रा शुरू करेगी, और 55 घंटे की यात्रा के बाद पूरी तरह से वातानुकूलित (एसी)यह ट्रेन मुंबई पहुंचेगी और फिर हर रविवार को 7.50 बजे सुबह ट्रेन मुंबई से गुवाहाटी होते हुए अगरतला तक अपनी वापसी यात्रा शुरू करेगी।

मुंबई के रास्ते में ट्रेन अगरतला और गुवाहाटी के बीच सात स्टेशनों- अंबासा, धर्मनगर, बदरपुर, न्यू हाफलोंग, लुमडिंग, होजई और चपरमुख पर रुकेगी।

## ईमानदारी व समर्पण भाव से कार्य करें नवनियुक्त सहायक अभियंता: सुक्खू

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने 55 नवनियुक्त सहायक अभियंताओं के साथ बातचीत की। मुख्यमंत्री ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा अपने बहुमूल्य विचार साझा किए। इन अभियंताओं में से 43 हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड, 10 हिमाचल प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड तथा दो ऊर्जा विभाग में सेवा प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री ने अभियंताओं को लोगों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए ईमानदारी तथा समर्पण भाव से कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि ऊर्जा तथा पर्यटन क्षेत्र प्रदेश की आर्थिकी सुदृढ़ करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं, जिससे हिमाचल प्रदेश एक आत्मनिर्भर राज्य बनेगा। प्रदेश सरकार राज्य की सम्भावित जल विद्युत ऊर्जा क्षमता के दोहन के लिए समर्पित है।

# ओडिशा एसटीएफ ने दो फरार ड्रग तस्करों को पकड़ा

भुवनेश्वर। ओडिशा पुलिस की विशेष टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने खुफिया सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान दो फरार ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है।

एसटीएफ सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि पिछले 29 सितंबर को खोरधा में एसटीएफ और बीबीएसआर की एक टीम ने छापेमारी की थी और फरार ड्रग तस्कर मोहम्मद सदाम को 2022 के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था जिसमें प्रतिबंधित ब्राउन शुगर (तीन किलोग्राम), तीन 7 मिमी पिस्तौल, सात मैगजीन और सात मिमी गोला बारूद के 43 राउंड के अलावा अन्य आपत्तिजनक सामग्री आरोपी व्यक्तियों के कब्जे से जब्त की गई।

छापेमारी के दौरान मो सदाम मौके से फरार हो गया। वह आरोपी व्यक्ति सिबा प्रसाद दास को हथियारों और गोला-बारूद का मुख्य आपूर्तिकर्ता था। एसटीएफ सूत्रों ने बताया कि सदाम को शनिवार को न्यायाधीश, नयागढ़ जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-विशेषज्ञ की अदालत में भेज दिया गया।

इसी तरह, 2021 में एक अन्य मामले में, एसटीएफ टीम एक अन्य फरार आरोपी चितरंजन बेहरा को गिरफ्तार करने में कामयाब रही, जिस मादक पदार्थ निरोधक अधिनिम के तहत मामला दर्ज किया गया था।

गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ की टीम ने छापेमारी के दौरान चितरंजन को गिरफ्तार कर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-विशेषज्ञ की अदालत में ने जेल भेज दिया।


दिसंबर 2021 में एसटीएफ कर्मियों ने आरोपी व्यक्तियों के कब्जे से प्रतिबंधित ब्राउन शुगर (1090 ग्राम) और अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की थी।

हालांकि छापेमारी के दौरान चितरंजन भागने में सफल रहा. एसटीएफ ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

# विश्व भर के अग्रणी उद्योगपति पंजाब का रुख करने लगे : मान

राजपुरा ( पटियाला)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने रविवार को कहा है कि राज्य सरकार की कोशिशों से दुनिया भर के अग्रणी उद्योगपति अब राज्य का रुख करने लगे हैं।

नीदरलैंड आधारित केटल फीड प्लांट का नींव पत्थर रखने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि रिवायती फसलों की खेती कर रहे पंजाब और हरियाणा के किसान



फ़सली विभिन्नता के लिए नये रास्ता तलाश रहे हैं या वह बेहतर कमाई के लिए बाग़बानी, डेयरी, मुर्ग़ी पालन, मछली पालन, सूअर पालन और अन्य पेशों की तरफ जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पशुओं की फीड बनाने वाली दुनिया भर की 10 अग्रणी कंपनियों में से एक डी हियूज़ ने यहाँ प्लांट स्थापित करने जा रही है और 138 करोड़ रुपए की लागत से राजपुरा में बन रहे इस प्लांट से ऐसे किसानों की उम्मीदें जगीं हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि बेहतरीन प्रौद्यौगिकी के आने से किसानों की आय में विस्तार होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नीदरलैंड की किसी एक कंपनी का पंजाब में पहला बड़ा निवेश है। उन्होंने कहा कि नीदरलैंड को विश्व भर में कृषि उत्पादों का सबसे बड़ा निर्यातक माना जाता है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह प्लांट पशुओं के लिए हरेक तरह के उत्पाद बनाऐगा, जिनमें कम्पाउंड फीड, कनस्टरेटस, बेस मिक्स और डेयरी मिनरल मिक्स शामिल हैं।

# आईजीएमसी सुरक्षा कर्मियों ने ठप्प किया काम, बैठे हड़ताल पर

शिमला। हिमाचल प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल आईजीएमसी में सुरक्षा कर्मियों और प्रशासन के बीच विवाद बढ़ गया है आईजीएमसी में सिक्योरिटी को लेकर हुए नए टेंडर में 34 सुरक्षा गार्ड्स को निकाल दिया गया है।



शनिवार देर रात जारी की गई लिस्ट में 34 सुरक्षा कर्मियों को निकाल दिया गया है। उसके बाद आईजीएमसी में माहौल गरमा गया है रविवार सुबह से ही आईजीएमसी में सुरक्षा गार्ड्स ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और काम ठप्प कर दिया है। कोई भी सुरक्षा गार्ड कहीं भी वार्ड में ड्यूटी पर नहीं गया और अपने कार्यालय के बाहर प्रदर्शन पर बैठ गया है।

बताया जा रहा है कि यह विवाद और बढ़ जाएगा निकाले गए गार्डो के समर्थन में सीटू भी प्रदर्शन कर सकता है। महिला सुरक्षाकर्मी श्रेया ने कहा कि हमारे साथी सुरक्षा कर्मियों को बिना किसी कारण काम से निकाल दिया गया है। अस्पताल में नए टेंडर किये गए लेकिन कुछ सुरक्षा कर्मियों को नए टेंडर में शामिल न करते हुए नौकरी से निकाल दिया गया है। उन्होंने कहा कि हम सभी सुरक्षा कर्मी नए टेंडर का विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि यहां सुरक्षा कर्मी 14 वर्षों से काम कर रहे थे उन्हें बिना नोटिस दिए कार्य से निकाल दिया।

प्रशासन यह बताए कि उन्हें किस कारण से नौकरी से बाहर निकाला गया। उन्होंने कहा कि वह उस समय तक कार्य पर नही जाएंगे जब तक सभी सुरक्षा कर्मियों को कार्य पर नही रखा जाता । उन्होंने कहा कि उनकी यह हड़ताल जारी रहेगी जब तक उनकी मांग नही मानी जाती।

# गैस सिलेंडर लीक होने से भड़की आग, चार साल के मासूम की मौत

शिमला। हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिला के पच्छाद उपमंडल की जयहर पंचायत में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां गैस सिलेंडर लीक होने से रसोई में आग भड़क गई। जिसकी चपेट में आने से चार वर्षीय बच्चे की मौत हो गई।

घटना जयहर पंचायत के चाकली गांव की है। वीरवार दोपहर घर में एक कार्यक्रम की तैयारी चल रही थी। इसको लेकर घर में मेहमानों के लिए खाना बनाया जा रहा था थे। इसी बीच गैस सिलेंडर लीक होने से रसोई में अचानक आग लग गई। आग लगते ही परिवार के सदस्य रसोई से बाहर की तरफ भागे, लेकिन इस बात का अंदाजा नहीं हुआ कि 4 वर्षीय नमन पंवार भीतर ही फंस गया है। थोड़ी ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इसी दौरान मासूम बच्चे के पिता नेकराम ने नमन को निकालने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी भयानक थी कि बच्चा बुरी तरह से झुलस गया था।

## ट्रक से 30 लाख की चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

अजमेर। राजस्थान में अजमेर की गेगल थाना क्षेत्र में 30 लाख रूपये कीमत के सरियों से भरे ट्रक चोरी जाने के मामले में पुलिस ने खुलासा करते हुये एक आरोपी को गिरफ्तार किया हैं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा ने आज पत्रकारों को बताया कि 28 सितंबर को पीड़ित ट्रक चालक मुमताज़ ने गेगल थाने में सरिये से भरे ट्रक चोरी जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई।

## शार्ट न्यूज

### सभी रामलीला कमेटियों ने दशहरे के दिन चौथा पुतला सनातन विधोरियों का जलाने का निर्णय किया

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आज प्रात: रामलीला महासंघ दिल्ली के अध्यक्ष अर्जुन कुमार से बात कर अनुरोध किया कि सभी रामलीला आयोजक सनातन धर्म विरोधी नेताओं का पुतला दहन करें। इस संदर्भ में दिल्ली भाजपा के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने रामलीला महासंघ के अध्यक्ष अर्जुन कुमार एवं दिल्ली धार्मिक महासंघ के अध्यक्ष धीरज धर गुप्ता को पत्र लिखकर दशहरे के दिन सनातन धर्म विरोधियों का पुतला दहन करने की अपील की थी। रामलीला महासंघ ने अर्जुन कुमार की अध्यक्षता में आज अपनी बैठक में सर्वसम्मति से भारतीय जनता पार्टी के अनुरोध को स्वाकीर किया और दशहरे के दिन चौथा पुतला सनातन विधोरियों का जलाने का निर्णय लिया। धीरज धर गुप्ता, अध्यक्ष दिल्ली धार्मिक महासंघ ने 10 दिन पूर्व ही दिल्ली भाजपा की सनातन धर्म विरोधियों का पुतला दहन की मांग को स्वीकार कर लिया था। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने धीरज धर गुप्ता एवं अर्जुन कुमार और दिल्ली धार्मिक महासंघ एवं रामलीला महासंघ, दिल्ली का भारतीय जनता पार्टी का प्रस्ताव स्वीकार कर दशहरे के दिन सनातन धर्म विरोधियों का पुतला दहन करने के निर्णय का स्वागत किया है।

### एनएचपीसी द्वारा 'स्वच्छता पखवाड़ा- स्वच्छता ही सेवा 2023' के अंतर्गत श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन



एनएचपीसी द्वारा 'स्वच्छता पखवाड़ा- स्वच्छता ही सेवा 2023' के अंतर्गत दिनांक 01 अक्टूबर, 2023 को स्वच्छता अभियान हेतु श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनएचपीसी के निदेशक (कार्मिक) श्री उत्तम लाल के नेतृत्व में एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने फरीदाबाद के बुढ़िया नाला पर बने ऐतिहासिक मुगल ब्रिज, संतोष नगर में और इसके आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाकर श्रमदान किया। श्रमदान कार्यक्रम के दौरान एनएचपीसी कार्मिकों के साथ-साथ स्कूली बच्चों तथा स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़ श्रमदान किया। इस अवसर पर श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) ने स्कूली बच्चों और स्थानीय लोगों को स्वच्छता जागरूकता का संदेश देते हुए आसपास के क्षेत्रों को साफ सुथरा रखने को भी कहा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर उन्हें श्रद्धांजली देने हेतु एनएचपीसी द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनएचपीसी द्वारा अपने निगम मुख्यालय सहित सभी कार्यस्थलों में 'स्वच्छता पखवाड़ा- स्वच्छता ही सेवा 2023' अभियान 15 सितंबर से 02 अक्टूबर 2023 तक मनाया जा रहा है।

### ग्रेटर नोएडा में घर खरीदारों ने किया प्रदर्शन

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के ग्रेनो वेस्ट में घर खरीदने 42 में हफ्ते भी प्रदर्शन किया। यह लोग पिछले 42 रविवार से प्रदर्शन करते हुए आ रहे हैं। रविवार को यह सभी लोग इकट्ठा हुए और बिसरख थाना क्षेत्र के एक मूर्ति गोल चक्कर पर इन लोगों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। 42वें हफ़्ते भी घर ख़रीदारों ने हल्ला बोल प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में घर खरीदार एक मूर्ति पर जमा हुए और सरकार से रजिस्ट्री जल्द शुरु करवाने और रुके प्रोजेक्ट के काम की शुरुआत की मांग की। नेफ़ोवा अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने कहा है कि अगर हमारी मांगों की इसी तरह अनदेखी की गई तो मजबूरी में अथॉरिटी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि लगातार सरकार के सामने हम अपनी बात रखते रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होने निराश हैं। आंदोलन में अहम भूमिका निभा रहे योगेश देवगन, राजकुमार, समीर भारद्वाज, संजय साह, रोहित मिश्रा, रंजना भारद्वाज, अनुपमा मिश्रा, शशि रंजन कुमार, अनिल रात्रा, विभूति चौरसिया का कहना है कि आंदोलन शांतिपूर्ण तरीके से हर रविवार को तब तक जारी रहेगा जब तक घरों की रजिस्ट्री और पज़ेशन शुरु नहीं हो जाते। सरकार ने ही कहा था कि अमिताभ कांत कमेटी की सिफ़ारिशों पर अमल करेंगे। अब रिपोर्ट आ गई फिर क्यों देरी की जा रही है। आंदोलन में लगातार शामिल हो रहे सुधांशु किशोर, ज्योति जायसवाल, शशि भूषण, पुरुषोत्तम, राकेश झा सहित कई घर ख़रीदारों का कहना है कि सरकार इस मुद्दे को इतने समय से क्यों लटका रही है ?

### बिल्डर के खिलाफ निवासियों ने किया प्रदर्शन

गौतम बुद्ध नगर। पेड़ पौधों को नुकसान पहुचने पर ग्रेटर नोएडा वेस्ट में बिल्डर के खिलाफ स्थानीय निवासियों ने जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शन करने वाले लोगों ने कहा कि बिल्डर ने गलत तरीके से पेड़ों को काटा है। जिनमें से 50 पौधों को बिल्कुल खत्म कर दिया है। इसी मांग को लेकर और स्थानीय निवासियों ने ग्रेनो वेस्ट में गुलशन बिल्डर के दफ्तर के बाहर जमकर प्रदर्शन किया। अजनारा होम सोसाइटी में रहने वाले दिनकर पांडे ने बताया कि 2 दिन पहले खुद को प्राधिकरण कर्मचारी बताकर सेक्टर 16 बी में पेड़ों की छटाई कर दी गई। काफी पेड़ों को तो इस दौरान खत्म ही कर दिया गया। उन्होंने बताया कि करीब से 100 पेड़ों की बिना किसी की परमिशन भी यहां पर छटाई की गई है। इसको लेकर हमने प्राधिकरण में शिकायत की, जिसके बाद प्राधिकरण की तरफ से बिल्डर को नोटिस भेजा गया है और कार्रवाई की बात कही गई है। पेड़ों की अवैध तरीके से छटाई करने को लेकर रविवार को नेफोवा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट के अन्य निवासियों ने गुलशन बिल्डर के दफ्तर पर जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान इन लोगों ने कहा कि बिल्डर ने उन लोगों की 10 वर्षों की मेहनत को बेकार कर दिया है। उन्होंने बिल्डर को प्रकृति का दुश्मन बताया और कहा कि पिछले 10 वर्षों से लगातार हम लोग इन पेड़ों की देखभाल कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यहां पर पेड़ों की छटाई के नाम पर पेड़ों को बेकार कर दिया गया है।

# गोपाल राय ने आजादपुर मंडी का लिया जायजा

## 45 दिन में ठीक होगा क्षतिग्रस्त शेड : राय



नई दिल्ली। दिल्ली के विकास मंत्री गोपाल राय आग लगने की घटना का जायजा लेने रविवार को आजादपुर मंड पहुंचे। उनके साथ मंडी के अधिकारी, डैम के सदस्य व आजाद पुर मंडी के पूर्व अध्यक्ष आदिल अहमद खान सहित अन्य मौजूद रहे। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि आग लगने की घटना को लेकर जांच का आदेश दे दिया गया है। व्यापारी संगठनों की मांग को देखते हुए क्षतिग्रस्त शेड के व्यापारियों को कुछ दिनों के लिए दूसरे शेड में शिफ्ट करने का आदेश दिया है। साथ ही 45 दिनों के भीतर शेड की मरम्मत का काम पूरा करने का निर्देश भी सचिव को दिया। मंडी के शेड के अंदर फायर सिस्टम लगाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

मंत्री ने आग लगने की घटनाओं को रोकने और नियंत्रित करने के लिए मंडी के अधिकारियों को सभी प्रकार के कदम उठाने के आदेश दिए है, ताकि इस तरह की आग लगने की घटना को रोका जा सके। अधिकारियों ने मंत्री को आग लगने का कारण बताया कि शेड के पास की दीवार नीची है और वहां पर कूड़ा पड़े रहने के कारण शेड के अंदर आग लगी। ऐसे में टीन शेड को भी ऊंचा किया जाएगा।

मंत्री गोपाल राय ने कहा कि यहां जो व्यापारी संगठन है, उनकी मांग को देखते हुए हमने यह आदेश दिया है कि उन्हें कुछ दिनों के लिए दूसरे शेड में शिफ्ट कर दिया जाए। ताकि उनका व्यापार से संबंधित काम पहले की तरह चलता रहे। घटना को देखते हुए यह भी आदेश दिया है कि लोकल स्तर पर आग को बुझाने से संबंधित उपाय किया जाए, जिससे कि इस तरह की घटनाओं पर शीघ्रता से काबू पाया जा सके।

## बंद पड़े घरों-दुकानों में चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की बीटा 2 पुलिस ने रेकी करके बंद पड़े घरों में दुकानों में सेंध लगाकर चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस गिरोह का खुलासा करते हुए 5 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है।चोरों के कब्जे से 726 टोंटियाँ, 05 एलईडी टीवी, 02 इनवर्टर बैटरा, 02 आईफोन, 12500 रूपये नकद, घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल व एक माल वाहक जुगाड बरामद किये है। दरअसल, बीटा 2 पुलिस ने चोरी करने वाले गिरोह के 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया है।इस दौरान पुलिस ने अशरफ , अरुण कुमार , अजय , लकी व आमिर को सिग्मा गोल चक्कर से गिरफ्तार किया गया है। एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि इन शातिर चोरों का एक गिरोह है जो कि बंद पडे मकानों व बंद दुकानों में रैकी करके बंद पडे घरों व दुकानों में घुसकर चोरी करते हैं। इस गैंग का सरगना अशरफ है। यह लोग बंद पडे मकान व दुकानों से चोरी करके चोरी किये गये सामान को आमिर कबाडी के मोटर साइकिल जुगाड में लादकर कबाडियों को बेचकर अवैध धन अर्जित करते थे।

# नोएडा में 13 हजार लोगों ने 1 घंटे किया श्रमदान

## स्वच्छता की शपथ ली, साफ-सफाई का दिया संदेश

नोएडा। भारत सरकार के आवासीय एवं शहरी विकास मंत्रालय के निर्देश पर रविवार को स्वच्छता ही सेवा थीम पर श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर नोएडा के 70 स्थानों पर 13 हजार लोगों के साथ प्राधिकरण के अधिकारियों , कर्मचारियों और नागरिकों द्वारा सामूहिक रूप से स्वच्छता के लिए एक घंटे का महाश्रमदान किया गया। इस कार्यक्रम में राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग उप्र ब्रजेश सिंह ने भी हिस्सा लिया। इसके अलावा प्राधिकरण के डीजीएम एसपी सिंह, वरिष्ठ परियोजना अभियंता विजय रावल, परियोजना अभियन्ता रमेश चंद्रा , वरिष्ठ प्रबंधक व अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे। सेक्टर-71 जनता फ्लैट में महा श्रमदान कार्यक्रम के तहत सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर आसपास के क्षेत्र की सफाई की गई , झाड़ू लगाई गई। उसके बाद स्वच्छता की एफिडेविट ली गई जिसमें कहा गया कि हर साल 100 घंटे यानी हर




सप्ताह दो घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करेंगे। न स्वयं गंदगी करेंगे और न किसी को गंदगी करने देंगे। सेक्टर-1 एनएसटीआई कॉलेज में नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम की ओर से महा श्रमदान किया गया ।साथ ही प्राधिकरण के डीजीएम सिविल श्रीपाल भाटी , वरिष्ठ प्रबंधक डोरी लाल, एनजीओ और भारी संख्या में आमजन मानस ने भी प्रतिभाग किया। सेक्टर-1 एनएसटीआई कॉलेज में महा श्रमदान कार्यक्रम के तहत सफाई अभियान चलाया गया। इसके बाद सीईओ द्वारा अपने घर , गली मोहल्ले, शहर को साफ सुथरा रखने से होने वाले स्वास्थ्य लाभ के विषय में लोगों का मार्गदर्शन किया गया।

# ज्वेलर के कर्मचारियों से बाइक सवार बदमाशों ने लूटे 17 लाख रुपये

नई दिल्ली। पंजाबी बाग में एक ज्वेलर के कर्मचारियों से बाइक सवार बदमाशों ने 17 लाख रुपये लूट लिए। दोनों कर्मचारी लारेंस रोड से पैसे कलेक्शन करने के बाद करोलबाग आ रहे थे।ज्वेलर की शिकायत पर पुलिस ने लूटपाट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच कर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शनिवार दोपहर 2: 25 बजे रोहतक रोड के रेलवे ब्रिज अंडरपास के पास लाखों रुपये लूटने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को ज्वेलर के दो कर्मचारी दीपक और बृजेश मिले। इसी दौरान उनके मालिक ऋषभ गुप्ता भी पहुंच गए। मालिक ने बताया कि उनका करोलबाग में ज्वेलरी का कारोबार है। शनिवार को उसने अपने दो कर्मचारियों को लारेंस रोड इलाके में रहने वाले अपने एक परिचित से 17 लाख रुपये लेकर आने के लिए कहा था। उसके परिचित से उनसे गहने खरीदे थे। वहां से रुपये लेने के बाद दोनों स्कूटी से वापस आ रहे थे।

रोहतक रोड के रेलवे ब्रिज अंडरपास के पास के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। पीड़ितों ने बताया कि बैग स्कूटी में पैर के पास रखा था। बदमाशों ने उन्हें गोली मारने की धमकी दी और बैग लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने मालिक के बयान पर लूटपाट का मामला दर्ज कर लिया है।

# गंगा दर्शन के साथ देखने को मिलेगी मां शबरी आदिवासी रामलीला

## समाज में समरसता लाकर समाज को भ्रमित होने से बचाना है: स्वामी चिदानंद सरस्वती

नई दिल्ली। यह वह आलौकिक समय है, जब ऋषिकेश में गंगा स्नान, गंगा आरती के साथ साथ आदिवासी रामलीला का मंचन देखने को मिलेगा। परमार्थ निकेतन में होने वाले इस अंतरराष्ट्रीय रामलीला में ओडिशा, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की आदिवासी जनजातियों द्वारा द्वारा रामलीला देखने को मिलेगी। यहां पर उत्तराखंड के लोक संगीत और संस्कृति के भी दर्शन हों। गंगा के तट पर होने वाली यह एक अद्भुत रामलीला होगी। ऋषिकेश के परमार्थ निकेतन में आगामी 20 से 24 अक्टूबर तक इसका आयोजन किया जा रहा है। पांच दिवसीय मां शबरी रामलीला महोत्सव का आयोजन सैस फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है। यह जानकारी रविवार




को दिल्ली में परमार्थ निकेतन आश्रम के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती महाराज ने दी। इस मौके पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा तथा रामलीला के आयोजक अध्यक्ष शक्ति बक्शी, उपाध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार और महामंत्री विश्व मोहन शर्मा मौजूद रहे।

आयोजक शक्ति बक्शी ने कहा कि यह हम सभी का सौभाग्य है कि गंगा तट पर ऋषिकेश के परमार्थ निकेतन में मां शबरी रामलीला करने का अवसर मिल रहा है जिसका मार्गदर्शन स्वयं स्वामी चिदानंद सरस्वती करेंगे और रामलीला की मुख्य संरक्षण की भूमिका में वीरेन्द्र सचदेवा हैं। इस अवसर पर स्वामी चिदानंद महाराज ने कहा कि आज समाज में बहुत सी भ्रांतियां फैली हुई हैं और हमें हर प्रकार के संकोच को दूर करना है।

इस संकोच से विश्व का शक्तिशाली देश अमेरिका भी अछूता नहीं है। भारत की ऐसी संस्कृति है, जो कि मूल्य से मूल्यों को जोड़ती है और कुछ तो बात है कि जो हस्ती मिटती नहीं है हमारी। हमारी संस्कृति सभी को साथ लेकर सबका सम्मान करने वाली है। मां शबरी रामलीला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि देश की संसद में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण पर मोहर लगा दी गई, लेकिन हमें समाज के हर वर्ग पर ध्यान देना है और समाज में शबरी रूपी महिलाओं तक पहुंच कर उनकी दशा को सुधारना है। रामलीला में मां शबरी के चरित्र को इस लिए चुना गया क्योंकि उन्हें पूर्ण आस्था थी कि प्रभु श्रीराम उनकी कुटिया पर आएंगे, लेकिन उनके आने तक वह खाली नहीं बैठीं।

# दिल्ली विश्वविद्यालय ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की उपस्थिति में किया एक तारीख-एक घंटा-एक साथ अभियान का आयोजन





नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय ने अपने कॉलेजों के साथ मिलकर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की उपस्थिति में एक राष्ट्रव्यापी अभियान एक तारीख-एक घंटा-एक साथ में भाग लिया और 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के तहत साफ़ाई अभियान का आयोजन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन के 9 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम के तहत शिक्षा एवं कौशल विकास और उद्यमिता विभाग, भारत सरकार द्वारा एक अक्टूबर को सुबह 10ः00 बजे विश्वविद्यालय के नॉर्थ कैंपस में दो स्थानों, जी सी नारंग मार्ग और पटेल चेस्ट पर सफाई अभियान चलाया गया। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर देश के सभी नागरिकों से मलिन बस्तियों, पार्कों, झीलों जैसे सार्वजनिक स्थानों की सफाई में भाग लेने का आह्वान किया गया था जिसको अपनाते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय ने इस स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने खुद झाड़ू के साथ सफाई की और एकत्रित कूड़े-कचरे को अपने हाथों से संग्रहीत करने में भी सहयोग दिया।


स्वच्छता के लिए श्रमदान का नेतृत्व माननीय मंत्री ने किया, जिसमें शिक्षा मंत्रालय के 25 वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए, जिनमें उच्च शिक्षा सचिव संजय मूर्ति और दिल्ली विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति और डीन ऑफ कॉलेजेज़ प्रो. बलराम पाणी शामिल थे। इस अवसर पर दक्षिणी दिल्ली परिसर के निदेशक प्रो. श्री प्रकाश सिंह, रजिस्ट्रार डॉ विकास गुप्ता, प्रॉक्टर प्रो। रजनी अब्बी, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रोफेसर बिपिन तिवारी, कॉलेजों के प्राचार्य, दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. ए के भागी और उनकी डूटा पदाधिकारियों की टीम, दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष तुषार डेढ़ा और डूसू पदाधिकारी, शिक्षक, विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थी और विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कर्मचारियों की टीम, विश्वविद्यालय समुदाय के साथ-साथ विश्वविद्यालय क्षेत्र के स्थानीय लोग भी भारी संख्या में इस अभियान में शामिल हुए। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने स्वयं सफाई करके उदाहरण पेश करते हुए विद्यार्थियों और शिक्षकों को स्वच्छता पखवाड़ा से अलग भी इस परंपरा को जारी रखने व 'स्वच्छता ही सेवा' की सच्ची भावना के साथ प्रधान मंत्री द्वारा शुरू किए गए स्वच्छता अभियान को बनाए रखने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने वल्लभभाई पटेल चेस्ट इंस्टीट्यूट में डॉक्टरों से भी बातचीत की और उनसे भारत में स्वच्छता का अगुआ बनने का वादा लिया। एक घंटे तक चले इस अभियान के परिणामस्वरूप दोनों स्थलों की गहन सफाई हुई।

# एसओएल में यूजी दाखिले का बना रिकॉर्ड

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग में इस बार स्नातक कोर्सेज में दाखिले का रिकॉर्ड बन गया है। इस बार स्नातक स्तर पर ही शनिवार तक 1 लाख 32 हजार 449 दाखिले हो गए हैं। जबकि शनिवार को ही दाखिले की तिथि को बढ़ाकर 20 अक्तूबर तक कर दिया गया है। ऐसे में दाखिले का आंकड़ा 1.75 लाख तक पहुंच सकता है। एसओएल में औसतन हर साल 1.20 लाख से 1.25 लाख तक दाखिले होते रहे हैं। बीते साल यूजी-पीजी मिलाकर 1.18 लाख दाखिले हुए थे। एसओल में दाखिला प्रक्रिया 14 जून से शुरु हुई थी। करीब साढ़े तीन महीने की दाखिला प्रक्रिया के दौरान छात्रों से अच्छा रिस्पांस मिला है। कैंपस ऑफ ओपन लर्निंग की निदेशक प्रो पायल मागो ने बताया कि 30 सितंबर तक हमारे स्नातक कोर्सेज में ही 1 लाख 78, 342 पंजीकरण हो चुके हैं। इनमें से एक लाख 32 हजार 449 छात्रों ने फीस का भुगतान कर दाखिला पक्का कर लिया। इतने ज्यादा दाखिले होना एक रिकॉर्ड है। जबकि दूरस्थ शिक्षा बोर्ड(डीईबी) ने दाखिले की अंतिम तिथि को 20 अक्तूबर तक बढ़ा दिया है। प्रो. पायल कहती हैं कि हमारे यहां हर साल करीब एक लाख 20 हजार से एक लाख 25 हजार दाखिले होते हैं। बीते साल यूजी व पीजी मिलाकर एक लाख 18 हजार दाखिले हुए थे। कोरोना महामारी के बाद से वैसे भी दाखिले कम हो रहे थे। लेकिन एसओएल में नए कोर्सेज शुरु करने का लाभ मिला है। बीबीए, बीएमएस, कंप्यूटर साइंस व साइकोलॉजी कोर्सेज के कारण इस बार दाखिलों की संख्या में इजाफा हुआ है। बीते कुछ सालों में छात्रों की रूचि यहां दाखिला लेने को लेकर बढ़ी है। प्रो. मागो ने कहा कि दाखिला लेने की अंतिम तिथि 30 सितंबर थी, लेकिन अब तिथि बढ़ने से उम्मीद है कि यह संख्या 1.75 लाख तक पहुंच जाएगी।

# जेपी नड्डा ने झंडेवालान में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत श्रमदान दिया

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आज नई दिल्ली में सेवा बस्ती, झंडेवालान में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में श्रमदान किया। इस कार्यक्रम में उनके साथ केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी, भाजपा दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी, पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सरदार आरपी सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सेवा बस्ती में झाड़ू लगाए और कूड़-कचरा उठाया।



उन्होंने कचरे को एकत्रित करने के बाद उसे उठाकर कूड़ा ले जाने वाली गाड़ी में भी डाला। इस दौरान माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने दिल्ली नगर निगम के सफाई कर्मियों से बातचीत भी की और उनका आभार जताया कि वे लोग अथक परिश्रम करके दिल्ली को साफ-सुथरा रखने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। नड्डा ने झंडेवालान में मंदिर में पूजा-अर्चना भी की।

ज्ञात हो कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर देश स्वच्छता ही सेवा अभियान के साथ स्वच्छता पखवाड़ा मना रहा है जिसका थीम कचरा मुक्त भारत है।

यह स्वच्छता और साफ-सफाई के प्रति समाज और सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता का परिचायक है। यह स्वच्छता ही सेवा अभियान जन-आंदोलन बन चुका है। पिछले 15 दिनों में हर दिन औसतन लगभग 2.3 करोड़ लोगों ने इस अभियान में अपना श्रमदान दिया है।

आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने स्वच्छता ही सेवा अभियान में देश के हर नागरिक से कम से कम एक घंटा श्रमदान करने की अपील की थी। उन्होंने एक तारीख, एक घंटा, एक साथ का नारा दिया था।

## आयुष्मान कार्ड बनाने का पैसा लेने वाला कर्मचारी बर्खास्त

गाजियाबाद। गाजियाबाद में नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महाराजपुर के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी दयानंद ओझा की सेवाएं समाप्त की गई हैं। आरोप है कि ये कर्मचारी आयुष्मान कार्ड बनाने के नाम पर गरीब लोगों से 50-50 रुपए वसूल रहा था। सोशल मीडिया में इसकी वीडियो भी वायरल हुई थी। इसके बाद एनयूएचएम के नोडल अधिकारी ने सेवाएं समाप्त करने का आदेश शनिवार रात जारी कर दिया। भारत सरकार की तरफ से आयुष्मान कार्ड एकदम फ्री बनाए जा रहे हैं, लेकिन इस सेंटर पर 50 से 200 रुपए तक वसूली हो रही थी। कर्मचारी कह रहे थे कि ये रजिस्ट्रेशन फीस है। कुछ लोगों ने मोबाइल से इसकी वीडियो भी बना ली, जिसमें वे रुपयों की डिमांड करते नजर आ रहे थे। गाजियाबाद में अभी तक सिर्फ 1 लाख 18 हजार लोगों के आयुष्मान कार्ड बन पाए हैं।

# वृद्धजन दिवस पर राष्ट्रीय जन- जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया

## वृद्धजन समाज और राष्ट्र की धरोहर हैं इन्हें सहेजकर रखना हम सबका कर्तव्य : दयानंद वत्स

आदर्श ग्रामीण समाज, नेशनल चाइल्ड एंड वूमेन डेवलपमेंट चेरिटेबल ट्रस्ट, प्रशिक्षित शिक्षक संघ, अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ एवं नेशनल मीडिया नेटवर्क के संयुक्त तत्वावधान में आज उत्तर पश्चिमी दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-36 स्थित संघ के मुख्यालय बरवाला में संघ के राष्ट्रीय महासचिव दयानंद वत्स के सान्निध्य में अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर केयर अवर एल्डर्स, अपने बुजुर्गों का करें सम्मान नामक जन-जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसका उद्देश्य समाज में वृद्धजनों को समुचित मान-सम्मान देने ओर उनकी उचित देखभाल करने और उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान कराने हेतु युवाओं को प्रेरित करना है। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री दयानंद वत्स ने कहा कि वृद्धजन समाज और देश की धरोहर हैं, इन्हें सहेजकर रखना हम सबका साझा कर्तव्य है। इस जन-




जागरूकता कार्यक्रम में स्कूल और कालेजों के विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए वृद्धजनों की सेवा में लगे स्वयंसेवी संगठनों को भी जोडा गया है। इसके अधिक अधिकाधिक प्रचार के लिए एफ. एम रेडियो, सोशल मीडिया साइट्स, ब्लागर्स, प्रिंट और इलैक्ट्रॉनिक माध्यमों के साथ-साथ समाज के गणमान्य नागरिकों, विभिन्न क्षेत्रों की नामचीन हस्तियों ने अपनी सेवाएं देने की सहमति दी है । सरकार द्वारा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों, पुनर्वास बस्तियों में चलाई जा रही आंगनवाड़ियों का भी सहयोग लिया जाएगा।

समूचे जागरूकता अभियान का एक ही उद्देश्य है कि लोग बुजुर्गों को बोझ ना समझें, उन्हें सहारा ओर स्नेह दें। क्योंकि सबको इस अवस्था से अवश्य ही गुजरना है। इस अवसर पर संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के माध्यम से केंद्र सरकार से मांग की है कि वह सभी वरिष्ठ नागरिकों को प्रधानमंत्री आयुष्मान हैल्थ कार्ड अनिवार्य रूप से जारी करें।

केंद्र सरकार रेल यात्रा में बुजुर्गो को किराए में शत् प्रतिशत की छूट दी जाए। वत्स ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मांग की है कि वे वरिष्ठ नागरिकों को संतुलित आहार समय पर प्रतिदिन मिल सके इसलिए आंगनवाड़ी केन्द्रों की समाज कल्याण योजना में बुजुर्गो को भी शामिल करें। इसमें उन्हें फल और संतुलित आहार दिया जाए।

दिल्ली की बसों में वरिष्ठ नागरिकों की यात्रा भी निशुल्क की जाए। सीनियर सिटिजनों को आयकर मुक्त किया जाए।

# संपादकीय

## बेरोजगारी घटने के बावजूद युवा स्नातकों के नहीं आए अच्छे दिन

भारत, कनाडा, अमेरिका, जी–20, भारत के दोस्त और प्रतिद्वंद्वियों से संबंधित खबरों की बाढ़ के बीच हम जिस एक चीज को नजर अंदाज नहीं कर सकते, वह है आम भारतीय लोगों के रोजमर्रा का जीवन, जिन्हें अपने घर चलाने के लिए काम करना पड़ता है और जिनके पास ज्यादा पारिवारिक संपत्ति या सामाजिक मदद नहीं है। भारतीय रिजर्व बैंक का ताजा आंकड़ा बताता है कि भारतीय परिवार बचत कम करता है और उधार ज्यादा लेता है। इसके कई कारण हो सकते हैं, लेकिन एक प्रमुख कारण अच्छी गुणवत्ता वाली नौकरियों की कमी है, जो चिंतित करने वाली बात है। अच्छी गुणवत्ता वाली नौकरियों का मतलब वस्तुतः ऐसी नौकरियों से है, जो मानक जीवन जीने के लिए पर्याप्त वेतन की पेशकश करते हों। इस मोर्चे पर हमें अभी लंबा रास्ता तय करना है।

अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी की हालिया रिपोर्ट इस बारे में उपयोगी जानकारी प्रदान करती है कि रोजगार के मोर्चे पर हम अभी कहां हैं। स्टेट ऑफ वर्किंग इंडिया, 2023 रिपोर्ट हमारे लिए कुछ अच्छी खबरें भी लेकर आई है कि जातिगत अलगाव कम हुआ है। 1980 के दशक की शुरुआत में अनुसूचित जाति के श्रमिकों का प्रतिनिधित्व कचरा निष्पादन से संबंधित कार्यों में पांच गुना से ज्यादा और चमड़े से संबंधित कार्यों में चार गुना से ज्यादा था। समय के साथ इसमें तेजी से कमी आई है, हालांकि वर्ष 2021–22 तक यह खत्म नहीं हुआ। 1980 के दशक की स्थिरता के बाद से नियमित वेतन वाले श्रमिकों या वेतनभोगी कर्मचारियों की हिस्सेदारी 2004 में बढ़ने लगी और यह बढ़कर पुरुषों में 18 फीसदी से 25 फीसदी तथा महिलाओं में 10 फीसदी से बढ़कर 25 फीसदी हो गई। वर्ष 2017 से 2019 के बीच यह बढ़कर 50 लाख प्रति वर्ष हो गई। लेकिन नियमित वेतन वाली नौकरियों के सृजन की गति अर्थव्यवस्था में सुस्ती और महामारी के कारण वर्ष 2019 से घटने लगी। बेरोजगारी बेशक कम हुई है, लेकिन यह अब भी उच्च स्तर पर बनी हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रोजगार सृजन भारत की मुख्य चुनौती बना हुआ है।

कोविड–19 महामारी के बाद सभी शैक्षणिक स्तरों पर बेरोजगारी में कमी आई है। लेकिन स्नातकों के मामले में यह अब भी 15 फीसदी से ऊपर और युवा स्नातकों के मामले में 42 फीसदी के उच्च स्तर पर है। रिपोर्ट बताती है कि बुजुर्ग श्रमिकों और कम शिक्षित श्रमिकों में यह दो से तीन प्रतिशत के दायरे में है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि गिरावट या स्थिरता के बाद वर्ष 2004 से महिला रोजगार की दर वास्तव में बढ़ी है। इसका मुख्य कारण स्व–रोजगार में वृद्धि है, जिसमें 2019 के महामारी के बाद और बढ़ोतरी हुई है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि कम वेतन वाले व्यवसायों में महिलाओं और अनुसूचित जातियों का प्रतिनिधित्व अधिक है।

अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की रिपोर्ट हमें बताती है कि वर्ष 2017 से 2021 के बीच समग्र नियमित वेतन वाले रोजगार सृजन में मंदी की स्थिति थी, लेकिन सभी नियमित वेतन वाले कार्यों की हिस्सेदारी के रूप में औपचारिक नौकरियां (लिखित अनुबंध और लाभ के साथ) 25 फीसदी से बढ़कर 35 फीसदी हो गईं। वर्ष 2020–21 (महामारी वर्ष) में नियमित वेतन वाले रोजगार में 22 लाख की गिरावट आई। लेकिन यह परिवर्तन औपचारिक रोजगार में 30 लाख की वृद्धि, जबकि अर्ध व अनौपचारिक नियमित वेतन वाले रोजगार में लगभग 52 लाख के नुकसान को छिपाता है।

रिपोर्ट बताती है कि जितने रोजगार का नुकसान हुआ है, उसमें से आधा महिलाओं से संबंधित है, जबकि औपचारिक रोजगार में वृद्धि का केवल एक तिहाई हिस्सा ही महिलाओं को मिला है। इसलिए स्पष्ट शब्दों में कहें, तो इस अवधि में महिलाओं को औपचारिक रोजगार से हाथ धोना पड़ा है। इतना ही नहीं, संकट के कारण स्व–रोजगार की तरफ उनका रुझान बढ़ा है। सवाल उठता है कि ऐसे समय में रोजगार की दरें क्यों बढ़ीं, जब विकास की गति सुस्त थी।


## सहजता, सरलता और इमानदारी के पर्याय लाल बहादुर शास्त्री

आज की भारतीय राजनीति में यह अविश्वसनीय ही लगेगा इस देश में एक ऐसे ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ और देश के प्रति अपना सर्वस्व त्यागने वाले लाल बहादुर शास्त्री ने अपनी जीत की पूर्ण संभावना के बाद भी यह कहा हो कि यदि एक व्यक्ति भी मेरे विरोध में हुआ, तो उस स्थिति में प्रधानमंत्री बनना नहीं चाहूंगा, भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ऐसे ही स्वाभिमानी महान राजनेता थे, जिन्होंने पद को नहीं बल्कि देश के हित को सर्वोपरि माना था। 27 मई 1964 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु की मृत्यु के बाद देश को साहस और निर्भीकता से नेतृत्व देने वाले नेता की परम आवश्यकता थी। मोरारजी देसाई तथा जगजीवन राम जैसे नेता सामने आए थे, इस पद की गरिमा और प्रजातांत्रिक मूल्यों को देखते हुए शास्त्री जी ने चुनाव में भाग लेने से इनकार कर दिया था। 2 जून 1964 को कांग्रेस के संसदीय दल ने एक मतेन और सर्वसम्मति से लाल बहादुर शास्त्री को अपना नेता स्वीकार किया और 9 जून 1964 को लाल बहादुर शास्त्री जी को देश का दूसरा प्रधानमंत्री मनोनीत किया गया। 1920 को अपनी पढ़ाई छोड़ कर गांधीजी के असहयोग आंदोलन में भाग लेने के लिए वे स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े, बाद में गांधी जी की प्रेरणा से ही उन्होंने काशी विद्या पीठ में प्रवेश लेकर 1925 में शास्त्री की उपाधि प्राप्त की, और अपने जन्म से चला आरहा जातिसूचक शब्द 卐श्रीवास्तव卐 हमेशा के लिए हटा लिया तथा अपने नाम के आगे शास्त्री लगा दिया था। इसके उपरांत अपने को देश की सेवा में न्योछावर कर दिया। अपना पूरा बचपन संघर्षों से गुजारने के बाद शास्त्री जी एक तपे हुए इमानदार राजनेता की तरह उभरे।

1930 में स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए चलाए जा रहे नमक आंदोलन में हिस्सा लेकर वे जेल चले गए। उनका देश के प्रति समर्पण देखकर उन्हें उत्तर प्रदेश कांग्रेस का महासचिव बनाया गया। स्वतंत्रता आंदोलन मैं हिस्सा लेने के लिए देश के इस महान सपूत को बहुत यातनाएं भी झेलनी पड़ी और जीवन काल में कई बार जेल भी गए। 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने के कारण उन्हें फिर से जेल भेज दिया गया था। पद और प्रतिष्ठा, लोभ, लालच से सदैव दूर रहने वाले लाल बहादुर शास्त्री जी स्वतंत्रता के बाद अनेक मंत्रालयों के मंत्री पद से शुभोषित भी किया गया, गोविंद वल्लभ पंत के उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के कालखंड में शास्त्री जी को पुलिस मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया और इसी पद में रहते हुए उन्होंने भीड़ को नियंत्रित रखने के लिए लाठी की जगह पानी की बौछार का प्रयोग प्रारंभ करवाया था। 1952 में जवाहरलाल नेहरु जी ने उन्हें केंद्रीय रेल मंत्री नियुक्त किया और 1956 में देश में हुई एक बड़ी रेल दुर्घटना की जिम्मेदारी लेते हुए नैतिक आधार पर अपना त्यागपत्र पेश कर एक मिसाल कायम की, जो आज पर्यंत तक अनुकरणीय है। नेहरू जी के कार्यकाल में वे परिवहन संचार वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय भी संभालते रहे। 1961 में उन्हें पंत जी की मृत्यु के बाद गृह मंत्रालय का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया। सभी महत्वपूर्ण पदों पर ईमानदारी कर्तव्यनिष्ठा के साथ सभी पदों को सफलतापूर्वक निभाने के कारण शास्त्री जी को 1964 में देश का दूसरा प्रधानमंत्री बनाया गया। शास्त्री जी कठिन से कठिन परिस्थितियों में सहजता, निर्भीकता, और संपूर्ण धैर्य के साथ सामना करने की अद्भुत क्षमता थी। प्रधानमंत्री के पद में रहते हुए भी सादगी ईमानदारी और निष्ठा की एक अनोखी मिसाल उन्होंने कायम की थी। 1965 में पाकिस्तान ने भारत के साथ युद्ध करने का दुस्साहस दिखाया था तब लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान जय किसान का नारा देकर भारत के वीर जवानों को राष्ट्र की रक्षा के लिए बहुत ज्यादा उत्साहित किया था, दूसरी तरफ किसानों को अन्न ज्यादा से ज्यादा पैदा करने के लिए ऊर्जा एवं शक्ति प्रदान की थी। 1965 में भारत–पाकिस्तान युद्ध में भारत को अभूतपूर्व विजय प्राप्त हुई थी। और देश में अन्न का भंडार भी परिपूर्ण हो गया था।

गाँधी जयंती (2 अक्टूबर) हेतु विशेष

## रहती दुनिया तक प्रासंगिक रहेगा 'गांधी दर्शन'



तनवीर जाफ़री

भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जन्मतिथि 2 अक्टूबर को उन्हें याद किया जाता है। पूरा विश्व गांधीवाद व गांधी दर्शन का इसीलिये क़ायल है कि उन्होंने दुनिया को सत्य व अहिंसा के साथ साथ सर्वधर्म समभाव के मार्ग पर चलते हुये विश्व की बड़ी से बड़ी शक्ति से संघर्ष करने की प्रेरणा दी थी। मार्टिन लूथर किंग से लेकर नेल्सन मंडेला और बराक ओबामा तक न जाने कितने नेता हैं जो गांधी जी को अपना आदर्श मानते रहे हैं। दुनिया के किसी भी देश में आज जब युद्ध विरोधी, शान्ति व अहिंसा की बातें होती हैं तो बड़े से बड़े नेता गांधी दर्शन को ही याद करते हैं। यही वजह है कि विश्व के 70 से भी अधिक देशों में शांति के इस महान पुजारी की एक या अनेक प्रतिमाएं स्थापित कर उन्हें सम्मान भी दिया गया है। उन देशों के लोग गांधी से प्रेरणा लेते हैं। यहाँ तक कि विश्व में जब कहीं कोई शांति मार्च निकलता है तो लोग गांधी की तस्वीरों व उनके सद्भावपूर्ण संदेशों से युक्त बैनर जुलूस के आगे लेकर चलते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि यह भारत का सौभाग्य है कि इतने महान विचारों वाला व्यक्ति हमारे देश में पैदा हुआ। सारी दुनिया भारत को गांधी के देश के रूप में ही जानती है।

आज जबकि विश्व का बड़ा हिस्सा युद्ध,हिंसा, परस्पर मतभेद, बेरोज़गारी, महंगाई,साम्प्रदायिकता जैसे तनावपूर्ण वातावरण के दौर से गुज़र रहा है। पूरा विश्व बाहरी व भीतरी तौर पर राजनैतिक वर्चस्व की लड़ाई लड़ रहा है, ऐसे में ख़ास तौर पर गांधी जयंती के अवसर पर हर बार चिंतकों द्वारा यह सवाल उठाया जाता है कि गांधी के सत्य व अहिंसा के सिद्धांत पर आधारित उनके दर्शन और विचारों की आज कितनी प्रासंगिकता महसूस की जा रही है ? सितम्बर, 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया था। उस समय प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि –यह अवसर इसलिये भी महत्वपूर्ण है कि इस वर्ष हम महात्मा गांधी की 150वीं जयंती मना रहे हैं। उस समय प्रधानमंत्री मोदी ने जहाँ और कई मुद्दे उठाये थे वहीं उन्होंने भारत का शांति–अहिंसा का संदेश प्रमुख रूप से विश्व को दिया था। संयुक्त राष्ट्र महासभा जैसे वैश्विक मंच से शांति का संदेश देते हुए उन्होंने कहा था कि – हमने दुनिया को शांति का पैग़ाम दिया। संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में सबसे बड़ा बलिदान अगर किसी देश ने दिया है, तो वह देश भारत है। हम उस देश के वासी हैं जिसने दुनिया को युद्ध नहीं बुद्ध दिये हैं, शांति का संदेश दिया है। गोया बुध और गांधी के शांति के संदेश ही ऐसे हैं जिनपर प्रत्येक भारतवासी गर्व करता है।

परन्तु इस दुर्भाग्यपूर्ण सत्य से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि भले ही पूरा विश्व इस महात्मा के समक्ष नतमस्तक होता हो, उन्हें अपना आदर्श व प्रेरणास्त्रोत मानता हो परन्तु गांधी व गांधीवाद का विरोध करने वालों में और किसी देश के लोग नहीं बल्कि अधिकांशतयाः केवल भारतवासी ही शामिल हैं। संकीर्ण मानसिकता रखने वालों,साम्प्रदायिकता वादियों ने गांधी को व उनके के विचारों की प्रासंगिकता को तब भी महसूस नहीं किया था जबकि वे जीवित थे। गांधी से असहमति के इसी उन्माद ने उनकी हत्या तो कर दी परन्तु आज गांधी के विचारों से मतभेद रखने वाली उन्हीं शक्तियों को भली–भांति यह महसूस होने लगा है कि गांधी अपने संकीर्ण व साम्प्रदायिकतावादी विरोधियों के लिए दरअसल जीते जी उतने हानिकारक नहीं थे जितना कि अपनी हत्या के बाद साबित हो रहे हैं। और इसकी वजह केवल यही है कि जैसे–जैसे विश्व हिंसा, आर्थिक मंदी, भूख, बेरोंज़गारी और नफ़रत जैसी नकारात्मक परिस्थितियों का सामना करता जा रहा है व इनमें उलझता जा रहा है, वैसे–वैसे दुनिया को न केवल गांधी के दर्शन याद आ रहे हैं बल्कि विश्व को गांधी दर्शन को आत्मसात करने की आवश्यकता भी बड़ी शिद्दत से महसूस होने लगी है।



दूसरी तरफ़ पिछले एक दशक से गाँधी के देश भारत में ही उन्हें अपमानित करने यहाँ तक कि सार्वजनिक रूप से खुलकर गालियां देने वालों की संख्या भी दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। भारतीय संसद में ऐसे लोगों का प्रवेश हो चुका है जो गाँधी को अपमानित करते हैं और उनके हत्यारे नाथू राम गोडसे व उसके वैचारिक सहयोगियों का महिमामंडन करते हैं। ऐसा इसीलिये है कि वर्तमान सत्ता उन्हें प्रश्रय देती है। ये लोग प्रायः सत्तारूढ़ दल के ही सदस्य या समर्थक हैं। आजतक गाँधी को अपमानित करने व गोडसे का महिमामंडन करने यहां तक कि उसे राष्ट्रवादी बताने वालों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गयी। और तो और भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अधयक्ष और देश के वर्तमान गृह मंत्री अमितशाह ने भी जून 2017 में रायपुर (छत्तीसगढ़) के मेडिकल कॉलेज में आयोजित बुद्धिजीवियों की एक सभा में जब गाँधी जी को याद किया तो उनके शब्द यह थे – महात्मा गांधी बहुत चतुर बनिया था, उसको मालूम था कि आगे क्या होने वाला है। उसने आज़ादी के बाद तुरंत कहा था, कांग्रेस को बिखेर देना चाहिए। इस तरह की शब्दावली का प्रयोग करने वाले नेता की पार्टी के ही एक सांसद ने पिछले दिनों लोकसभा में जब एक मुस्लिम सांसद को घोर आपत्तिजनक बातें कहीं और उस पर साम्प्रदायिक व आपराधिक टिप्पणियां कीं तो उसी कांग्रेस पार्टी के सांसद राहुल गांधी उस पीड़ित सांसद के आंसू पोछने उनके निवास पर गये। यह कांग्रेस व गांधीवादी सोच ही थी जिसने राहुल गांधी को भेजकर सांत्वना देने को विवश किया। और वह गोडसेवादी विचार थे जो उस सांसद के मुंह से निकलते दुनिया को सुनाई दिये।

बहरहाल,पिछले दिनों महात्मा गांधी की वैश्विक स्वीकार्यता एक बार फिर पूरे विश्व ने देखी और महसूस की जबकि जी 20 देशों के शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए दिल्ली आए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक,ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज़,कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो,संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस, विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा, विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम, एशियाई विकास बैंक के अध्यक्ष मासात्सुगु असाकावा, आईएमएफ़ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा सहित लगभग सभी राष्ट्राध्यक्ष महात्मा गाँधी को श्रद्धांजलि देने के लिए उनकी समाधि स्थल राजघाट पहुंचे। इन सभी राष्ट्राध्यक्षों,सरकार के प्रमुखों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों ने वहां एक मिनट का मौन रखा और राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि व पुष्पांजलि अर्पित की। महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के बाद जी 20 नेताओं ने 'लीडर्स लाउंज' में शांति दीवार पर हस्ताक्षर भी किए। जी 20 के अगले मेज़बान ब्राज़ील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो ने इस अवसर पर कहा कि – जब हम महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए गए उस समय मैं बहुत भावुक हो उठा था।


मेरे राजनीतिक जीवन में महात्मा गांधी का बहुत महत्व है क्योंकि अहिंसा का मैंने कई दशकों तक अनुसरण किया है, जब मैं श्रमिक आंदोलन के लिए लड़ा था। यही कारण है कि जब मैंने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की तो मैं भावुक हो उठा। ऐसे तमाम उदाहरण हैं जिनसे यह प्रमाणित होता है कि सत्य–अहिंसा व सर्वधर्म समभाव को अपने आप में समाहित करने वाला गांधी दर्शन कल भी प्रासंगिक था और रहती दुनिया तक प्रासंगिक रहेगा।

## भारतीय संस्कृति, संस्कारों का अवमूल्यन

प्रागैतिहासिक काल से भारतीय संस्कृति सभ्यता में ऐसा लचीलापन है कि अनेक विदेशी सभ्यताओं को हमने आत्मसात कर उन्हें भी अपने रंग में रंग लिया है। उन सब के रंगों में हम भी रंग गए हैंद्य भारतीय समाज की विशेषता है कि यह क्रमिक रूप से बाहरी मूल्यों को अपनाते हुए आगे बढ़ रहा है जिसके फलस्वरूप आज समाज विभिन्न संस्कृतियों, सभ्यताओं तथा मूल्यों का अद्भुत समूह बन गया, यूं कहें कि अलग–अलग सभ्यताओं के पुष्पों का एक रंग बिरंगा गुलदस्ता ही बन गया हैद्य वही सभ्यताओं के आत्मसात करने के परिणाम स्वरूप पाश्चात्य सभ्यता से हिंदुस्तानी समाज में बड़ी विसंगतियां जन्म लेने लगी है। सभ्यताएं तो आई लेकिन अपनी बुराइयों को भी लेकर आई हैं। इससे भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का अवमूल्यन सी हुआ है। और इसके अलावा पाश्चात्य सभ्यता ने खुलेपन आमंत्रित कर युवाओं तथा पुरुषों के मन में वासनात्मक कुंठा को जन्म दिया है। जिसके कारण महिलाओं पर यौन हिंसा की घटनाएं बढ़ती जा रही है। आज भारतीय समाज निश्चित तौर पर परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और यही वजह है कि पाश्चात्य सांस्कृतिक प्रवृतियों मानसिक भावनाओं को संक्रमित कर कुंठा को जन्म दिया है। यही कारण है कि मानसिक संक्रमण से भारतीय समाज पाश्चात्य सभ्यता का अंधा अनुसरण कर रहा है जिसके कारण मानवीय मूल्यों में नैतिक स्खलन स्पष्ट दिखाई देने लगा और इस नैतिक गिरावट से हिंसा में काफी वृद्धि हुई है। पाश्चात्य सभ्यता के दुष्प्रभाव में सबसे गहरा दुष्प्रभाव यौन हिंसा के प्रचार प्रसार का है। पुरुष समाज की मानसिकता है की पुरुष होने के कारण उन्हें कुछ चीजों का हक नैसर्गिक रूप से प्राप्त है जैसे कि अच्छी पत्नी और संतान में बेटों की प्राप्ति, कोई भी पुरुष अपनी आने वाली पीढ़ी में पुत्री नहीं चाहता है जबकि पुत्र पुत्री एक समान ही होते हैं बल्कि जो मायूस होकर पुत्री जन्म का दुख मनाते हैं उन्हें वर्तमान में पीएससी और यूपीएससी की रिजल्ट लिस्ट देखनी चाहिए इसमें बालिकाओं ने बहुत अच्छे अंको से परीक्षा पास कर समाज में उनकी अहम भूमिका को सार्थक किया है। वर्तमान समाज में परंपरागत रूप से पुरुषों को ऐसा करते देख उसकी आने वाली पीढ़ी भी अपने महिला संगिनी से दुर्व्यवहार और हिंसा करने से नहीं चूकता है। पुरुष की कुंठा इस कदर बढ़ चुकी है कि वह किसी सुंदर स्त्री को देखकर यह चाहने लगता है कि वह स्त्री उसकी अंक शायनी हो जाए और यदि स्त्री उसके विमुख होती है तो वह उस पर बलात नियंत्रण करने की कोशिश में यौन अपराध की ओर उन्मुख हो जाता है। अपरिपक्व उम्र से ही किशोरावस्था के युवक सेक्सुअल हिंसा के प्रति उन्मुख होने लगे हैं हमें इसकी असली वजह तथा कारण को समझना होगा मोबाइल का इंटरनेट कंप्यूटर लैपटॉप ने इस विकृत संस्कृति को एक खुला आकाश दे दिया है समाज में बढ़ती योन अपराधिक हिंसा के मुख्य कारणों में से एक इंटरनेट मोबाइल और लैपटॉप का घर घर उपलब्ध होना ही है। मानसिक रूप से अपरिपक्व को बच्चों के पास मोबाइल तथा लैपटॉप तथा इंटरनेट आ चुका है और उससे वह वह वासनात्मक कहानियां, चित्र और फिल्में देखकर युवतियों तथा छोटी–छोटी बच्चियों पर यौन अपराध करने से नहीं चूकते और यही वजह है कि भारतीय संस्कृति विकृत होकर युवकों द्वारा बड़ी संख्या में यौन अपराध किए जा रहे हैं।


## बुजुर्ग

झुर्रियां नहीं
ये सलवटें हैं,
दर्जनों परवरिश के
बुजुर्ग– बिस्तर पर ।
ये झुर्रियां ही
थामती आंसुओं को,
जो बरसती है संवेदना,
वेदना,करुणा के स्तर पर।
इतराये नहीं हरी छतरियां ,
पोषण पाती हैं,
टिकी होती हैं,
अडिग जड़ के स्तर पर।
नींव की फितरत है
बोझ उठाने की,
कंगूरे को चमकाने की,
कंगूरा भूले नहीं औकात,
रहे अपने ही स्तर पर ।
बुजुर्गों के तप–त्याग का
फल चख रहे हैं हम,
समृद्ध विरासत को
भोग रहे हैं हम ,
फिर क्यूं उन्हें छोड़ देते
प्रस्तर समझकर ?
संग–संग रखें बुजुर्गों को
बचाते हमें दुष्प्रवृति से,
देते अनुभवी सलाह
सजाते हमें सत्प्रवृति से ।
करें नहीं उनका अपमान
देतें रहें हम नित सम्मान !



राजीव गौतम, कवि,
बिहार/दिल्ली एनसीआर

## चम्पारण में गांधी



डॉ. नन्दकिशोर साह

गांधी जी भले हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनकी विचारधारा और स्मृतियाँ आज भी मौजूद है। आज भी, गाँधी जी की पसंदीदा जगहों पर देष–विदेष के लोग उन्हें महसूस करने आते है। इस कड़ी में चम्पारण का गाँधी की राजनैतिक जिन्दगी में निसंदेह बहुत महत्वपूर्ण स्थान रहा है। गाँधी जी ने स्वंय बार–बार स्वीकार किया है कि चम्पारण ने ही उन्हें हिन्दुस्तान से परिचय कराया। बापू की कर्मभूमि चम्पारण की पवित्र धरती भारतीय इतिहास के पन्नों पर सादगी और सौहार्द के लिए स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। यहाँ केवल महानेता ही नहीं बल्कि देवी–देवता भी जन्म लेकर अपने को गर्वान्वित समझा है। साहित्यकारों ने इस महानगरी की प्राकृतिक सुन्दरता पर अथक कलम चलाया है, यहाँ की नदियों में अपनी लेखनी डूबो–डूबो कर साहित्य की मेढ़ बनाई है।

उपनिवेषिक षासन से पीड़ित ग्रामीण भारत में षोशित किसान परिवारों के पक्ष में अहिंसात्मक सत्याग्रह की षुरूआत महात्मा गाँधी द्वारा चम्पारण में हुई थी। मानवीय मुल्यों से परिपूर्ण हमारी आजादी की लड़ाई में चम्पारण के प्रसंगों का विलक्षण महत्व रहा है। महात्मा गाँधी को बुद्धिजीवी, किसान, श्रमिक वर्ग के साथ–साथ सत्याग्रही, समाज सेवी आदि अनेक क्षेत्र के लोगों के विचारों पर बड़ा गहरा प्रभाव पड़ा।

गाँधी जी ने अंग्रेजी षासन में निलहों के अत्याचार से पीड़ित, षोशित यहाँ के किसानों व आम लोगों के अन्दर चम्पारण की मिट्टी के गुण को जागृत कर अंग्रेजों को सात समुन्दर पार खदेड़ दिया। नील की खेती का काला अध्याय चम्पारण के इतिहास की पहचान है। षुरूआत व्यापारी से जमींदार बनें अग्रेजों ने बेतिया राजा से तालमेल कर संयुक्त चम्पारण की लगभग आधी भूमि को अपने अधीन कर लिया, जिन पर वे नील की खेती कराते थे। तीन कटिया कानून बनाया। तब प्रति एक बीघा जमीन पर तीन कट्ठा नील की खेती करना किसानों के लिए अनिवार्य हो चला था। उपर से चालीस कर भी जबरन थोंपे गये थे। कानून नहीं मानने का परिणाम क्रूरता का नंगा नाच था। सन् 1892 में हुए सर्वेक्षण के अनुसार चम्पारण में नील के 21 कारखाने थे। तब लगभग 9,570 एकड़ भूमि में नील की खेती होती थी।

1906 में किसानों ने उपद्रव षुरू किया ढ़ाका थाना क्षेत्र के तेलहरा कोठि के प्रबंधक ढ़लूम फील्ड की हत्या कर दी गयी। साठी में षेख गुलाब के नेतृत्व में किसानों ने सभा कर संघर्श का एलान किया। कोटवा के जसौली पट्टी गाँव निवासी बाबू लोमराज सिंह, षीतल राय आदि भी रैयतों को संगठित कर रहे थे।

1908 में परसा, भलहिया, बैरिया और कुड़िया कोठी में नीलहों पर हमले हुए। प्रतिरोध में आम लोगों के खिलाफ 57 मुकदमें दर्ज किये गये। इसमें कुल 226 को सजा हुई। किसान स्व0 शीतल राय को 30 माह की कैद व अन्य से तीस हजार रूपये सामूहिक जुर्माना वसूला गया।

1914 में बाबू लोमराज सिंह ने पीपराकोठी के मैनेजर नार्मन के खिलाफ उस समय के कमिष्नर को लगभग सात सौ किसानों का एक हस्ताक्षरयुक्त आवेदन सौंपा था। वहीं पंडित राज कुमार षुक्ल नील के दागदार धब्बे से किसानों को मुक्त कराने के लिए इस मुदद् को विभिन्न मंचो पर उछालते रहे। उन्होनें 1915 में छपरा के प्रान्तीय सम्मेलन के मंच से रैयतों की पीड़ा से लोगों को अवगत कराया।

दिसम्बर, 1916 में पंडित राज कुमार षुक्ल ने लखनऊ में आयोजित भारतीय राश्ट्रीय काँग्रेस के अधिवेषन में भी इस मुदद् को लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक, पं0 मदन मोहन मालवीय व गाँधीजी के समक्ष रखा। फिर पंडित षुक्ल साबरमती आश्रम गये और गाँधीजी को लेकर पटना, मुजफ्फरपुर होते हुए 15 अप्रैल 1917 को अपराह्न 3:00 बजे चम्पारण के मोतिहारी रेलवे स्टेषन पर उतरें। उनके आगमन से चम्पारण के किसानों के हृदय में धधकती ज्वाला को मानों हवा मिल गयी। गाँधीजी के साथ बाबू धरनीधर और बाबू रामनवमी प्र0 वकील आये थे। उनके साथ गाँधीजी ने दूसरे ही दिन किसानों की समस्याओं की पड़ताल षुरू कर दी। महात्मा गाँधी जब षहर के धर्म समाज चैक स्थित गोरख बाबू के मकान में ठहरे थे। उसी समय बाबू लोमराज सिंह ने यहाँ के किसानों के दर्द से उन्हें अवगत कराकर जसौलीपट्टी ले जाने को तैयार करा लिया। दूसरे दिन हाथी पर सवार होकर गाँधीजी अपने वकीलों के साथ जसौलीपट्टी के लिए प्रस्थान कर रहे थे। इसी बीच चंद्रहिया पहुँचते ही उन्हें नोटिस मिली, जिसमें तत्कालीन कलक्टर डब्ल्यू0बी0 हैकाक ने उन्हें जिला छोड़ने का आदेष दिया था। अंग्रेजी प्रषासन द्वारा गाँधी को चम्पारण छोड़ने का फरमान आग में घी का काम किया। गाँधी जी वापस मोतिहारी आ गये, लेकिन जिला छोड़ने से इनकार कर दिया। परिणाम स्वरूप धारा 144 के तहत् जारी सम्मन के आलोक में 18 अप्रैल, 1917 को एस0डी0ओ0 कोर्ट में दण्डाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर ऐतिहासिक बयान दिया, जिससे पूरे विष्व को सविनय अवज्ञा का नया मंत्र मिला। उक्त बयान गाँधी संग्रहालय, मोतिहारी में षिलापट्ट पर गांधी स्तूप के निकट लिखा हुआ है। इस ऐतिहासिक दिन को यहाँ 'चम्पारण स्तृति दिवस' के रूप मे याद किया जाता है। इस बयान के महज चैथे दिन मुकदमा उठा लिया गया। इससे गाँधीजी की एक अलग पहचान बनी और चम्पारण स्वाधीनता आन्दोलन में एक मिषाल बन गया। इससे प्रभावित गाँधी ने पूरे चम्पारण दौरे का एलान किया। 22 अप्रैल 1917 को बेतिया पहुँचे। 14 नवम्बर को ढ़ाका के बड़हरवा, लखनसेन, 20 नवम्बर को भितिहरवा तथा 17 जनवरी 1918 को मधुबन में पाठषाला खोली।

06 अप्रैल 1936 को गाँधीवादी नेता पं0 प्रजापति मिश्र के प्रयास से 103 बीघा जमीन में ग्राम सेवा संघ की स्थापना कुमार बाग के वृन्दावन में की गयी। वृन्दावन संघन क्षेत्र में 35 बुनियादी विद्यालय खोले गये, जिसमें 17 अप्रैल, 1939 में वृन्दावन में स्थापित विद्यालय को देष का पहला बुनियादी स्कूल होने का गौरव प्राप्त है।

इसी क्रम में ग्राम सेवा संघ का पंचम एवं अंतिम अधिवेषन पं0 प्रजापति मिश्र के निर्देषन में 2 मई से 9 मई तक चला जिसमें गाँधीजी के अलावा काका कालेलकर, सरदार बल्लभ भाई पटेल, भूला भाई देसाई, किषोरी लाल सहस्त्रबुद्धे, खान अब्दुल गफ्फार खां, मधुबाला, आचार्य जे0बी0 कृपलानी, डा0 राजेन्द्र प्रसाद, आषा देवी, आर्य नापरम, संत विनोवा भावे, डा0 कृश्ण सिंह, डा0 अनुग्रह नारायण सिंह, आचार्य बद्री नारायण वर्मा, डा0 जाकिर हुसैन आदि महान विभूतियाँ पधारें।

अगस्त, 1942 में बम्बई के काँग्रेस कार्यसमिति में गाँधीजी के नेतृत्व में 'अंग्रेज भारत छोड़ो' प्रस्ताव पारित हुआ। 9 अगस्त, 1942 को गाँधी समेत सभी बड़े नेताओं को गिरफ्तार कर जेल में बंद कर दिया गया। चम्पारण के पं0 प्रजापति मिश्र भी गिरफ्तार कर लिये गये। लोगों ने कुमारबाग से चनपटिया तक रेलवे लाईन को उखाड़ दिया। 13 अगस्त, 1942 को सुगौली में इंजन और रेलवे को क्षतिग्रस्त कर दिया। हर तरफ 'करो या मरो' का नारा गुँजने लगा। 24 अगस्त, 1942 को बड़ा रमना बेतिया में निहत्थे प्रदर्षनकारियों पर अंग्रेजों ने मषीनगन से फायरिंग की। इसमें चम्पारण के आठ सपूत षहीद हो गये। इस तरह इतिहास की खुदाई में चम्पारण के हीरों की चमक काफी गहराई से निकलती दिखती है। हिमालय के दक्षिण में बसा चम्पा का वन आदि कवि महर्शि बाल्मीकि की रचना स्थली, लव–कुष की जन्म स्थली, भक्त ध्रुव का तपोवन, बौद्धों का स्मारक एवं अषोक का स्थल है।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
सोमवार 02 अक्टूबर 2023
Www.gauravshalibharat.com


## शार्ट न्यूज

### बहराइचः कतर्निघाघाट वन्य जीव प्रभाग में मिले घायल बाघ की हुई मौत

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच में कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के जंगल में एक बाघ घायल अवस्था में मिला था, जिसे वन कर्मियों ने शनिवार देर शाम को रेस्क्यू करके रेंज कार्यालय पर इलाज शुरू कराया। रात में इलाज के दौरान बाघ की मौत हो गई। वन विभाग के सूत्रों ने रविवार को बताया कि कतर्नियाघाट संरक्षित वन्यजीव प्रभाग के कतर्नियाघाट वन रेंज के कटियारा बीट में शनिवार को बाघ ने दो लोगों पर हमला किया। इससे पूर्व बाघ ने जंगली सूकर का शिकार कर लिया था। सूत्रों के मुताबिक जंगल से सटे गांव के लोग सूकर का मांस उठाने गए। वहां पर धनौरा गांव के पास बाघ आ गया। जिससे मानव व वन्यजीव संघर्ष की नौबत आ गई। हालांकि वन अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। वन क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार और कुछ देर में डीएफओ आकाशदीप वधावन भी पहुंचे। देर शाम को बाघ का रेस्क्यू कर लिया गया। इसके बाद उसे रेंज कार्यालय लाया गया। रात में बाघ की रेंज कार्यालय में इलाज के दौरान मौत हो गई। डीएफओ ने बताया कि बाघ घायल अवस्था में मिला था। इसी बाघ ने दो किसानों पर हमला किया था। जांच चल रही है कि यह घायल कैसे हुआ है।

### पुलिस मुठभेड़ में वांछित लुटेरा गिरफ्तार

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश में झूंसी क्षेत्र में रविवार को पुलिस के साथ हुई एक मुठभेड़ में एक दर्जन से अधिक मुकदमों में वांछित चल रहे बदमाश के पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार किया गया। डीसीपी (नगर) दीपक भूकर ने बताया कि शिवकुटी थाना क्षेत्र निवासी विजय सरोज लूट के कई मुकदमों में वांछित चल रहा था। झूंसी थाना क्षेत्र से छिनताई के दो मामलों में फरार चल रहा था। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में दर्जन भर से अधिक मुकदमें दर्ज हैं। रविवार तड़के पुलिस को जानकारी मिली कि कई मुकदमों में वांछित बदमाश झूंसी में बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। उन्होंने बताया कि सटीक सूचना पर पुलिस ने उसकी झूंसी में घेरेबंदी की। पुलिस टीम से घिरा देखकर उसने फायर करना शुरू कर दिया। बचाव में पुलिस टीम ने भी फायर किया जिससे उसके पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। आरोपी को गिरफ्तार कर एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भूकर ने बताया कि आरोपी के कब्जे से लूट के जेवरात और कुछ नगदी के अलावा असलहा, जीवित कारतूस और बाइक बरामद हुआ है।

### लखनऊ में डेंगू से दो की मौत

**लखनऊ।** लखनऊ में डेंगू अब जानलेवा हो चुका है। 24 घंटे में इलाज के दौरान 2 मरीजों की मौत हो चुकी है। सरोजनी नगर के निजी मेडिकल कॉलेज में भर्ती एक युवक ने शुक्रवार देर रात इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं लखनऊ के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती प्रयागराज के सपा नेता सतीश यादव की शनिवार सुबह मौत हो गई। इस बीच लखनऊ में एक दिन में 29 मरीजों में डेंगू संक्रमण की पुष्टि हुई है। उधर, स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि डेंगू प्रभावित इलाकों में फॉगिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जा रहा है। सरकारी आंकड़ों में इस सीजन यूपी में अब तक डेंगू से 7 मौत हो चुकी हैं। इनमें गौतमबुद्ध नगर में 3, गाजियाबाद में 1, फिरोजाबाद में 1, रामपुर में 1, अंबेडकर नगर में 1 मौत हैं। सरोजनी नगर निवासी 30 साल के मुकेश उर्फ मोनू को लगभग पांच-छह दिनों से बुखार आ रहा था। घरवालों ने पहले स्थानीय डॉक्टर को दिखाया, लेकिन मरीज की तबीयत में कोई सुधार नहीं हुआ। डॉक्टर की सलाह पर जांच कराई तो डेंगू की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इसके बाद मुकेश को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां एक दिन इलाज चला, लेकिन बुखार बना रहा। ऐसे में घर वाले मरीज को लेकर टीएस मिश्रा मेडिकल कॉलेज पहुंचे। डॉक्टरों ने मुकेश को भर्ती कर लिया।

### सौतेले पिता ने 3 साल के मासूम को बेचा

**गाजीपुर।** गाजीपुर में दूसरे पति द्वारा महिला के 3 साल के बच्चे का अपहरण कर बिक्री करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मामले में कार्यवाही करते हुए मासूम बालक के अपहरण और खरीद फरोख्त मामले में एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में अपहृत बालक की मां का दूसरा पति भी शामिल है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि बीती 28 सितंबर को जानकारी मिली थी कि नगर कोतवाली क्षेत्र के महराजगंज बिंदपुरवा की रहने वाली नीलम बिंद अपने 3 साल के बच्चे के साथ घर में सोई हुई थी। सुबह उठने पर उनका बच्चा और एक महीने पूर्व शादी करने वाला युवक गायब था। पीड़िता ने बच्चे की बरामदगी को लेकर पुलिस से गुहार लगाई। मामले की गंभीरता देखते हुए पुलिस टीम ने सर्विलांस की मदद से महिला के दूसरे पति संजय यादव की कॉल डिटेल के जरिए कानपुर देहात की रहने वाली शशिबाला नामक महिला को गिरफ्तार किया। जिसके पास से अपहरण किया हुआ बालक भी बरामद हुआ।

### बदायूं में ट्रैक्टर में फंसी युवक की गर्दन, मौत

**बदायूं।** बदायूं में ट्रैक्टर में लगा हेरो (हल) निकालते वक्त उसमें गर्दन दबने से युवक की रविवार को मौत हो गई। परिजनों ने बमुश्किल ट्रैक्टर का इंजन बंद करके शव को निकाला। जबकि बाद में पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। हादसा सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के सिकरापुर गांव में हुआ। यहां रहने वाले रघुवीर का बेटा प्रताप सिंह (38) सुबह के वक्त ट्रैक्टर से खेत की जोताई करने गया था। वहां से वापस लौटा तो ट्रैक्टर का इंजन स्टार्ट करके उसमें लगा हेरो निकाल रहा था। इसी दौरान अचानक तकनीकी खराबी के चलते क्रेन के जरिये उठाया जा रहा हेरो उठता चला गया और उसकी गर्दन उसमें फंस गई। इस हादसे में युवक की मौत हो गई। युवक ने बचाव को लिए शोर भी मचाया होगा लेकिन ट्रैक्टर के इंजन की आवाज में परिवार के लोग उसकी चीख भी नहीं सुन सके। परिजन घर के भीतर थे। जबकि ट्रैक्टर बाहर दरवाजे पर था। पड़ोसियों ने यह देखा तो ट्रैक्टर का इंजन बंद करने के साथ ही परिजनों को बुलाया। तब कहीं जाकर शव निकाला जा सका।

### छत से गिरकर युवक की मौत

बदायूं। बदायूं में छत से गिरकर युवक की मौत हो गई। युवक राजमिस्त्री था। इधर, परिजनों का आरोप है कि रुपयों के लेनदेन में युवक को छत से धकेला गया है। परिवार वालों ने पुलिस को मामले की तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना वजीरगंज थाना क्षेत्र के ब्योली गांव की है। यहां रहने वाले जगतपाल का बेटा गंगावासी (30) पेशे से रातमिस्त्री था। गांव के ही पप्पू का इन दिनों मकान बन रहा है। मकान बनाने का ठेका गंगावासी ने लिया था। परिजनों के मुताबिक गंगावासी वहां लगातार काम कर रहा था। ऐसे में पप्पू पर उसके काफी रुपये भी आ रहे थे। परिजनों ने बताया कि गंगावासी को घर में कुछ रुपयों की जरूरत पड़ी तो वह पप्पू के घर रुपये लेने गया था। आरोप है कि पप्पू की नीयत इस रकम पर बिगड़ गई थी। इसी कारण दोनों के बीच कहासुनी होने लगी। जबकि बाद में उसे छत से धक्का देकर नीचे गिरा दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### कार का शीशा तोड़कर रुपयों से भरा बैग चोरी

इटावा। इटावा में स्कॉर्पियो का शीशा तोड़कर रुपए से भरा बैग लेकर बदमाश फरार हो गया। बैग चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसका वीडियो सामने आया है। घटना भरथना कोतवाली कस्बा क्षेत्र के आजाद रोड स्थित राधे राधे ज्वैलर्स व स्वीट हाउस के पास की बताई जा रही है। एसएसपी ने जल्द आरोपी को गिरफ्तार करके कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बीते शनिवार को थाना भरथना क्षेत्र में रिटायर्ड फौजी की स्कॉर्पियो कार का साइड शीशा तोड़कर एक बदमाश रुपए और जरूरी कागजातों से भरा बैग उठाकर भाग जाने में सफल हो गया। रिटायर्ड फौजी को घटना की जानकारी तब हो सकी जब वह अपनी साली और पत्नी को दवाई दिलाकर अपनी कार के पास पहुंचा और कार का साइड शीशा टूटा देख हैरान रह गया। पीड़ित फौजी मान सिंह पुत्र अकबर सिंह निवासी नेहरा बौझ थाना एरवाकटरा औरैया ने तत्काल भरथना पुलिस को घटना की सूचना दी। जिसपर पुलिस ने मौके पर पहुंच घटना की पड़ताल करते हुए आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालना शुरू कर दिया।

# अब हर माह होगी थानेदार से लेकर एडीजी तक की समीक्षा, एक-एक दिन का देना होगा हिसाब

## सीएम योगी ने जिला स्तर पर साइबर थाने और थाना स्तर पर साइबर सेल के जल्द गठन के दिये निर्देश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए अधिकारियों को जिला स्तर से लेकर जोन स्तर पर समीक्षा बैठक करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि समीक्षा बैठक में अपराधिक घटनाओं से लेकर पेंडिंग मामलों पर चर्चा हो और लापरवाही करने वालों पर एक्शन लिया जाए। उन्होंने कहा कि हर घटना एक सबक होती है, इससे फील्ड में तैनात अधिकारी सीख लें और एक्टिव रहें ताकि दोबारा ऐसी घटनाएं प्रदेश में न हों और समय रहते उनको रोका जा सके। इस दौरान शोहदों पर नकेल कसने के लिए दोबारा एंटी रोमियो अभियान चलाने के निर्देश दिये। वहीं सीएम ने प्रदेश में जिला स्तर पर साइबर



क्राइम थाना और थाना स्तर पर साइबर सेल का गठन करने के भी निर्देश दिये।

### एसपी/एसएसपी और कमिश्नर थाने की करें साप्ताहिक समीक्षा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में प्रदेश में आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने, शिकायती पत्रों के शत-प्रतिशत निस्तारण, चार्ज शीट और पेंडिंग मामलों के तेजी से निस्तारण को लेकर जिले के एसएसपी/एसपी को हर थाने की साप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश दिये।

इसी तरह एडीजी आईजी रेंज की पाक्षिक और डीजीपी एडीजी जोन की मासिक समीक्षा बैठक करें। सीएम ने कहा कि हर घटना एक सबक है। अंबेडकरनगर की घटना से पुलिस अधिकारी सबक लें और दोबारा ऐसी घटना न हो इसको लेकर अलर्ट रहें। पूरे प्रदेश में शोहदों पर नकेल कसने के लिए दोबारा एंटी रोमियो स्क्वाड को एक्टिव किया जाए और अभियान चलाकर कार्रवाई की जाए। जिला मॉनिटरिंग कमेटी (डीएम, एसपी/एसएसपी कमिश्नर, जिला जज) की बैठक निरंतर होती रहे ताकि समय से चार्जशीट दाखिल होती रहे। इसमें पॉक्सो और महिला अपराध पर खास फोकस रखा जाए। वहीं लव जिहाद के मामलों में नये कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाए।

### सोशल मीडिया की निगेटिव खबरों पर रखें पैनी नजर

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश के लगभग सभी थाने सीसीटीवी से लैस हो गये हैं, जहां काम चल रहा है वहां एक हफ्ते में पूरा किया जाए। अभी रेंज स्तर पर साइबर क्राइम थाने बने हैं। अब इसे जिला स्तर पर बनाने की कार्रवाई शुरू की जाए। इसी तरह जिला स्तर पर साइबर सेल संचालित हैं। इसे भी थाना स्तर पर संचालित करने के लिए कार्यवाही शुरू की जाए।

# स्वच्छता का संकल्प ही बापू को सच्ची श्रद्धांजलि : प्रो वन्दना सिंह

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर स्थित वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मुक्तांगन परिसर में महात्मा गांधी के छायाचित्र पर कुलपति प्रो. वंदना सिंह द्वारा माल्यार्पण कर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत एक घंटे का श्रमदान अभियान की शुरुआत की गई।

इस अवसर पर कुलपति द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। मुक्तांगन परिसर में कुलपति सहित प्राध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा एक घंटे का श्रमदान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो सिंह ने कहा कि स्वच्छता का संकल्प ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

उन्होंने कहा कि साफ-सफाई एक अच्छी आदत है, स्वच्छ पर्यावरण और आदर्श जीवन शैली के लिये हर व्यक्ति को यह आदत बनानी चाहिये। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मानसिकता का विकास होता है। हमें ये समझना चाहिये कि स्वच्छता अभियान केवल सरकारों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है।

हम सब के स्वस्थ जीवन के लिये इस अभियान में हमें कंधे से कन्धा मिलकर भाग लेना चाहिये। हमें खुद को, घर, अपने आसपास, समाज, समुदाय, शहर, उद्यान और पर्यावरण आदि को रोज स्वच्छ रखने की जरुरत है।

प्रधानमंत्री जी ने देश में स्वच्छता अभियान की जो मशाल जलाई है, उसे निरंतर आगे बढ़ाने के लिए सभी गांव, सभी शहरों तक स्वच्छता की अलख जगानी होगी। हमें स्वच्छता को रोज की दिनचर्या में शामिल करना चाहिए जिससे स्वच्छ और स्वस्थ भारत का निर्माण हो।

# ट्रैक्टर -कैंटर भिड़ंत में दोनों के चालकों की हुई मौत, तीन घायल

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में अनूपशहर कोतवाली क्षेत्र में फलों से लदे कैंटर और ट्रैक्टर की आमने सामने की भिड़ंत हो गयी जिसमें दोनों के चालकों की मौके पर ही मौत हो गये और तीन लोग घायल हो गये।

पुलिस ने बताया कि गांव दुगरऊ के निकट हुई इस दुर्घटना के घायलों को हायर मेडिकल सेंटर रेफर करा दिया है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हादसे के बाद हाईवे पर यातायात अवरुद्ध हो गया था, जिसे पुलिस ने कुछ देर बाद सुचारू कर दिया ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि आज सुबह गांव दुगरऊ के निकट बुलंदशहर की ओर से फल से भरे कैंटर का ईटों से लदे ट्रैक्टर ट्रॉली से जबरदस्त आमने-सामने की टक्कर हो गई। एक्सीडेंट इतना भीषण था कि जनपद बदायूं के कस्बा व थाना




सहसवान स्थित मोहल्ला शाहाबाज़पुर निवासी कैंटर चालक जरीफ अहमद(35) एंव जनपद बुलंदशहर के थाना अनूपशहर क्षेत्र के ग्राम शेरपुर निवासी ट्रैक्टर ट्राली चालक शाहिद(28) की मौके पर ही मौत हो गयी।

कैंटर का हेल्पर तनवीर निवासी मौहल्ला कटरा थाना सहसवान जनपद बदांयू, एवं ट्रेक्टर ट्राली पल सवार सलमान, नाहिद निवासीगण शेरपुर घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने घायलों को इलाज हेतु सीएचसी भेजा। दोनो मृतकों के शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है।

### जमीनी विवाद में चली गोली, पिता-पुत्र घायल

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के नवाबगंज क्षेत्र में दो पक्षों में दीवार बनाने को लेकर रविवार को हुए विवाद में गोली चलने से पिता -पुत्र सहित आरोपी घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नवाबगंज थाना क्षेत्र के सरखेलपुर गांव निवासी मोहम्मद निसार अहमद और शहंशाह के बीच जमीनी विवाद चल रहा है। रविवार को निसार अहमद अपनी जमीन पर दीवार बनवा रहा था। इसका शहंशाह ने विरोध किया। विरोध के बीच बात आगे बढ़ती गई और दोनों पक्षों में पहले लाठी डंडा चले । इस बीच शहंशाह ने घर से बंदूक निकाल निसार अहमद और उसके बेटे फिरोज को गोली मार दी। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों का कहना है कि अपने बचाव के लिए शहंशाह ने खुद को गोली मार ली। उन्होंने बताया कि आरोपी शहंशाह समेत घायल पिता और पुत्र को स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# बागपत : मुठभेड़ में 07 लुटेरे गिरफ्तार

## बैंक कर्मचारियों से लूटे गए डेढ़ लाख बरामद

बागपत । उत्तर प्रदेश में बागपत पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान सात लुटेरों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही से बैंक कर्मचारियों से लूटी गई करीब डेढ़ लाख की रकम, दो तमंचे व दो मोटरसाइकिल बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने आज यहां प्रेस वार्ता के दौरान यह जानकारी देते हुए बताया कि 26 सितंबर को थाना रमाला पर वादी विकास पुत्र सत्यपाल सिंह निवासी कस्बा बुढाना जनपद मुजफ्फरनगर ने सूचना दी थी कि अज्ञात बदमाशों ने उसके व उसके साथी कुलदीप कुमार से 1.98 लाख रुपये व दोनों के मोबाइल फोन तथा मोटरसाइकिल लूटकर भाग गये। इस बाबत तहरीर के आधार पर थाना रमाला पर लूट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मुकदमें



की विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्य के आधार पर रिजवान पुत्र महबूब अली निवासी ग्राम असारा बागपत, मुस्कान पुत्र इलियास, साहिल पुत्र जमशेद, शाहरुख पुत्र शेरजान निवासीगण ग्राम किरठल बागपत, साकिर पुत्र वकील, लुकमान पुत्र जमील व वकील निवासीगण ग्राम असारा बागपत के नाम प्रकाश में आये थे।

रविवार को पुलिस की ओर से जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाने व लुटेरों और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना रमाला पुलिस व सर्विलांस सैल की संयुक्त टीम द्वारा थाने के लूट का अनावरण करते हुए शातिर 07 लुटेरें अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 अवैध तमंचे, 04 जिन्दा कारतूस, 02 मोटरसाईकिल तथा लूटे हुए 1,57,700 रुपये व 01 बैग जिसमें बंधन बैंक से सम्बन्धित कागजात बरामद हुए हैं।

# हमीरपुर : स्कूलों के ऊपर से गुजर रही है हाइटेंशन लाइन, लापरवाही चरम पर

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में 86 प्राइमरी व जूनियर हाई स्कूलों के ऊपर से निकली हाईटेंशन विद्युत लाइन को हटाने के लिये बजट आवंटित न होने से हजारों मासूमों के सिर पर मौत का खतरा मंडराता रहता है। फिलहाल विद्युत विभाग ने छियासी में से 46 विद्यालयों का आगणन तैयार कर 60 लाख 44 हजार रुपये बेसिक शिक्षा विभाग से मांग की है,मगर शासन से बजट प्राप्त न होने के कारण मामला ज्यो का त्यो पड़ा हुआ है।

जिला वेसिक शिक्षा अधिकारी(बीएसए) आलोक सिंह ने रविवार को बताया कि शासनादेश के मुताबिक हाईटेशन (एचटी)लाईन के नीचे संचालित 86 परिषदीय विद्यालयों का चिंहाकन किया गया था,जिसमे ब्लाक कुरारा मे 16,मौदहा में 23,सुमेरपुर में 25, गोहांड में 16, राठ में छह विद्यालय चिंहित किये गये थे। इन विद्यालयों में अध्ययन कर रहे हजारों बच्चों पर विद्युत लाइन टूट कर गिरने का खतरा मंडराता रहता है। इसके पहले कई स्थानों में घटनाएं भी हो गयी है। जिसमे विद्युत विभाग को विद्युत लाइन हटाने के लिये कहा गया था जिसमे बामुश्किल बिजली विभाग में एक सर्वे कर फिलहाल 46 विद्यालयों का आगणन 60.44 लाख रुपये बनाकर बीएसए को दिया था। मगर शासन से इस पर कोई विचार नही किया है जिससे मामला अधर में लटका हुआ है जबकि बिजली विभाग ने बीएसए को दो मर्तवा पत्र लिखकर बजट दिलाये जाने को कहा है।

विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता सुमित व्यास ने बीएसए को पत्र भेजकर कहा है कि फिलहाल बजट मिलने के बाद 86 में 46 विद्यालयों की विद्युत लाइन हटा दी जायेगी शेष 40 विद्यालयों का स्टीमेट तैयार किया जा रहा है। इधर बिजली विभाग के चीफ इंजीनियर राजीव कपूर का कहना है कि विद्युत लाइन के नीचे विद्यालय का निर्माण करने के लिये शिक्षा विभाग दोषी है,विदयुत लाइन कभी भी किसी विद्लालय के ऊपर से नही निकाली जाती है बाद में लोग विद्यालय व मकान का निर्माण करा लेते है और विद्युत विभाग पर दोष मढ़ देते है।

### स्मैक तस्कर भारत-नेपाल सीमा से बरामद

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच स्थित भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी और पुलिस ने गश्त के दौरान एक स्मैक तस्कर को पकड़ा है। वह ननापरा से स्मैक लेकर बिक्री के लिए नेपाल जा रहा था। सशस्त्र सीमा बल 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने रविवार को बताया कि शनिवार रात को एसएसबी के जवान व पुलिस की संयुक्त टीम सीमा पर पेट्रोलिंग अभियान चला रहे थे। टीम आने-जाने वालों की जांच कर रही थी। सीमा पर पिलर संख्या 651/02 के पास भारत से नेपाल जा रहे युवक को रोका गया तो उसके हावभाव बदलने लगे। इस पर उसकी तलाशी अभियान चलाई गई। तलाशी के दौरान उसके पास से 75 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

# लापता छात्रा का पांच दिन बाद भी नहीं मिला सुराग

**महोबा।** उत्तर प्रदेश में महोबा के सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित कस्तूरबा विद्यालय से लापता हुई छात्रा का पांच दिन बीतने के बाद भी कोई सुराग नही लग सका है। पुलिस ने मामले में आज मुकदमा कायम कर उसकी खोजबीन शुरू की है।

पुलिस उप अधीक्षक आर0 पी0 राय ने बताया कि लुहेड़ी निवासी रतन रैकवार की 14 वर्षीय पुत्री नीलम कस्तूरबा विद्यालय की छात्रा थी। वह पिछले दिनों त्योहार के मौके पर छुट्टियों में घर गई थी। छुट्टियां बीतने के उपरांत नीलम को उसका फुफेरा भाई अभिषेक 26 सितम्बर को विद्यालय में प्रबेश करा कर छोड़ आया था। लेकिन छात्रा नीलम वहां से लापता हो गई। जिसे काफी खोजबीन के बाद भी कही पाया नही गया। परिजनों ने छात्रा की तलाश में सभी नाते रिश्तेदारों को छान मारा किन्तु कही से सफलता नही मिली।

पुलिस उप अधीक्षक ने बताया कि फिलहाल छात्रा की रहषयमय गुमशुदगी को लेकर उसके पिता रतन रैकवार की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आईपीसी की धारा 363 में उसकी गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है और छात्रा की खोजबीन शुरू की है। पुलिस ने मामले में कस्तूरबा विद्यालय की वार्डन के बयान लिए है। जिससे यह प्रकरण खासा संदिग्ध हो गया है। वार्डन के मुताबिक छात्रा नीलम की 26 सितम्बर को आमद दर्ज नही है जिससे उसकी विद्यालय से गुमशुदगी का सवाल ही नही उठता।

# अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

कानपुर। कानपुर में जीआरपी पुलिस ने अवैध गांजा की तस्करी करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। सेंट्रल स्टेशन कानपुर के प्लेटफार्म पर अभियुक्त के पास मादक पदार्थ होने की सूचना मिलते ही पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस की तलाशी में अभियुक्त के पास से अवैध मादक पदार्थ मिला। जिसे जीआरपी थाने ले आई। अभियुक्त बिहार के औरंगाबाद का रहने वाला है। पकड़ा गया गांजा लाखों का बताया जा रहा है। जीआरपी पुलिस वैधानिक कार्रवाई कर रही है। कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर रविवार दोपहर प्लेटफार्म नंबर 4 और 5 के बीच जीआरपी पुलिस ने एक अभियुक्त को हिरासत में लिया। अभियुक्त धीरेश से पूछताछ की गई। उसकी तलाशी के बाद उसके पास से अवैध मादक पदार्थ बरामद हुआ। अभियुक्त के पास से 17 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। बाजार में इसकी कीमत तकरीबन तीन लाख रुपए बताई जा रही है।

# महोबा : तीन किसानों ने की आत्महत्या, मचा हडकंप

महोबा। उत्तर प्रदेश में बुंदेलखंड के महोबा जिले में बीते चौबीस घण्टो में कर्ज,आर्थिक तंगी और फसल खराब होने से क्षुब्ध होकर तीन किसानों के फांसी लगा लेने से हड़कम्प मच गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम ने यहां बताया कि चरखारी कोतवाली के करहरा खुर्द गांव में किसान संतराम राजपूत (52) ने अपने घर मे फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। भाई संदीप ने बताया कि संतराम आर्थिक तंगी से जूझ रहा था।

वह सुबह के समय खेतों की ओर गया था जहां मूंगफली की फसल खराब देख उसे गहरा सदमा पहुंचा। घर वापस लौटने पर उसने किसी से कोई बातचीत किये बगैर कमरे में खुद को बंद कर लिया और छत के कुंडे से फांसी का फंदा लगा उस पर झूल गया। मृतक किसान को बैंक से क्रेडिट कार्ड द्वारा लिए गए 1.88लाख के कर्ज को भी चुकाना था, जिसे लेकर वह काफी परेशान रहता था।

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कुलपहाड़ कोतवाली के चुरारी गांव में 35 वर्षीय युवा किसान गुलाब बसोर ने देर रात अपने घर मे ही फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना परिजनों द्वारा पुलिस को दी गई।

मृतक किसान डेढ़ बीघा का काश्तकार था। उसकी खुदकुशी का कारण स्पष्ट नही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

उधर एक अन्य घटना पनवाड़ी क्षेत्र में तुर्रा गांव की है। जहां 62 वर्षीय किसान दिल्लीपति अहिरवार का पठवा में स्थित चिल्ला के पेड़ में फांसी पर लटका हुआ शव पाया गया।

परिजनों के मुताबिक किसान ने सुबह घर के पास स्थित हेण्डपम्प में स्नान किया था और कपड़े पहन कर निकल गया था। उसका फांसी पर लटका हुआ शव ग्रामीणों ने देखा तो घटना की खबर पुलिस को दी गई। दिल्लीपति के आत्महत्या करने के पीछे वजह आर्थिक तंगी बताई जा रही है।

अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम ने बताया कि तीनों किसानों की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोष्ट मार्टम को भेजा है।

जिले में एक साथ तीन किसानों के आत्महत्या करने की घटनाओं से हड़कम्प का माहौल है।

# रामपुर में दीवार गिरने से 3 बच्चों की मौत

## कच्ची दीवार के किनारे 5 बच्चों के खेलने के दौरान हुआ हादसा, 2 बच्चे गंभीर

रामपुर। रामपुर में घर की कच्ची दीवार गिरने से 3 मासूम बच्चों की मौत हो गई। साथ अन्य 2 बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने आनन-फानन गंभीर बच्चों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसे के चलते जिला प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके का मुआयना किया। हादसे के चलते मृतक बच्चों के परिवार में कोहराम मच गया। जिले के थाना भोट के क्षेत्र संकरी में आले हसन का मकान है। आले हसन के मकान में कच्ची दीवार के किनारे उसके और पड़ोस के बच्चे खेल रहे थे। खेलने के दौरान कच्ची दीवार मासूम बच्चों के ऊपर गिर गई।

दीवार गिरने से 5 बच्चे इसके नीचे दब गए। हादसे के चलते 3 बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने बच्चों को बचाने की कोशिश की। इस दौरान दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक डा संसार सिंह ने बताया कि सभी बच्चे 3, 5 और 8 साल की उम्र के बीच के हैं। इनमें मृतक बच्चों के नाम अल बख्श, कुमारी इनायत, अली पुत्र जाबिर हैं। घायल बच्चों के नाम कुमारी अनम और शारिक हैं। सभी घायल बच्चों को जिला अस्पताल में परिजनों द्वारा भर्ती कराया गया है।

### बरेली में युवती से गैंगरेप करने वाला अरेस्ट

बरेली। बरेली के बहेड़ी में युवती के साथ गैंगरेप करने के आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया। युवक ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर घर में घुसकर युवती की आबरु लूटी। विरोध करने पर मारपीट करते हुए धमकी दी। युवती के परिजनों ने बहेड़ी थाने में केस दर्ज कराया था। रविवार शाम पुलिस ने युवक को अरेस्ट कर लिया है। पीड़िता का पुलिस ने मेडिकल कराते हुए बयान कराए, जिसमें युवती ने दो युवकों पर दरिंदगी का आरोप लगाया था।

### अलीगढ़ में 7 अपराधियों पर लगी गैंगस्टर

अलीगढ़। अलीगढ़ में हत्या, लूट, चोरी, अवैध हथियार रखने वाले सात शातिर अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। पुलिस ने सातों आरोपियों के खिलाफ सिविल लाइंस और रोरावर थाने में मुकदमा दर्ज किया है। इसके खिलाफ पहले से कई नामजद मुकदमें दर्ज हैं। जिसके चलते पुलिस लंबे समय से इनकी तलाश कर रही है और लगातार छापेमारी जारी है। एसएसपी कलानिधि नैथानी के निर्देश के बाद पुलिस ने सभी अपराधियों खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की धारा 2/3 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इसमें तीन अलग-अलग गैंग रजिस्टर्ड करते हुए सातों के खिलाफ तीन अलग-अलग मुकदमें दर्ज किए गए हैं। इसमें आरोपी एक साथ मिलकर काम करते हैं और आमजनों को नुकसान पहुंचाते हैं। जिसके चलते आरोपियों को गैंगस्टर एक्ट में नामजद किया। पुलिस के अनुसार सभी आरोपी अलीगढ़ के ही रहने वाले हैं। इसमें सिविल लाइंस थाने में अहमद उर्फ चिंगारी पुत्र उमर फारूख निवासी धौर्रामाफी और आदम पुत्र अथर असलम खां उर्फ पप्पू खां निवासी जोहराबाग थाना सिविल लाइन के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है।

## शार्ट न्यूज

### भारत-बांग्लादेश के बीच ढाका में हुई जॉइंट वर्किंग ग्रुप की बैठक, अहम मुद्दों पर बनी सहमति

नई दिल्ली। भारत और बांग्लादेश के बीच 15वीं संयुक्त कार्य समूह की बैठक 26-27 सितंबर तक ढाका में हुई। इस बैठक में कई हम द्विपक्षीय मुद्दों पर बातचीत होगी, जिनमें बंदरगाहों पर प्रतिबंध हटाने, व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) की शुरुआती जमीनी कार्य, मानकों में सामंजस्य बनाने और पारस्परिक मान्यता दिलाने के साथ ही, बांग्लादेश को आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति, सड़कों का विकास जैसे कई द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा हुई। साथ ही रेलवे के बुनियादी ढांचे के विकास के मुद्दे पर भी बात हुई। केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। भारत की तरफ से इस बैठक का नेतृत्व वाणिज्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव विपुल बंसल ने किया और बांग्लादेश की तरफ से वहां से वाणिज्य मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव नूर मोहम्मद महबुबुल हक ने अपने देश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। बैठक में परिवहन के विभिन्न माध्यमों से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करने और चेक पोस्ट, बॉर्डर चौकियां आदि के आधारभूत विकास पर भी बात हुई। बैठक में दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच आर्थिक संबंधों, क्षेत्रीय सहयोग, रसद और ट्रांजिट सुविधाओं को मजबूत करने की सहमति बनी। दोनों देशों में व्यापार को और बढ़ावा देने के लिए व्यापार प्रतिबंधों को हटाने, कस्टम प्रक्रिया को आसान बनाने पर भी चर्चा हुई।

### त्योहारी मांग से यात्री वाहनों की थोक बिक्री सितंबर में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंची

भारत में वाहन विनिर्माताओं ने मौजूदा त्योहारी सीजन में मजबूत मांग को पूरा करने के लिए डीलरों को स्टॉक भेज दिया, जिससे यात्री वाहनों की थोक बिक्री सितंबर में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। वाहन उद्योग में सितंबर में कुल 3,63,733 वाहनों की बिक्री हुई, जो किसी भी महीने में अभी तक का सर्वाधिक है। इससे पहले सर्वाधिक आंकड़ा अगस्त, 2023 में रहा था, जब 3,60,700 वाहनों की बिक्री हुई थी। मारुति सुजुकी, हुंदै और टोयोटा ने सितंबर, 2023 में अपनी अब तक की सबसे अच्छी मासिक थोक बिक्री दर्ज की जब उन्होंने मौजूदा त्योहारी सीजन के कारण मजबूत मांग को पूरा करने के लिए विक्रेताओं को आपूर्ति बढ़ा दी। मारुति सुजुकी इंडिया की सितंबर में कुल वाहन बिक्री सालाना आधार पर तीन प्रतिशत बढ़कर 1,81,343 इकाई रही, जो उसका एक महीने में बिक्री का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। कंपनी ने रविवार को यह जानकारी दी। देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी ने सितंबर, 2022 में 1,76,306 कारों की थोक बिक्री की थी। मारुति सुजुकी इंडिया (स्न्स्ढ्ढ) के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने कहा, यह निश्चित रूप से भारतीय यात्री वाहन इतिहास में किसी भी वर्ष में सितंबर में अब तक का सबसे अधिक है। यह अब तक किसी भी महीने में सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा कि सितंबर में थोक बिक्री में वृद्धि हुई है क्योंकि विक्रेता 14 अक्टूबर से शुरू हो रहे त्योहारी सीजन के लिए तैयार हैं।

### अमेरिका और भारत के संबंध चंद्रयान की तरह चांद पर और उससे भी आगे जाएंगे : जयशंकर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत और अमेरिका के संबंध अब तक के उच्चतम स्तर पर हैं और दोनों देश ऐसी स्थिति में पहुंच गए हैं, जहां वे एक दूसरे को वांछनीय, इष्टतम और सहज साझेदार के रूप में देखते हैं। जयशंकर ने कहा कि ये द्विपक्षीय संबंध चंद्रयान की तरह चांद पर और उससे भी आगे जाएंगे। भारतीय दूतावास द्वारा शनिवार को यहां आयोजित 'सेलिब्रेटिंग कलर्स ऑफ फ्रेंडशिप' कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए अमेरिका के विभिन्न हिस्सों से 'इंडिया हाउस' में एकत्र हुए सैकड़ों भारतीय-अमेरिकियों को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा, ''आज यह स्पष्ट संदेश है कि हमारे रिश्ते अब तक के उच्चतम स्तर पर हैं, लेकिन जैसा कि अमेरिका में कहा जाता है कि आपने अभी तक कुछ भी नहीं देखा है, हम इन संबंधों को एक अलग स्तर, एक अलग जगह ले जाने वाले हैं।'' उन्होंने कहा, ''मैं कहना चाहूंगा कि इस बदलती दुनिया में भारत और अमेरिका एक ऐसी स्थिति में पहुंच गए हैं, जहां हम एक दूसरे को वांछनीय, इष्टतम और सहज साझेदारों के रूप में देखते हैंज।'' जयशंकर ने कहा कि त्र20 की सफलता अमेरिका के सहयोग के बिना संभव नहीं हो सकती थी। उन्होंने कहा, ''जब चीजें अच्छी होती हैं, तो हमेशा मेजबान को इसका श्रेय मिलता है। यह उचित भी है, लेकिन यदि त्र20 के सभी सदस्य देश इस आयोजन की सफलता के लिए काम नहीं करते, तो यह संभव नहीं था।''

### महंगे क्रूड का असर, हवाई ईंधन के बढ़े दाम

विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। वहीं वाणिज्यिक इस्तेमाल वाले 19 किलोग्राम के रसोई गैस सिलेंडर (एलपीजी) का दाम 209 रुपये बढ़ाया गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमतों में तेजी के बीच पेट्रोलियम कंपनियों ने यह कदम उठाया है। हालांकि, घरेलू इस्तेमाल वाले रसोई गैस सिलेंडर (14.2 किलोग्राम) का दाम 903 रुपये पर कायम रखा गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों की रविवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) का दाम 5,779.84 रुपये प्रति किलोलीटर या 5.1 प्रतिशत बढ़ाकर 1,12,419.33 रुपये से 1,18,199.17 रुपये किया गया है। इससे पहले एक सितंबर को विमान ईंधन कीमतों में 14.1 प्रतिशत की सबसे बड़ी बढ़ोतरी की गई थी। उस समय एटीएफ का दाम 13,911.07 रुपये प्रति किलोलीटर बढ़ा था। इससे पहले एक अगस्त को विमान ईंधन के दाम 8.5 प्रतिशत या 7,728.38 रुपये प्रति किलोलीटर बढ़ाए गए थे। उल्लेखनीय है कि यह विमान ईंधन कीमत में लगातार चौथी बढ़ोतरी है। किसी एयरलाइन की परिचालन लागत में 40 प्रतिशत हिस्सा एटीएफ का बैठता है। एक जुलाई को एटीएफ के दाम 1.65 प्रतिशत या 1,476.79 रुपये प्रति किलोलीटर बढ़े थे। चार बार में विमान ईंधन कीमतों में रिकॉर्ड 29,391.08 रुपये प्रति किलोलीटर की बढ़ोतरी हुई है। इसके साथ ही पेट्रोलियम कंपनियों ने वाणिज्यिक एलपीजी का दाम 209 रुपये प्रति सिलेंडर बढ़ा दिया है। इस 19 किलोग्राम के सिलेंडर का इस्तेमाल होटल और रेस्तरांओं में होता है। राष्ट्रीय राजधानी में वाणिज्यिक एलपीजी का दाम अब बढ़कर 1,731.50 रुपये प्रति सिलेंडर हो गया है।

### लेबर इंटेंसिव सेक्टर में ग्लोबल एक्सपोर्ट में भारत की हिस्सेदारी पिछले पांच साल में घटी



परिधान, समुद्री उत्पाद, प्लास्टिक और रत्न तथा आभूषण जैसे श्रम-गहन क्षेत्रों में 'परेशान करने वाले रुझान' दिख रहे हैं। FIEO की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले पांच वर्षों के दौरान इन क्षेत्रों में वैश्विक निर्यात में देश की हिस्सेदारी घट रही है। निर्यातकों के शीर्ष संगठन फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन ने यह भी कहा कि लगभग 40 अरब अमेरिकी डॉलर की निर्यात वृद्धि के संबंध में सावधानी बरतने की जरूरत है, क्योंकि इसमें भारत से यूरोप को किए गए कच्चे तेल की बड़ी हिस्सेदारी हो सकती है। रिपोर्ट में कहा गया कि ऐसे में यह वृद्धि आने वाले वर्षों में टिकाऊ नहीं हो सकती है। स्न्ढ्ढश्व के मुताबिक, श्रम प्रधान क्षेत्रों में निर्यात हिस्सेदारी घटी है, जो चिंता की बात है। ये क्षेत्र बड़ी संख्या में रोजगार पैदा करते हैं और साथ ही शुद्ध उच्च-मूल्य संवर्धन में भी महत्वपूर्ण योगदान करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि इस चुनौती से निपटने के लिए एक सक्रिय दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जो बाजार हिस्सेदारी घटने के कारणों की पड़ताल करे। पारंपरिक क्षेत्रों को बढ़ावा देने के महत्व पर विस्तार से बताते हुए FIEO ने कहा कि मोबाइल फोन का निर्यात, जिसकी राशि 10 अरब डॉलर है, उसका शुद्ध मूल्य लगभग एक-दो अरब डॉलर है।

# शिमला फ्लाइंग फेस्टिवल से जुन्गा को मिलेगी पर्यटन स्थल के रूप में पहचान

शिमला। हिमाचल प्रदेश अपनी प्राकृतिक सुंदरता और साफ़ आबोहवा तथा समृद्ध संस्कृति के लिए देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी मशहूर है। हर साल यहाँ करोड़ों की संख्या में पर्यटक देश विदेश से घूमने आते हैं जिससे पर्यटन के माध्यम से प्रदेश की अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होती है। परन्तु इस वर्ष बरसात के मौसम में भारी बारिश और भूस्खलन की घटनाओं से प्रदेश में काफी नुकसान हुआ जिससे पर्यटन कारोबार को भी काफी नुकसान उठाना पड़ा। लेकिन सीमित संसाधनों के बावजूद प्रदेश सरकार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लगभग सभी अवरुद्ध मार्गों को खुलवाया ताकि यहाँ आने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। आज हिमाचल प्रदेश में पर्यटन गतिविधियां लगभग पूर्ण रूप से सुचारु हैं और प्रदेश में आने वाले पर्यटकों की संख्या भी दिन पर दिन बढ़ती जा रही। जिला शिमला के जुन्गा में 12 से 15 अक्टूबर, 2023 तक शिमला फ्लाइंग फेस्टिवल का आयोजन द ग्लाइड इन में किया जा रहा है जिसमें देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी प्रतिभागी अपने प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे। इस फेस्टिवल को जिला प्रशासन शिमला और पर्यटन विकास निगम के सहयोग से आयोजित करवाया जा रहा है। शिमला फ्लाइंग फेस्टिवल के आयोजन के लिए पर्यटन विकास निगम ने 10 लाख रुपए की राशि भी जारी की है। यह प्रतियोगिता एक्यूरेसी पर आधारित रहेगी, जो जुन्गा में पहली दफा आयोजित की जा रही है। फेस्टिवल में पैराग्लाइडिंग की सोलो एवं टेंडम फ्लाइट चलेंगी जिसमें सोलो में एक प्रतिभागी तथा टेंडम में दो प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी ने कहा कि प्रदेश और जिला में गत दिनों हुई भारी बरसात से पर्यटन कारोबार और इससे जुड़े लोगों



को काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि 12 से 15 अक्टूबर 2023 तक आयोजित किए जा रहा यह फेस्टिवल पर्यटन को पुनः सुचारू करने में सहायक सिद्ध होगा। इस फेस्टिवल में देश-विदेश से पैराग्लाइडर हिस्सा लेंगे। उन्होंने पर्यटकों से जुन्गा में आयोजित किये जा रहे इस फेस्टिवल में आकर पैराग्लाइडिंग की आयोजित की जा रही विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं का आनंद उठाने का आह्वान किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने देश-विदेश के पैराग्लाइडर से इस फेस्टिवल में हिस्सा लेने का आग्रह किया।

द ग्लाइड इन जुन्गा के प्रबंध निदेशक अरुण रावत ने बताया कि शिमला फ्लाइंग फेस्टिवल के आयोजन से यहाँ पर आने वाले पर्यटकों एवं प्रतिभागियों को हेरिटेज, ट्रेल एडवेंचर, स्पिरिचुअल सर्किट, फॉरेस्ट आदि की अनुभूति प्राप्त होगी। इस तरह के फेस्टिवल एवं आयोजन से पर्यटन को आवश्यक रूप से लाभ प्राप्त होगा। हिमाचल के बिड बिलिंग, खजियार, इंद्रुनाग जैसे पर्यटक स्थलों पर पैराग्लाइडिंग गतिविधियां करवाई जाती है जोकि अनेक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोज़गार उपलब्ध करवाती हैं।

जुन्गा में पैराग्लाइडिंग गतिविधियों के सुचारू संचालन से कई लोगों को रोजगार प्राप्त होगा।

जुन्गा सड़क नेटवर्क से बहुत अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। शिमला से 15 किलोमीटर, कुफरी से 17 किलोमीटर, कंडाघाट से 21 किलोमीटर और चायल से 22 किलोमीटर। आने वाले फोरलेन से कनेक्टिविटी हाईवे करीब 8 किलोमीटर होगी। शिमला के आसपास सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों तक आसान कनेक्टिविटी जुन्गा को एक अत्यधिक आकर्षक वैकल्पिक पर्यटन स्थल बनाते हैं।

जुन्गा घने चीड़ और देवदार के जंगलों से घिरा हुआ है, जो पर्यावरण और रोमांच के शौकीन लोगों के लिए कई खूबसूरत वन मार्ग पेश करता है। शहर के चारों ओर वनस्पतियों और जीवों की एक विस्तृत और विविध श्रृंखला उपलब्ध है। यहां कई ट्रैक हैं जो विशेष रूप से साहसिक उत्साही पर्यटकों को आकर्षित करने की क्षमता रखते हैं जिसमें झरने के लिए ट्रैक, पुराने तारा देवी मंदिर के लिए ट्रैक, शिव पत्थर मंदिर के लिए ट्रैक और चायल और कुफरी के लिए ट्रैक शामिल हैं।

जुन्गा और इसके आसपास कई खूबसूरत मंदिर हैं, जिनमें से प्रत्येक की अपनी आध्यात्मिक कहानी है और इसके इष्टदेव यानी जुंगा देवता की विस्मयकारी दंतकथाएं हैं। शहर से थोड़ी दुरी पर एक बौद्ध मठ, शिव पत्थर मंदिर, पथरी माता मंदिर, पुराना तारा देवी मंदिर और प्रसिद्ध साईं मंदिर भी है जोकि आध्यात्मिक पर्यटन सर्किट को पूर्ण करते हैं।

# आरबीआई बैठक का बाजार पर रहेगा असर

**मुंबई।** विश्व बाजार के कमजोर रुख से हुई बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह मामूली गिरावट पर रहे घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह वैश्विक रुझान के साथ ही रिजर्व बैंक (आरबीआई) की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णय का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 180.74 अंक टूटकर सप्ताहांत पर 65828.41 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 35.95 अंक गिरकर 19638.30 अंक पर रहा। वहीं, समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में हुई लिवाली की बदौलत बाजार को समर्थन मिला। इस दौरान मिडकैप 391.95 अंक की तेजी के साथ सप्ताहांत पर 32340.71 अंक और स्मॉलकैप 504.75 अंक उछलकर 37562.23 अंक पर पहुंच गया।

विश्लेषकों के अनुसार, आरबीआई की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक 04 से 06 अक्टूबर को होना प्रस्तावित है। अगस्त की बैठक में केंद्रीय बैंक ने नीतिगत दरों को यथावत रखा था लेकिन अगले सप्ताह होने वाली बैठक में रेपो दर में चौथाई प्रतिशत की कटौती किये जाने की उम्मीद जताई



जा रही है। इसका असर बाजार पर अगले सप्ताह देखा जा सकेगा।

इसके अलावा दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति और विश्व बाजार में कच्चे तेल की कीमतों की अगले सप्ताह शेयर बाजार को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। साथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के निवेश रुख का भी बाजार पर असर रहेगा। एफआईआई ने सितंबर में 26,692.16 करोड़ रुपये की बिकवाली की है। वहीं, आलोच्य अवधि में घरेलू संस्थागत निवेशक 20,312.65 करोड़ रुपये के लिवाल रहे हैं, जिससे बाजार को बल मिला है।विश्व बाजार की गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व और कोटक बैंक समेत पंद्रह दिग्गज कंपनियों में साढ़े चार प्रतिशत से अधिक तक की तेजी के बावजूद इंफोसिस, एसबीआई, रिलायंस और टाटा मोटर्स समेत 15 अन्य कंपनियों में करीब डेढ़ प्रतिशत तक की गिरावट से सोमवार को सेंसेक्स 14.54 अंक बढ़कर 66023.69 अंक और निफ्टी मामूली बढ़त के साथ 19674.55 अंक पर सपाट रहा।

वैश्विक बाजार की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर टेक महिंद्रा, इंफोसिस, मारुति और एसबीआई समेत पंद्रह दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से मंगलवार को सेंसेक्स 78.22 अंक की गिरावट लेकर 65945.47 अंक और निफ्टी 9.85 अंक फिसलकर 19664.70 अंक रह गया।

एशियाई बाजारों की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हेल्थकेयर, इंडस्ट्रियल्स, कैपिटल गुड्स और रियल्टी समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली से बुधवार को सेंसेक्स 173.22 अंक की तेजी लेकर 66118.69 अंक और निफ्टी 51.75 अंक की बढ़त के साथ 19716.45 अंक पर पहुंच गया।

विश्व बाजार के कमजोर रुझान और कच्चे तेल की कीमतों में आए उबाल के बीच स्थानीय स्तर पर सितंबर के मासिक वायदा सौदा निपटान को लेकर हुई चौतरफा बिकवाली के दबाव में गुरूवार को सेंसेक्स 610.37 अंक का गोता लगाकर 65508.32 अंक और निफ्टी 192.90 अंक की गिरावट लेकर 19523.55 अंक पर आ गया। विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हेल्थकेयर, धातु, कमोडिटीज, ऊर्जा, तेल एवं गैस और पावर समेत 18 समूहों में हुई लिवाली की बदौलत शुक्रवार को सेंसेक्स 320.09 अंक की तेजी के साथ 65828.41 अंक और निफ्टी 114.75 अंक उछलकर 19638.30 अंक पर पहुंच गया।

# खाद्य तेल और दालों में मिलाजुला रुख

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के प्रभाव से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के अलावा दाल-दलहन में भी मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अक्टूबर वायदा सप्ताहांत पर 63 रिंगिट उबलकर 3705 रिंगिट प्रति टन हो गया। वहीं, अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.63 सेंट की गिरावट लेकर 56.86 सेंट प्रति पौंड रह गया।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 147 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि मूंगफली तेल 220 रुपये, सोया रिफाइंड 146 रुपये और वनस्पति तेल 133 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया। वहीं, सूरजमुखी तेल और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पुराने स्तर पर टिके रहे। सप्ताहांत पर सरसों तेल 13187 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 20292 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12820 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11575 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8866 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 10533 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

दाल-दलहन : बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। सप्ताहांत पर चना 200 रुपये, दाल चना 200 रुपये और उड़द दाल 300 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती रही। वहीं, मसूर दाल, मूंग दाल और अरहर दालमें टिकाव रहा।

सप्ताहांत पर चना 6250-6350, दाल चना 7250-7350, मसूर काली 7800-7900, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 10300-10400, अरहर दाल 10400-10500 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा। साप्ताहांत पर गेहूं और चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2550-2650 रुपये और चावल 2900-3000 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : बीते सप्ताह मीठे के बाजार में स्थिरता रही।

## हजारों करोड़ के समझौतों से रोजगार को मिलेगा बढ़ावा : धामी

नैनीताल। उत्तराखंड के हल्द्वानी दौरे पर आये मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को कहा कि उनका लंदन दौरा सफल रहा है। बारह हजार पांच सौ करोड़ के समझौता (एमओयू) से प्रदेश में रोजगार के साथ ही पर्यटन के नये अवसर सृजित होंगे।

धामी ने यह बात स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के मौके पर हल्द्वानी के शहीद पार्क में आयोजित कार्यक्रम के तहत कही। उन्होंने इस मौके पर कहा कि मन में रखो एक ही सपना, स्वच्छ बनाना है भारत अपना।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों को धरातल पर उतारने का कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत 12 करोड़ इज्जत घर बनवाकर स्वच्छता के साथ ही देश की महिलाओं को जो सुरक्षा व सम्मान दिया है, वह अनुकरणीय है।

मुख्यमंत्री ने जी-20 शिखर सम्मेलन



की तारीफ करते हुए कहा कि सम्मेलन सफल रहा और सभी देशों ने भारत का लोहा माना है। मुख्यमंत्री ने स्वच्छता अभियान पखवाड़े के तहत शहीद पार्क में झाड़ू लगाने के साथ ही सफाई भी की। साथ ही शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किये।


इस मौके पर मुख्यमंत्री के साथ रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट प्रदेश, अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, विधायक भीमताल राम सिंह कैड़ा, नैनीताल सरिता आर्य, मेयर डा0 जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला प्रवक्ता हेमन्त द्विवेदी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## केरल के रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म ने जीता आईसीआरटी 'गोल्ड' पुरस्कार

तिरुवनंतपुरम। केरल के रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म मिशन (आरटीएम) ने इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म (आईसीआरटी) का स्थानीय सोर्सिंग के लिए शिल्प और खाद्य श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ 'गोल्ड' पुरस्कार जीता है। केरल रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म मिशन (आरटीएम) के समन्वयक और राज्य ग्रामीण पर्यटन के नोडल अधिकारी के रूपेश कुमार को इंडिया रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म पुरस्कार 2023 समारोह में भारत, नेपाल, मालदीव, भूटान और बंगलादेश के लिए यूनेस्को के कार्यक्रम अधिकारी - संस्कृति अंकुश सेठ से सम्मान मिला।

इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को हासिल करके, केरल आरटी मिशन नवंबर में लंदन में तय होने वाले ग्लोबल रिस्पॉन्सिबल अवार्ड में भाग लेने के लिए योग्य हो गया है।

हाल ही में, इडुक्की जिले के कंथल्लूर ग्राम पंचायत को सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण पर्यटन परियोजनाओं के लिए भारत सरकार का 'गोल्ड' पुरस्कार मिला। केरल के पर्यटन मंत्री पी ए मोहम्मद



रियास ने कहा कि यह सम्मान केरल की आरटी पहल का एक और समर्थन है, जिसमें विश्व स्तर पर प्रशंसित मॉडलों का एक सेट है जिसमें टिकाऊ और लिंग-समावेशी परियोजनाएं शामिल हैं जो स्थानीय समुदाय को लाभ पहुंचाती हैं।

मंत्री ने कहा,यह सम्मान इस बात की पुष्टि करता है कि महिला सशक्तिकरण और स्थानीय सामुदायिक विकास पर ध्यान केंद्रित करने वाली केरल पर्यटन की पहल ने टिकाऊ और समावेशी पर्यटन विकास को बढ़ावा देने में मदद की है। राज्य आरटीएम को यह प्रतिष्ठित सम्मान उसकी विभिन्न पहलों को देखते हुए दिया गया है, जो महिलाओं के लघु उद्यमों को पर्यटन से जोड़ती हैं और पर्यटन क्षेत्र में स्थानीय उत्पादों के विपणन की सुविधा प्रदान करती हैं।

पर्यटन सचिव के बीजू ने कहा कि आरटीएम महिला सशक्तिकरण और स्थानीय समुदाय, स्थानीय उत्पादों और व्यंजनों की आर्थिक उन्नति के उद्देश्य से और अधिक परियोजनाएं लेकर आएगा।

पर्यटन निदेशक एसपी बी नूह ने कहा कि इस तरह के पुरस्कार राज्य को ऐसी नवीन पहल करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे जो स्थानीय समुदाय, विशेषकर महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेगी।

केरल के आरटी मिशन को सम्मान के लिए चुना गया था, इसके द्वारा सफलतापूर्वक की गई गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला को ध्यान में रखा गया था। इनमें कृषि-पर्यटन नेटवर्क, अनुभव जातीय व्यंजन परियोजना शामिल है जो पर्यटकों को क्षेत्रीय भोजन और व्यंजन परोसता है, अनुभव टूर पैकेज जो पर्यटकों को स्थानीय व्यंजनों का अनुभव करने का अवसर प्रदान करता है, स्थानीय कला रूपों, संस्कृति, कारीगरों और त्योहारों को बढ़ावा देता है।

पुरस्कार के लिए केरल के आरटी मिशन का चयन करते समय स्थानीय उत्पादों जैसे हस्तशिल्प, स्थानीय समुदायों को प्रदान किए गए प्रशिक्षण और स्थानीय स्व-सरकारी संस्थानों के सहयोग से की गई विभिन्न गतिविधियों को बढ़ावा देने की पहल पर भी विचार किया गया।

# सितंबर में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.62 लाख करोड़ रुपए

नयी दिल्ली। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह इस वर्ष सितंबर में 1.62 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है जो पिछले वर्ष सितंबर में संग्रहित जीएसटी 147686 करोड़ रुपये की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष अगस्त में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.59 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा था। इस वर्ष अप्रैल में रिकार्ड 1.87 लाख करोड़ रुपये का जीएसटी राजस्व संग्रहित हुआ था जो अब तक का सर्वाधिक राजस्व था। इससे पहले पिछले वर्ष अप्रैल में यह राशि 167540 करोड़ रुपये रहा था। पिछले 18 महीने से जीएसटी राजस्व




संग्रह 1.40 लाख करोड़ रुपये से अधिक बना हुआ है। मार्च 2023 में यह 160122 करोड़ रुपये रहा था।

वित्त मंत्रालय ने आज यहां जीएसटी राजस्व संग्रह का आंकड़ा जारी किया जिसमें सितंबर 2023 में संग्रहित राजस्व 162712 करोड़ रुपये रहा है। इस वर्ष सितंबर में संग्रहित राजस्व में सीजीएसटी 29818 करोड़ रुपए, एसजीएसटी 37657 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 83623 करोड़ रुपये रहा जिसमें आयात पर संग्रहित कर 41145 करोड़ रुपये शामिल है। उपकर संग्रह 11613 करोड़ रुपये रहा जिसमें आयात पर संग्रहित कर 881 करोड़ रुपये शामिल है। सरकार ने नियमित निपटान के तहत आईजीएसटी में से सीजीएसटी में 33736 करोड़ रुपए और एसजीएसटी में 27578 करोड़ रुपये दिये है। इस तरह से अगस्त में सीजीएसटी 63555 करोड़ रुपये और एसजीएसटी 65235 करोड़ रुपये रहा है।

### बाजार अफवाहों के सत्यापन को लेकर नए नियमों की समयसीमा बढ़ी

मुंबई। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने शेयर बाजार में जारी अफवाहों से स्टॉक पर पड़ने वाले असर को देखते हुए सूचीबद्ध कंपनियों को राहत दी है। सेबी ने रविवार को इन इकाइयों के लिए सख्त नियमों की समय सीमा बढ़ा दी है, ताकि वह इन अफवाहों का समय पर सत्यापन कर सकें। सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के तहत इन नियमों ने बाजार पूंजी के लिहाज से शीर्ष 100 सूचीबद्ध इकाइयों पर एक अक्तूबर, 2023 से प्रभावी होना था। इसी तरह बाजार पूंजी के लिहाज से शीर्ष 250 सूचीबद्ध कंपनियों को अनिवार्य रूप से बाजार की अफवाहों का सत्यापन और पुष्टि, खंडन या स्पष्टीकरण करना था।

# विदेशी मुद्रा भंडार 2.34 डॉलर घटकर 590.7 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी आने से 22 सितंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.34 डॉलर घटकर लगातार तीसरे सप्ताह गिरता हुआ 590.7 अरब डॉलर पर आ गया वहीं इसके पिछले सप्ताह यह 86.7 करोड़ डॉलर कम होकर 593.04 अरब डॉलर पर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 22 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.6 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 523.4 अरब डॉलर रह



गयी। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 30.7 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 44.3 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 7.9 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह घटकर 18 अरब डॉलर रह गया। इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.1 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ पांच अरब डॉलर रह गई।


# शार्ट न्यूज

## तेजिंदारपाल सिंह तूर ने जीता स्वर्ण पदक




हांगझोउ। भारत के तेजिंदारपाल सिंह तूर ने रविवार को एशियाई खेलों के गोला फेंक (शॉटपुट) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में तेजिंदारपाल तूर ने 20.36 मीटर के थ्रो में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। एशियाई खेलों का उनका यह लगातार दूसरा स्वर्ण पदक है। आज हुए मुकाबले में तेजिंदारपाल ने पहले दो प्रयास में फाउल करने के बाद तीसरे प्रयास में 19.51 मीटर का थ्रो लगाया। उनका चौथा थ्रो 20.06 मीटर का रहा लेकिन पांचवां थ्रो फिर फाउल हो गया। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास आखिरी थ्रो पर 20.36 मीटर था जिसने उन्हें स्वर्ण पदक दिलाया। स्पर्धा में सउदी अरब के मोहम्मद डोडा टोलो ने 20.18 मीटर के साथ रजत पदक जीता जबकि चीन के लियू यांग को 19.97 मीटर के साथ कांस्य पदक मिला।

## निकहत जरीन को मुक्केबाजी में मिला कांस्य




हांगझोउ। दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन को रविवार को एशियाई खेलों के मुक्केबाजी मुकाबले के सेमीफाइनल में हार के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में भारत की स्टार महिला मुक्केबाज निकहत को महिलाओं की 50 किलोग्राम मुक्केबाजी के सेमीफाइनल मुकाबले में थाईलैंड की चुथामात रक्सत के खिलाफ 3-2 से हार के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष की शुरुआत में विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जरीन और रक्सत का आमना- सामना हुआ था और तब भारतीय मुक्केबाज शीर्ष पर रहीं थी। निकहत जरीन और थाईलैंड की मुक्केबाज के बीच काफी रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। दोनों मुक्केबाज शुरुआत से ही एक दूसरे पर हावी रहे। निकहत ने अपने फुटवर्क का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए अपने हमले और बचाव पर खासा ध्यान दिया और बीच-बीच में उन्होंने कई पंच भी जड़े, लेकिन अंत में भारतीय मुक्केबाज को इस मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। दिन के अन्य मुकाबले में भारत की परवीन हुड्डा ने उज्बेकिस्तान की सितोरा टर्डिबेकोवा को सर्वसम्मत निर्णय (5-0) से हराकर महिलाओं के 57 किग्रा सेमीफाइनल में जगह बनाई।

## एथलेटिक्स में भारत ने अविनाश साबले स्वर्ण के साथ कई रजत और कांस्य पदक जीते

हांगझोउ। भारतीय एथलीट अविनाश साबले ने रविवार को पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज दौड़ स्पर्धा में स्वर्ण पदक तथा पुरुषों की ही 1500 मीटर दौड़ में सरोज कुमार ने रजत और जिनसन जॉनसन ने कांस्य पदक जीता। इसके साथ महिलाओं की 1500 मीटर दौड़ में हरमिलन बैंस ने रजत तथा 800 मीटर दौड़ में नंदनी अगसारा कांस्य सहित अन्य मुकाबलों में कई पदक जीते। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज अविनाश साबले ने एथलेटिक्स में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने पुरुषों की 3,000 मीटर स्टीपलचेज दौड़ में 8: 19: 53 के समय के साथ पहला स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। इस जीत के साथ अविनाश साबले एशियाई खेलों के इतिहास में 3000 मीटर स्टीपलचेज में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी भी बन गए हैं। एशियाई खेलों यह भारत का 12वां स्वण पदक है तथा एथलेटिक्स के स्पर्धा में तीसरा पदक है। एशियाई खेलों के आठवें दिन भारतीय एथलेटिक्स में शानदार प्रदर्शन किया। पुरुषों के 1500 मीटर दौड़ में स्पर्धा में सरोज कुमार ने रजत तो जिनसन जॉनसन ने कांस्य पदक जीता। वहीं महिलाओं के 1500 मीटर दौड़ स्पर्धा में हरमिलन बैंस रजत पदक जीतने में कामयाब रही।

## पंजाब सरकार सुरजीत हॉकी सोसायटी को हर संभव सहायता देगी : हेयर

जालंधर । पंजाब के खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने हॉकी की प्रमुख संस्था सुरजीत हॉकी सोसाइटी को पंजाब सरकार की ओर से हॉकी के विकास के लिए हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया है। सुरजीत हॉकी सोसायटी के सीईओ इकबाल सिंह संधू, महासचिव सुरिंदर सिंह भापा और मानद सचिव रणबीर सिंह राणा टुट ने शनिवार को पंजाब के खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर से मुलाकात कर पंजाब सरकार द्वारा जारी अब तक की जारी सर्वश्रेष्ठ पंजाब स्पोर्ट्स पालसी-2023 जारी करने के लिए उन्होंने बधाई देते हुए सोसायटी द्वारा हॉकी के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी एवं देश के प्रसिद्ध 40वें इंडियन ऑयल सर्वो सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट की तैयारी बारे जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने खेल मंत्री पंजाब को टूर्नामेंट के फाइनल में भाग लेने का निमंत्रण भी दिया। इस मौके पर खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने सुरजीत हॉकी सोसायटी के इस निमंत्रण स्वीकार करते हुए पंजाब सरकार की ओर से सोसायटी को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया।

## भारतीय तीरंदाजी टीम और ज्योति सुरेखा वेन्नम क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष पर

**हांगझोउ** । भारत की ज्योति सुरेखा वेन्नम ने रविवार को हुए मुकाबलों में व्यक्तिगत महिला कंपाउंड तीरंदाजी के क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारतीय महिला कंपाउंड टीम भी पहले स्थान पर रही। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज फुयांग यिनहु स्पोर्ट्स सेंटर में प्रतिस्पर्धा करते हुए ज्योति सुरेखा वेन्नम (704 अंक) ने दक्षिण कोरियाई जोड़ी चैवोन सो (699 अंक) और योह्युन ओह (697 अंक) को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। महिला कंपाउं की मौजूदा विश्व चैंपियन भारत की अदिति गोपीचंद स्वामी चौथे (696 अंक) स्थान पर रहीं जबकि परनीत कौर (687 अंक) और अवनीत कौर (685 अंक) ने क्रमश: 12वां और 15वां स्थान हासिल किया। इस बीच, भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने एलिमिनेशन राउंड का कट हासिल करने के लिए 2087 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। पुरुषों की कंपाउंड क्वालिफिकेशन में, भारत के ओजस प्रवीण देवताले (709 अंक) और अभिषेक वर्मा (708 अंक) व्यक्तिगत रैंकिंग में क्रमश: तीसरे और चौथे स्थान पर रहे। भारतीय कंपाउंड तीरंदाज प्रथमेश जावकर (700 अंक) और रजत चौहान (698 अंक) ने क्रमश: 10वां और 16वां स्थान हासिल किया।

# भारतीय महिला हॉकी टीम सेमीफाइनल में, दक्षिण कोरिया से मैच 1-1 से ड्रॉ

हांगझोउ। भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को एशियाई खेलों में दक्षिण कोरिया के खिलाफ मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा, इसी के साथ भारतीय टीम सेमीफाइलन में पहुंच गई है।

भारत बनाम दक्षिण कोरिया मैच में आज सविता पूनिया की अगुवाई वाली भारतीय महिला टीम ने आक्रामक अंदाज में मुकाबले की शुरुआत की और पहले क्वार्टर के 10वें मिनट में भारतीय खिलाड़ियों ने एक फील्ड शॉट को गोल में तब्दील करने का मौका बनाया, लेकिन वो गोल करने में असफल रहे।

इसके अगले मिनट में दक्षिण कोरिया ने एक पेनल्टी स्ट्रोक हासिल किया और टीम ने इसे गोल में तब्दील कर अपना खाता खोला। चो ह्येजिन ने 12वें मिनट में यह गोल किया। इस तरह भारतीय महिला टीम ने एशियाई खेलों के अभियान में पहला गोल (कंसीड किया) खाया।

मुकाबले के 22वें मिनट में एक फील्ड शॉट को गोलपोस्ट में भेजने का प्रयास किया, लेकिन दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी के बीच में आ जाने के कारण भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन भारतीय खिलाड़ी विपक्षी डिफेंस के आगे इसे गोल में तब्दील करने में असफल रहे। कुछ देर में दोनों टीमों ने एक-एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन दोनों टीमों के बेहतरीन डिफेंस के आगे गोल नहीं कर सकी। इस तरह पहले हाफ की समाप्ति तक दक्षिण कोरिया ने 1-0 से अपनी बढ़त बनाए रखी। पहले हाफ के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने आक्रामक अंदाज में मैच की शुरुआत करते हुए अधिक समय तक गेंद को अपने कब्जे में रखा और इस बीच भारत ने 44वें मिनट में एक पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर 1-1 से स्कोर को बराबर कर दिया। भारत की ओर से यह गोल नवनीत कौर ने किया।




भारतीय खिलाड़ियों ने बड़ी सूझबूझ के साथ तीसरे क्वार्टर का समापन किया और अपने डिफेंस को बड़ी मजबूती के साथ बनाए रखा। चौथा और आखिरी क्वार्टर दोनों टीमों के लिए काफी अहम था।

इस क्वार्टर के शुरुआत से ही दोनों टीमें गोल की तलाश में नज़र आईं, लेकिन किसी भी टीम को सफलता नहीं मिली। इस तरह भारत बनाम दक्षिण कोरिया मुकाबला 1-1 के साथ ड्रॉ रहा। भारत महिला टीम तीन मैचों के बाद पूल ए में शीर्ष स्थान पर है। उसके तीन मैचों में सात अंक हैं। उल्लेखनीय है कि भारतीय महिला टीम की एशियाई खेलों में शुरुआत शानदार रही है। उसने अपने पहले मैच में सिंगापुर को 13-0 से हराया था। वहीं शुक्रवार को खेले गये मुकाबले में मलयेशिया पर 6-0 से जीत हासिल की थी। जबकि दक्षिण कोरिया के साथ खेला गया आज तीसरा मुकाबला ड्रॉ रहा।

भारतीय महिला टीम मंगलवार को अब अपना अगला मुकाबला हांगकांग के खिलाफ खेलेगी।

## एशियाड में स्वर्ण, रजत और कांस्य के साथ निशानेबाजी अभियान समाप्त

हांगझोउ। भारतीय निशानेबाजों का रविवार को टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण, रजत और व्यक्ति मुकाबले में कांस्य पदक जीतने के साथ एशियाई खेलों में उनका अभियान समाप्त हो गया।

चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज पृथ्वीराज टोंडिमन, जोरावर सिंह संधू और किनान डेरियस चेनाई ने पुरुषों की निशानेबाजी टीम ने शानदान प्रदर्शन कर 361 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल करते हुए स्वर्ण पदक जीता।

इसके अलावा किनान चेनाई ने पुरुषों के व्यक्तिगत ट्रैप में कांस्य पदक भी जीता।

दूसरी ओर राजेश्वरी कुमारी, कीर मनीषा और रजक प्रीति की महिला निशानेबाजी टीम ने स्पर्धा में रजत पदक जीता। भारतीय टीम को 337 के स्कोर के साथ रजत पदक मिला।

क्वालीफाइंग राउंड में किनान चेनाई सिर्फ तीन शॉट से चूके और 122/125 के साथ शीर्ष पर रहे। 46 वर्षीय जोरावर सिंह संधू क्वालीफाइंग राउंड में 120 के साथ दूसरे स्थान पर रहे। पृथ्वीराज टोंडाइमान ने 119 अंकों के साथ 11वां स्थान हासिल किया।

किनान चेनाई ने फाइनल में 32/40 का स्कोर बनाकर व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता, जबकि जोरावर सिंह संधू 23/30 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहे। क्वालीफाइंग राउंड में सिर्फ शीर्ष छह निशानेबाजों ने ही व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाई।

चीन के यिंग की ने अपने 50 में से 46 शॉट निशाने पर लगाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि कुवैत के तलाल अल-रशीदी ने 45/50 के साथ रजत पदक जीता।

मनीषा कीर ने चौथे सेट में परफेक्ट 25 का स्कोर किया और 114/125 के स्कोर के साथ महिला ट्रैप में व्यक्तिगत फाइनल में पहुंचने वाली एकमात्र भारतीय निशानेबाज रहीं। हालांकि, वह छह निशानेबाजों के बीच बाहर होने वाली पहली महिला थीं। उनके 20 में से चार शॉट निशाने से चूक गए।

## सुक्खू ने राज्य स्तरीय मैराथन का किया शुभारम्भ

शिमला। हिमाचल के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने एड्स के बारे समाज को जागरूक करने के लिए शिमला के रिज से रविवार को राज्य स्तरीय मैराथन (रेड रन) का शुभारंभ किया। इस मैराथन में प्रदेश के सात जिलों से विभिन्न श्रेणियों के 66 युवाओं ने भाग लिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ भी किया।



मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में मैराथन के सभी प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई दी तथा एड्स से बचाव के लिए सही जानकारी की महता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज में एड्स के संदर्भ में महत्त्वपूर्ण बदलाव आए हैं। एक समय में एड्स के विषय पर चर्चा करने में लोग शर्म महसूस करते थे लेकिन वर्तमान में इस विषय पर सघन विचार-विमर्श किया जाता है।

सुक्खू ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 5,300 एड्स रोगी हैं तथा राज्य सरकार इन्हें निःशुल्क उपचार तथा सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश सरकार ने युवाओं को एड्स संबंधी जानकारी प्रदान करने के लिए 1097 हेल्पलाइन स्थापित की है। इसके अतिरिक्त प्रदेश में दो समर्पित आईटीसी वाहनों सहित 55 एकीकृत परीक्षण तथा परामर्श केन्द्रों के माध्यम से निःशुल्क परीक्षण व परामर्श सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने समाज को एड्स के बारे में जागरूक बनाने के लिए सोशल मीडिया की भूमिका पर बल दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन लोगों की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नीतियां तथा योजनाएं तैयार की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में मानसून के दौरान भारी जान व माल का नुकसान हुआ है, जिससे उबरने में समय लगेगा। प्रदेश सरकार प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसके तहत आपदा राहत कार्यों के लिए 4500 करोड़ रुपये का विशेष पैकेज आवंटित किया गया है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल ने इस अवसर पर एड्स से संबंधित भ्रम और भ्रांतियों को दूर करने में युवाओं की अहम भूमिका पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार एड्स रोगियों को हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिनमें निःशुल्क परीक्षण तथा उपचार भी शामिल है।

इस अवसर पर इसके अतिरिक्त मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी, विधायक हरीश जनारथा, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान, महापौर सुरेंद्र चौहान, उप-महापौर उमा कौशल, मुख्यमंत्री के ओएसडी गोपाल शर्मा और रितेश कपरेट, हिमाचल प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड के उपाध्यक्ष विशाल चंबियाल, सचिव स्वास्थ्य एम. सुधा देवी, परियोजना निदेशक हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी एवं सूचना एवं जन संपर्क विभाग के निदेशक राजीव कुमार, उपायुक्त आदित्य नेगी, पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

# भीख मांगने सऊदी जा रहे 16 पाकिस्तानी गिरफ्तार

### इनमें एक बच्चा, 11 महिलाएं; तीर्थयात्रियों को मिलने वाले वीजा का फायदा उठा रहे थे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान से सऊदी अरब भीख मांगने जा रहे 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

इनमें एक बच्चा और 11 महिलाएं हैं। ये सभी तीर्थयात्रियों को मिलने वाले वीजा (उमरा वीजा) का फायदा उठा रहे थे।

फेडरल इंवेस्टिगेशन एजेंसी ने इन लोगों को पंजाब प्रांत के मुल्तान शहर के एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान इन लोगों ने बताया कि भीख में मिलने वाली रकम का 50त्न हिस्सा ट्रैवल एजेंट्स ले लेते हैं।

#### दुनिया में गिरफ्तार हुए 90 प्रतिशत भिखारी पाकिस्तानी मूल के

पाकिस्तानी मीडिया डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, दुनियाभर में गिरफ्तार होने वाले भिखारियों में से 90 प्रतिशत लोग पाकिस्तानी मूल के होते हैं। दरअसल,



प्रवासी पाकिस्तानियों पर सीनेट की स्टैंडिंग कमेटी को 27 सितंबर को बताया गया कि पाकिस्तान से बड़ी संख्या में भिखारी विदेश जा रहे हैं। इससे मानव तस्करी को बढ़ावा मिला है।

ओवरसीज मिनिस्ट्री सेक्रेटरी जुल्फिकार हैदर ने कमेटी को बताया कि कई भिखारियों ने सऊदी अरब, ईरान और इराक जाने के लिए तीर्थयात्रियों को मिलने वाले वीजा का फायदा उठाया है।

उन्होंने कहा कि हरम जैसी पवित्र जगहों पर बड़ी संख्या में जेबकतरों को गिरफ्तार किया गया। बाद में इनकी पहचान पाकिस्तानी नागरिकों के रूप में हुई। हैदर ने कहा कि इस वक्त पाकिस्तान में करीब 50 हजार इंजीनियर बेरोजगार हैं।

#### सऊदी अरब बोला- भिखारियों को हज के लिए न भेजें

मीडिया रिपोर्ट्स में ये भी बताया गया कि ओवरसीज अधिकारियों की मीटिंग में सऊदी अरब ने पाकिस्तान से हज का कोटा देने में सावधानी बरतने को कहा।

सऊदी के अधिकारियों ने पाकिस्तान से भिखारियों और जेबकतरों को न भेजने के लिए कहा। रिपोर्ट के मुताबिक सऊदी अरब ने कहा कि उनकी जेल ऐसे लोगों से भर चुकी है।

#### सांसद बोले- भारत चांद पर पहुंचा, हम ठोकर खा रहे

सांसद राना मेहमूदुल हसन ने कहा- भारत चांद तक पहुंच गया है, लेकिन हम अब तक ठोकर खा रहे हैं। हमारे लोग अब भारत और नेपाल के लोगों को मिलने वाले भत्ते से भी कम पैसों में काम करने को तैयार हैं। सऊदी अरब अब बिना ट्रेनिंग के पहुंचे लोगों की जगह स्किल्ड लेबर्स को प्राथमिकता देता है। हैदर ने कहा- सऊदी अरब में पाकिस्तान के करीब 30 लाख लोग रहते हैं, यूएई में करीब 15 लाख और कतर में 2 लाख पाकिस्तानी हैं। उन्होंने बताया कि बांग्लादेश और भारत के लोग इस मायने में उनसे आगे हैं। इस वजह से विदेशी एम्प्लॉयर्स की नजरों में पाक के वर्कर्स की विश्वसनीयता और उनकी स्किल्स को लेकर चिंता बढ़ रही है।

## पाक आतंकी हाफिज सईद का बेटा लापता

### मीडिया रिपोर्ट्स का दावा- पेशावर से कार सवारों ने उठाया; लश्कर के टॉप आतंकी की भी हत्या

मुंबई में 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड हाफिज सईद का बेटा कमालुद्दीन सईद 26 सितंबर से लापता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उसे कार में आए कुछ लोगों ने पेशावर से किडनैप कर लिया। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई भी उसे ट्रेस नहीं कर पा रही है। पाकिस्तान में काफी समय से लश्कर के लड़ाके गायब हो रहे हैं।

वहीं, टाइम्स ऑफ इंडिया ने सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया है कि कमालुद्दीन को किडनैप नहीं किया गया है, बल्कि उसके पिता हाफिज सईद और संगठन के दर्जनों दूसरे आतंकियों की तरह उसे भी आईएसआई ने सुरक्षित जगह पर पहुंचा दिया है।

दरअसल, कुछ दिन पहले ही कराची में लश्कर के एक बड़े आतंकी गौहर रजा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। ऐसे में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ढ्ढस्ढ्ढ लश्कर के आतंकियों को बचाने



की कोशिश कर रही है।

#### आपस में ही लड़ रहे लश्कर आतंकी

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हाफिज सईद के एक और करीबी कैसर फारूक की भी कुछ अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी है। फारूक की हत्या से जुड़े कई वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इसमें 6 लोग उसे गोली मारकर भागते हुए दिखाई दे रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कमालुद्दीन के भाई तलहा की भी सिक्योरिटी बढ़ा दी गई है।

2019 में हाफिज सईद के दूसरे बेटे तलहा पर भी जानलेवा हमला हुआ था, जिसमें वो बाल-बाल बचा था। तलहा लश्कर का फाइनेंस संभालता है। उसे ये जिम्मेदारी मिलने पर लश्कर में काफी सालों से काम कर रहे आतंकियों ने एतराज जताया था। गुटबाजी को बढ़ने से रोकने के लिए आईएसआई ने आतंकी संगठन के कुछ नेताओं को सुरक्षित जगहों पर भेज दिया है।

#### तलहा को ग्लोबल टेररिस्ट घोषित करने से बचा रहा चीन

भारत लगातार हाफिज सईद के बेटे तलहा को ग्लोबल आतंकी घोषित करने की मांग कर रहा है। हालांकि चीन बार-बार इसमें रोड़ा बनता है। 2022 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत और अमेरिका इसके लिए प्रस्ताव लाए थे। पिछले साल अप्रैल में उसे भारत सरकार ने आतंकवादी घोषित किया था।

## पाकिस्तान में आतंकवादी हमले में एक पुलिसकर्मी और दो आतंकवादी मारे गये

इस्लामाबाद। पाकिस्तन के पूर्वी पंजाब प्रांत के मियांवाली जिले में जांच चौकी पर रविवार को एक आतंकवादी हमले में कम से कम एक पुलिसकर्मी और दो आतंकवादी मारे गये। पंजाब पुलिस के महानिरीक्षक उस्मान अनवर ने स्थानीय मीडिया को बताया कि 10 से 12 आतंवादियों के समूह ने कुंडल इसा खेल क्षेत्र में गश्त कर रही पुलिस की एक जांच चौकी पर हमला किया। पुलिस प्रमुख ने कहा, चौकी के छत पर तैनात सुरक्षा गार्डों ने हमले का तुरंत इसका जवाब देते हुए भीषण गोलीबारी के बाद हमला नाकाम कर दिया। उन्होंने बताया कि हमले में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गयी जबकि दो आतंकवादी मारे गए। उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा के एक पहाड़ी इलाके में घुस गए। अंतिम सूचना मिलते तकआतंकवादियों की तलाश जारी थी।

## कंबोडिया में 14 हजार ड्रग संदिग्ध गिरफ्तार

फोनों पेन्ह। कंबोडियाई अधिकारियों ने 2023 के पहले नौ महीनों के दौरान 331 विदेशियों सहित कुल 14हजार 722 संदिग्धों को नशीली दवाओं से संबंधित मामलों में गिरफ्तार किया है। देश के नशीली दवाओं के विरोधी विभाग ने रविवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि लगभग 51 प्रतिशत संदिग्ध ड्रग तस्कर, निर्माता और ट्रांसपोर्टर थे, जबकि बाकी इनके उपयोगकर्ता थे। रिपोर्ट में कहा गया है, 2023 की जनवरी-सितंबर अवधि के दौरान संदिग्धों के कब्जे से कुल 2.68 टन अवैध दवाएं और लगभग 911 किलोग्राम सामग्रियां जब्त की गईं। जब्त की गई अधिकांश दवाएं केटामाइन, हेरोइन, एक्स्टसी, कोकीन, क्रिस्टल मेथमफेटामाइन, मेथमफेटामाइन गोलियां और कैथिनोन थीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल की समान अवधि की तुलना में कंबोडिया में नशीली दवाओं की गिरफ्तारियों में वृद्धि देखी गई, लेकिन नशीली दवाओं की बरामदगी में गिरावट आई है, रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य ने 2022 के पहले नौ महीनों के दौरान 11,431 नशीली दवाओं के संदिग्धों को गिरफ्तार किया, 6.25 टन नशीले पदार्थों को जब्त किया। दक्षिण पूर्व एशियाई देश में मादक पदार्थों के तस्करों के लिए मौत की सजा का प्रावधान नहीं है।

## बिडेन ने स्टॉपगैप फंडिंग बिल पर किए हस्ताक्षर

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने शनिवार देर रात इस वित्तीय वर्ष के लिए संघीय सरकार की फंडिंग समाप्त होने से कुछ मिनट पहले 45-दिवसीय स्टॉपगैप फंडिंग विधेयक पर हस्ताक्षर किए। सरकारी शटडाउन को टालने के आखिरी मिनट के प्रयास में, हाउस स्पीकर केविन मैक्कार्थी ने शनिवार सुबह नया बिल जारी किया, जो नवंबर के मध्य तक संघीय एजेंसियों को मौजूदा स्तर पर वित्त पोषित रखेगा और इसमें 16 अरब अमेरिकी डॉलर शामिल हैं जो आपदा राहत के लिए राष्ट्रपति द्वारा अनुरोधित डॉलर की धनराशि है। नए विधेयक में रूढ़िवादी रिपब्लिकन द्वारा मांगे गए भारी खर्च कटौती और सीमा सुरक्षा प्रावधानों को हटा दिया गया है। साथ ही इसमें यूक्रेन के लिए डेमोक्रेट द्वारा मांगी गई अतिरिक्त सहायता शामिल नहीं है। सदन ने 335-91 के वोट से स्टॉपगैप फंडिंग उपाय को तुरंत मंजूरी दे दी। कुछ घंटों बाद, सीनेट (ऊपरी सदन) ने विधेयक को 88-9 के वोट से पारित कर दिया। श्री मैक्कार्थी का नया प्रस्ताव एक आश्चर्य के रूप में आया, क्योंकि वह कम बहुमत वाले रिपब्लिकन रूढ़िवादियों से समर्थन हासिल करने के प्रयासों में भारी खर्च कटौती और सीमा सुरक्षा प्रावधानों के साथ एक फंडिंग बिल को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे थे।

## कांग्रेस ने स्टॉपगैप फंडिंग बिल पारित किया

वाशिंगटन। अमेरिकी सीनेट ने संघीय सरकार के शटडाउन को रोकने के आखिरी मिनट के प्रयास में सदन द्वारा पारित 45-दिवसीय स्टॉपगैप फंडिंग विधेयक को शनिवार रात को मंजूरी दे दी। ऊपरी सदन ने स्टॉपगैप फंडिंग उपाय को 88-9 के वोट से पारित कर दिया। सदन ने 335-91 के वोट से विधेयक को मंजूरी दे दी। हाउस स्पीकर केविन मैक्कार्थी ने शनिवार सुबह नवंबर के मध्य तक संघीय एजेंसियों को मौजूदा स्तर पर वित्त पोषित रखने वाली नई योजना जारी की जिसमे आपदा राहत के लिए डॉलर 16 बिलियन अमेरिकी डॉलर शामिल है। नए विधेयक में रूढ़िवादी रिपब्लिकन द्वारा मांगी गई भारी खर्च कटौती को हटा दिया गया है और इसमें यूक्रेन के लिए डेमोक्रेट द्वारा मांगी गई अतिरिक्त सहायता शामिल नहीं है। मैक्कार्थी का नया प्रस्ताव एक आश्चर्य के रूप में आया, क्योंकि वह कम सदन बहुमत में रिपब्लिकन रूढ़िवादियों से समर्थन हासिल करने के प्रयासों में, भारी खर्च में कटौती और सीमा सुरक्षा प्रावधानों के साथ एक फंडिंग बिल को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे थे। सदन में मैक्कार्थी की कठिन स्थिति के कारण उनके पास रिपब्लिकन पार्टी के दक्षिणपंथियों को खुश करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। पिछले साल के मध्यावधि चुनावों के बाद रिपब्लिकन पार्टी ने 221 सीटों पर नियंत्रण के साथ सदन को वापस ले लिया, जो डेमोक्रेटिक पार्टी की 212 सीटों से केवल नौ अधिक है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### संजय भूषण पटियाला को हितेन तेजवानी के हाथो मिला वी बी मुंबई सेलेब्स अचीवर्स अवार्ड




हिंदी और भोजपुरी फिल्मो सहित कई अन्य छेत्र में कई सालो से फिल्मो का प्रचार – प्रसार कर रहे पीआरओ संजय भूषण पटियाला को मुंबई में हुए वी बी मुंबई सेलेब्स अचीवर्स अवार्ड में सम्मानित किया गया . इस अवार्ड शो के खास अतिथि टीवी के पॉपुलर एक्टर हितेन तेजवानी थे जिनके हाथो उन्हें सम्मानित किया गया . आपको बता दे की इस अवार्ड शो के साथ एक फैशन वाक शो का आयोजन भी किया गया था . अवार्ड शो के साथ साथ फैशन वाक के इस इवेंट में संजय भूषण पटियाला ने इवेंट का पूरा प्रचार प्रसार संभाला. एक्टर हितेन तेजवानी सहित अवार्ड शो की आयोजक कर्ता वृंदा भंडारी ने भी संजय भूषण पटियाला का सम्मान किया. इस खास कार्यक्रम के दौरान आदिल खान दुर्रानी, प्रणव वत्स, और अनवर शेख भी शामिल हुए .

### गन्दगी पर्याय है वातावरण व आत्मा के मैले होने का : सुधांशु शेखर शर्मा




सोनभद्र ।जिला चिकित्सालय लोढ़ी परिसर स्थित वन स्टाप सेन्टर व आसपास प्रशाल में जिला प्रोबेशन अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा मेगा इवेंट का आयोजन किया गया जिसमें वन स्टाप सेंटर, जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला शक्ति केन्द्र सोनभद्र की टीम द्वारा परिसर में साफ – सफाई की गई।जिला प्रोवेशन अधिकारी द्वारा आम जनमानस से अपील करते के साथ हुए कहा गया कि स्वच्छता मैं ईश्वर बसा होता हैं , इस लिए हम सबको इस उद्देश्य से स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना होगा। तन – मन से स्वच्छ रहने पर ही समग्र जीवन संवरता बहुआयामी व्यक्तित्व सँग। महिला शक्ति केन्द्र से महिला कल्याण अधिकारी नीतू यति सिंह, जिला समन्वयक साधना मिश्रा, सीमा द्विवेदी, जिला बाल संरक्षण इकाई सोनभद्र से संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक, ओ0 आर0 डब्ल्यू0 शेषमणि दुबे की कर्मनिष्ठा से सन्नद्धता रही तो तन्मयता से जुड़ी रहीं वन स्टाप सेन्टर केन्द्र प्रशासक दीपिका सिंह। इस मुहिम में सबके सँग सामाजिक कार्यकर्ता आरती पाठक, कंप्यूटर ऑपरेटर आकांक्षा पाण्डेय, पैरामेडिकल नर्स प्रियंका सिंह, सुश्री निधि, मीरा भारती मल्टीपरपज वंदना शर्मा, बाबूलाल नागेंद्र प्रसाद प्रथम प्रहर के नियत समयावधि में समर्पित रहे कर्मरत भाव – विभाव से।

### डीएम ने झाडू लगा कर वृहद स्वच्छता अभियान का बढ़ौली चौक से आगाज किया




सोनभद्र ।सोनभद्र में वृहद स्वच्छता अभियान की शुरुआत आज जिलाधिकारी चन्द्रविजय सिंह ने सोनभद्र नगर रॉबर्ट्सगंज के बढौली चौक चौराहे पर झाडू लगाकर की । स्वच्छता आयोजन का जिलामुख्यालय पर आगाज करने के पश्चात पहुंचे डीएम कस्तूरबा गांधीबालिका विद्यालय उरमौराऔर देखा निर्माणकार्य यहाँ का। टाइल्स लगाने , विद्यालय की छात्राओं के खानपान की व्यवस्था एवं खाद्यसामग्री के निरीक्षण कार्य भी समाहित रहे यहाँ आने पर। जिलाधिकारी के साथ अपर जिलाधिकारी एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी की भी मौजूदगी बनी रही विद्यालय के अन्दरखाने की जाँच प्रक्रिया में। परिसर में साफ – सफाई व्यवस्था व अन्य कार्यों के बाबत बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित भी किया डीएम ने।

### डीएम ने कलेक्ट्रेट आवासीय कालोनी की जांच की



सोनभद्र । जनपद के कई स्थानों एवं जिलामुख्यालय पर स्वच्छता आयोजनों में सहभागिता निर्वहन करते अहम स्थलों पर जाँच , निरीक्षण – पर्यवेक्षण करते सड़क , नाली – कालोनी का भी मौका मुआयना किया जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने ।कलेक्ट्रेट आवासीय कालोनी का आकस्मिक निरीक्षण करने के दौरान जिलाधिकारी ने कालोनी परिसर में साफ – सफाई, सड़क व पानी आदि स्थिति की फ़ौरी तौर पर हकीकत जानी। कालोनी परिसर में नये पार्क की स्थापना व सड़क के किनारे इंटरलाकिंग बनाने के लिए पी0ओ0 डूडा को प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए तो कालोनी परिसर में बच्चों के लिये झूला, बैटमिंटन कोड के कार्य कराने पर भी विचार विमर्श किया। डीएम ने इससे जुड़े संबंधित अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।इस मौके पर अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र यादव, पी0ओ0 डूडा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### मोदी के आगमन के मौके पर 03 अक्टूबर को कांग्रेस ने किया बस्तर बन्द आहूत

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस ने राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) के नवनिर्मित नगरनार इस्पात संयंत्र के निजीकरण के विरोध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन के मौके पर 03 अक्टूबर को बस्तर बन्द का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आज यहां प्रेस कान्फ्रेंस में यह घोषणा की। बघेल ने कहा कि नगरनार स्टील प्लांट को निजी हाथों में देने का बस्तर में विरोध हो रहा है ।नगरनार स्टील प्लांट केंद्र नहीं चला पा रहा है तो उसे छत्तीसगढ़ सरकार को दे दो,हम उसे चलाएंगे। केंद्र सरकार ने विनिवेशीकरण की प्रक्रिया में ऐसा क्लाज लगा दिया है कि निजी हाथों की जगह राज्य सरकार यह प्लांट नही ले सके। उन्होने कहा कि जब नगरनार स्टील प्लांट की स्थापना हो रही थी तो छत्तीसगढ़ के लोगों ने इस प्लांट को निजी हाथों में देने के लिए जमीन नहीं दी। नगरनार स्टील प्लांट से छत्तीसगढ़ के युवाओं को रोजगार मिलने की उम्मीद की गई। यहां के विकास की उम्मीद की गई। यह उम्मीद की गई है कि इससे हमारे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में विकास की नई शुरुआत होगी।

# महाकुंभ -2025 को भव्य , दिव्य और नव्य स्वरूप दे रही है योगी सरकार

## कुंभ -क्षेत्र का हुआ विस्तार, पूरक योजनाओं को धरातल में उतारने का प्रयास तेज

प्रयागराज । संगम नगरी प्रयागराज में लगने जा रहे हैं महाकुंभ को लेकर योगी सरकार की तरफ से युद्ध स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। एक तरफ जहां महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए कुंभ क्षेत्र का विस्तार किया गया है तो वही श्रद्धालुओं के कुंभ क्षेत्र में ठहरने से लेकर अन्य सुविधाओं को नए स्वरूप में विकसित किया जा रहा है ।

प्रयागराज में 2019 में आयोजित किए गए कुंभ में देश-विदेश से आए 19 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की संख्या के बाद 2025 में आयोजित होने जा रहे हैं महाकुंभ में 40 करोड़ से अधिक लोगों के आने का प्रशासन का अनुमान है।

कुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद के मुताबिक भीड़ महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालु ऑन की भीड़ को देखते हुए इस बार कुंभ क्षेत्र के बसावट में बदलाव किया गया है । उनके मुताबिक योगी सरकार ने फैसला किया है कि इस बार कुंभ में बसने वाले मेले का विस्तार 4000 हेक्टेयर से अधिक तक किया जाएगा ।पिछले कुंभ में मेला क्षेत्र को 3200 हेक्टेयर में बसाया गया था ।

### कुंभ - क्षेत्र में पूरक व्यवस्थाओं का भी किया गया विस्तार

महाकुंभ में क्षेत्र विस्तार के साथ इससे संबंधित पूरक व्यवस्थाओं में भी बदलाव किया गया है। कुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद बताते हैं कि इस बार संगम की रेती पर संगम, अरैल से लेकर फाफामऊ के बीच 25 सेक्टर में महाकुंभ बसाया जाएगा।

अलग- अलग सेक्टर का क्षेत्रफल भी विस्तारित किया जाएगा । कुंभ मेला क्षेत्र के एक सेक्टर से दूसरे सेक्टर जाने के लिए गंगा नदी में बनाए जाने वाले पॉन्टून पुल की संख्या में भी इस बार बढ़ोतरी होगी। महाकुंभ के लेआउट प्लान के अनुसार इस बार आठ अतिरिक्त पांटून पुल बनाए जाएंगे। पिछली बार 22 पांटून पुल बने थे, जबकि इस बार 30 पांटून पुलों का निर्माण होगा।

### स्वच्छता प्रबंधन पर रहेगी नजर

योगी सरकार महाकुंभ को स्वच्छता के मॉडल के रूप में दुनिया के सामने प्रस्तुत करने की तैयारी कर रही है।

### 25 हजार श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए बनेगा गंगा-पंडाल

महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को कुंभ क्षेत्र में ठहरने के लिए भी योगी सरकार खास इंतजाम कर रही है ।कमिश्नर प्रयागराज विजय विश्वास पंत के मुताबिक महाकुंभ के लिए टेंटेज के प्रस्ताव पर भी सैद्धांतिक सहमति बन गई है ।इसके अंतर्गत 25,000 श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए 10 हजार बेड का गंगा पंडाल बनाने का प्रस्ताव है। इसमें संतों-भक्तों के ठहरने की सुविधा होगी।

कुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद बताते हैं कि इसके लिए 1.45 लाख शौचालय बनाए जाएंगे। साथ ही कुंभ क्षेत्र में 10 हजार सफाई कर्मी भी लगाए जाएंगे। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए 25 हजार डस्टबिन, 800 सफाई गैंग और आईसीटी बेस्ड मॉनिटरिंग सिस्टम भी प्रस्तावित किया गया है। इसे मेला प्राधिकरण की ओर से स्वीकृति मिल चुकी है।

# कवि अनिल 'अंकित' के दो कविता-संग्रहों का विमोचन जिला पंचायत सभागार, गाजीपुर में संपन्न हुआ

'साहित्य चेतना समाज एवं हिन्दीश्री' के संयुक्त तत्वावधान में चेतना-प्रवाह कार्यक्रम के अन्तर्गत कवि अनिल 'अंकित' के दो कविता-संग्रहों( जीना इसी का नाम है व 'मैं कविता बोल रही हूँ') का विमोचन जिला पंचायत सभागार, गाजीपुर में संपन्न हुआ। विमोचन-समारोह और कवि-गोष्ठी इन दो सत्रों में विभक्त इस समारोह के अध्यक्ष नगर के वरिष्ठ कवि एवं ख्यात मंच-संचालक हरिनारायण हरीश, मुख्य अतिथि डॉ.आनन्द कुमार सिंह, ख्यातिलब्ध साहित्यकार, भूतपूर्व प्रो.-हिन्दी, उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल एवं विशिष्ट अतिथि श्री सुधीर प्रधान, मोटिवेशनल स्पीकर व समाजसेवी रहे। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ.विनय कुमार दूबे, विभागाध्यक्ष-हिन्दी,पी.जी.कॉलेज, गाजीपुर व डॉ.सन्तोष कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष-हिन्दी,सुदृष्टि बाबा पी.जी.कॉलेज,बलिया,उपस्थित रहे । कार्यक्रम का सफल संचालन प्रसिद्ध नवगीतकार डॉ.अक्षय पाण्डेय ने किया। मंच की शास्त्रीय औपचारिकताओं के पश्चात् मंचासीन विद्वत्जन एवं कवियों को साहित्य



चेतना समाज के संस्थापक अमरनाथ तिवारी अमर, अध्यक्ष डॉ.रविनंदन वर्मा, सचिव हीराराम गुप्ता, संगठन सचिव प्रभाकर त्रिपाठी व हिन्दीश्री-प्रमुख आनन्द अमित ने अंगवस्त्रम् और स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया ।कार्यक्रम का शुभारंभ नगर के वरिष्ठ कवि कामेश्वर द्विवेदी की वाणी-वंदना से हुआ; तत्पश्चात् अतिथि गण, विद्वत्जन एवं गणमान्य श्रोताओं की उपस्थिति में दोनों पुस्तकों का भव्य विमोचन हुआ। काव्य-संग्रहों पर परिचर्चा के क्रम में कवि अनिल अंकित की कविताओं पर वक्ताओं का केन्द्रीय विचार था कि कवि अनिल अंकित के दोनों काव्य-संग्रहों की कविताओं में अपने समय की जटिलताओं एवं विडंबनाओं को देखने की पैनी दृष्टि है ।कवि ने अपनी सृजन धर्मिता को अपने देशकाल का साक्षी बनाया है और उसे सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हुए अपनी रचना प्रक्रिया को नितांत वैयक्तिकता की परिधि में भटकने नहीं दिया है । सहज बोल-चाल की भाषा में लिखी गई इन कविताओं में विषय-विस्तार के साथ ही वैचारिक गहराई भी विद्यमान है। कविताओं में शाब्दिक सुगठन, अर्थव्यंजकता में कहीं भी बाधक नहीं बन रहा है।

सहज ग्राह्य बिम्ब-प्रतीकों के प्रयोग से कविताओं की महनीयता में और भी अभिवृद्धि हुई है। वक्ताओं में मुख्य रूप से डॉ.आनन्द कुमार सिंह, डॉ.विनय कुमार दूबे, डॉ.सन्तोष कुमार सिंह, डॉ.श्रीकान्त पाण्डेय एवं सुधीर प्रधान ने अपने सारगर्भित विचार रखे।

दूसरे सत्र में कवियों ने अपने गीत-कविताओं के द्वारा पूरे परिवेश को रसमय बना दिया। श्रोताओं की तालियों से रह-रह कर सभागार गुंजायमान होता रहा। कवियों में अनन्त देव पाण्डेय अनन्त,हरिनारायण हरीश,कामेश्वर द्विवेदी ,अमरनाथ तिवारी अमर, डॉ.अक्षय पाण्डेय, गोपाल गौरव, वृजमोहन प्रसाद अनाड़ी, आनन्द अमित, हरिशंकर पाण्डेय, शालिनी श्रीवास्तव,आशुतोष श्रीवास्तव आदि ने सरस काव्यपाठ किया। इस समारोह में श्रोता के रूप डॉ .अम्बिका पाण्डेय, डॉ.पारसनाथ सिंह, डॉ.बालेश्वर विक्रम, डॉ.समरेन्द्र नारायण मिश्र, डॉ. अमरनाथ राय,डॉ.जितेन्द्रनाथ राय, सुधारक राय, धर्मदेव यादव , सहजानंद राय, दिलीप आर्य, सिद्धार्थ शरण श्रीवास्तव, पीयूष ओझा,एस.पी.गिरि , आनन्द प्रकाश अग्रवाल,अक्षय दूबे,लव तिवारी,कुश तिवारी आदि उपस्थित रहे ।अन्त में संस्था के संस्थापक अमरनाथ तिवारी अमर ने समस्त सहभागी वक्ता-कवि गण एवं आगंतुक श्रोताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

### स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा में जल शक्ति राज्यमंत्री तथा सदर विधायक भूपेश चौबे ने दिया स्वच्छता का मंत्र




सोनभद्र । नवसृजित नगर पंचायत डाला बाजार पर्वतीय द्वारा आज विभिन्न वार्डों में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार में जलशक्ति राज्य मंत्री दिनेश खटीक व सदर विधायक भूपेश चौबे ने सम्मिलित होकर लोगों को स्वच्छता अभियान का मंत्र दिया अपने उद्बोधन में । स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आगाज हुआ डाला रामलीला प्रांगण से । यहाँ कूच करते अभियान हुई नगरपंचायत के विभिन्न वार्डों से गुजरता गया और पहुंचा गन्तव्य तक। इस अवसर पर राज्य मंत्री दिनेश खटीक एवं सदर विधायक भूपेश चौबे का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया । भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्षा फुलवंती कुमारी, अधीशासी अधिकारी देवहूति पांडे तथा स्वच्छता प्रहरी द्वारा राम लीला मैदान के परिसर को स्वच्छ किया गया। जलशक्ति राज्य मंत्री दिनेश खटीक ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है तो वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए जी-20 सम्मेलन की आज पूरा देश सराहना कर रहा है और भारत से ही जी-20 अब जी - 21 मे तब्दील हो रहा है वैश्विक पटल पर ।स्वच्छता का संकल्प ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि है ।सदर विधायक भूपेश चौबे ने अनहद नाद किया स्वच्छता के स्वर मंत्रमय करते। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष नंद लाल गुप्ता, हनुमान सिंह, बबलू, मुकेश जैन, धीरेंद्र सिंह उर्फ सोनू, मनीष तिवारी, अमित शर्मा, महेश सोनी, दीपक दूबे , ऋषि कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रदेश में चल रहा सामाजिक क्रांति का अभियान : शिवराज

सीहोर। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में सामाजिक क्रांति का अभियान चल रहा है।

चौहान ने सीहोर जिले के लाड़कुई में 154.47 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों का जीवन बदलने का मिशन चल रहा है।

विकास कार्यों में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। गांवों में शानदार सड़कों का जाल बिछा दिया गया है। मेडिकल, इंजीनियरिंग कॉलेज, सीएम राइज स्कूल, अस्पताल बन रहे हैं। विकास कार्यों के लिए बजट की कोई कमी नहीं है। जनता की जिंदगी को बेहतर बनाने में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। परिवार में एक व्यक्ति को रोजगार देंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना में तेंदूपत्ता तोड़ने वाले भाई-बहनों को जूते- चप्पल, पानी की कुप्पी, साड़ी आदि सामग्री दी जा रही है। जनता की सेवा ही पूजा है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि विद्यार्थियों की सुविधा के लिए अब लाड़कुई के शासकीय महाविद्यालय में एम.ए. की कक्षाएं प्रारंभ करेंगे। उन्होने कहा कि उन्होने यह महाविद्यालय शुरू करवाया था।

चौहान ने कहा कि बहनों ने कभी सोचा नहीं होगा कि ऐसा भी एक दिन आएगा कि भैया उनके खाते में सीधे पैसा डालेगा। मुख्यमंत्री ने तेंदुपत्ता संग्राहकों को हितलाभ प्रदान किया।

चौहान ने 96 करोड़ 93 लाख रूपए की राशि से 51 किलोमीटर के सीहोर-इछावर-कोसमी मार्ग का लोकार्पण किया।

# डीएम ने किया पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रमपद्धति बालिका विद्यालय का निरीक्षण

## स्वच्छता, सुंदरीकरण, मरम्मतकार्य को परखा, दिए निर्देश

सोनभद्र ।पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय उरमौरा राबर्ट्सगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया जिलाधिकारी चन्द्रविजय सिंह ने। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर में साफ - सफाई व्यवस्था बारीकी से जाँच के साथ ही यहाँ कराये जा रहें मरम्मत कार्यों एवं सुन्दरीकरण कार्य का जायजा लिया। डीएम ने निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालय में बेहतर गुणवत्ता वाला टाइल्स लगाया जाय बगैर किसी प्रकार की शिथिलता न बरते। विद्यालय में कराये जा रहें मरम्मत कार्य की प्रगति में और तेजी लाने की जरुरत पर विशेष बल देने की



हिदायत देते कहा कि आवश्यकनुसार अधिक वर्कर बढ़ाकर कार्य को पूर्ण कराये जाय। विद्यालय में कराए जा रहे सुंदरीकरण व मरम्मत कार्य को सुदृढ़ता व गुणवत्तापूर्ण ढंग निष्पादित करते सही सामग्री कवउपयोग करने को निर्देशित किये।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय के किचन का जायजा लिया, जहाँ साफ सफाई का अभाव मिला।

इसपर स्वच्छता के प्रति आगाह कराया विद्यालय के प्राचार्या को। जिलाधिकारी ने किचन में रखें खाद्य सामग्री व अन्य वस्तुओं का गहनता पूर्वक निरीक्षण किया, तो पाया गया कि चावल और उड़द की दाल की क्वालिटी ठीक नहीं है, जिसे तत्काल वापस कर अच्छी किस्म की चावल व दाल का प्रयोग विद्यालय के छात्राओं के लिए किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालय में छात्राओं के लिए जो भी खाद्य पदार्थ व अन्य सामग्री का उपयोग किया जाए वह ब्रांडेड व गुणवत्तापूर्ण हो। ऐसी सामग्रियों को विद्यालय की छात्राओं के उपयोग में कदापि न लाया जाय,, बेहतर गुणवत्तायुक्त व ब्रांडेड कंपनी का ही सामग्री व खाद्य पदार्थ को विद्यालय के छात्राओं हेतु उपयोग में लाया जाए। इस कार्य में लापरवाही व शिथिलता पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सुभाष चन्द्र यादव, नवीन पाठक, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव, विद्यालय के प्रचार्या, कार्यदायी संस्था के पदाधिकारी सहित अन्य संबंधितगण उपस्थित रहे।

# दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार ,18 लाख का गांजा बरामद

## एसओजी - सर्विलांस व थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

सोनभद्र । पुलिस दस्ते को मिली अहम कामयाबी , मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 02 अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर हुए गिरफ्तार, एक कंटेनर वाहन से 175 किलो गांजा हुआ बरामद जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 18 लाख रुपये आँकी गई। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करी करने वाले तस्करों के विरुद्ध लम्बे अरसे से चल रही है मुहिम तथा सफलताओं का सिलसिला भी जारी है प्राप्त हो रही खबरों के हवाले से। इसी क्रमोत्तर कार्य की समयावधि में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर राहुल पाण्डेय के निर्देशन में अपराध शाखा की एसओजी - सर्विलांस टीम तथा थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस की सयुंक्त रूप से गठित दस्ते ने हासिल की कामयाबी कड़ी मेहनत के पश्चात।

चंहुओर तैयार आसूचना संजाल की परिणति रही 1 अक्टूबर को अलसुबह सवा छः से साढ़े छः बजे के बीच एसओजी - सर्विलांस टीम व थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा गोपनीय सूचना पर बैजू बाबा मन्दिर से थोड़ा आगे वाराणसी कि तरफ वाराणसी-शक्तिनगर मुख्य राजमार्ग से एक कन्टेनर आने की। मुखबिर की सूचना मिलते ही फ़ौरी तौर पर हरकत में आया पुलिस जत्था। 01 अदद कंटेनर ट्रक संख्या- एच आर 69 ष्ट 6722 से 02 अन्तर्राज्यीय तस्करों को 01 कुन्तल 75 किलो गांजा (अनुमानित कीमत तकरीबन 18 लाख रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया। इस गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0-560/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस ऐक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जारी है । बकौल पुलिस घटना का संक्षिप्त



विवरण कुछ यूँ दर्शाया गया 01 अक्टूबर को एसओजी - सर्विलांस टीम व थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस को बजरिये मुखबिर सूचना मिली कि कंटेनर ट्रक संख्या- एचआर 69 सी 6722 से तस्कर उड़ीसा प्रांत से भारी मात्रा में गांजा फरीदाबाद हरियाणा लेकर जा रहे है । गठित टीम द्वारा इस सूचना पर थाना रॉबर्ट्सगंज क्षेत्रान्तर्गत चौकी सुकृत के आगे बैजू बाबा मन्दिर के पास वाराणसी- शक्तिनगर मुख्य मार्ग से 01 अदद कंटेनर उड़ीसा से वाराणसी की तरफ जा रहे 02 अन्तर्राज्यीय तस्करों को प्लास्टिक की 10 बोरियों में भरी 175 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में इस बात का खुलासा हुआ कि यह गांजा हरियाणा में धीरज कुमार पुत्र अज्ञात, निवासी फरीदाबाद, हरियाणा को देना था।

अभियुक्तों के मुताबिक हम लोग यह काम पहले भी कई बार कर चुके हैं । गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण में हिमांशु माट्टा पुत्र प्रेम चन्दर माट्टा, निवासी घीर, थाना कुंजपुरा, जनपद करनाल, हरियाणा उम्र लगभग 28 वर्ष तथा कमल राठी पुत्र सुरेन्द्र राठी, निवासी नँगला, थाना सनौली, जिला पानीपत, हरियाणा उम्र लगभग 24 वर्ष हैं जबकि वांछित अभियुक्तगण हैं धीरज कुमार पुत्र अज्ञीत, निवासी फरीदाबाद, जनपद फरीदाबाद, हरियाणा और 01 अदद कंटेनर संख्या- एचआर 69 सी 6722 के वाहन स्वामी जबकि बरामदगी का विवरण इस प्रकार रहा कि 175 किलो (01 कुन्तल 75 किलो) मादक पदार्थ गांजा (अनुमानित कीमत 18 लाख रुपये) एवं 01 अदद कंटेनर संख्या- एच आर 69 सी 6722 साथ में 02 अदद मोबाइल फोन एवं 1380 रुपये नगद मौकाएवारदात से प्राप्त हुए।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला में विधायक ने किया श्रमदान




**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**

बलरामपुर। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विधायक राम प्रताप वर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला में किया। श्रमदान अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर श्रमदान कर देश को स्वच्छ और सुंदर बनाने के प्रण से आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उतरौला में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई कर अपना कर्तव्य निभाया। विधायक रामप्रताप वर्मा ने सभी से अपील की । अपने आसपास साफ-सफाई कर विश्व के सबसे बड़े स्वच्छता अभियान का हिस्सा बनकर भारत को स्वच्छ बनाकर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी को अपनी सच्ची स्वच्छंजलि दें ।नगर पालिका परिषद उतरौला अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चंद्र गुप्ता ने नगर वासियो से अपील की कि स्वच्छ परिवेश से स्वच्छ वातावरण का निर्माण होगा। और बीमारी से बचे रहेंगे। उन्होंने कहा कि जि स तरह से लोग अपने घरों को स्वच्छ रखते हैं। उसी तरह से सार्वजनिक स्थलों को भी स्वच्छ रखने में योगदान दें ।कूड़े को रोड पर ना फेंके। उन्होंने नगर वासियों से श्रमदान के माध्यम से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को स्वच्छता अंजलि अर्पित करने का अनुरोध किया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप गुप्ता, अवधेश सिंह (एसडीएम उतरौला), डॉक्टर सी0पी0 सिंह, नगर अध्यक्ष , सी बी माथुर, रमेश जायसवाल,फरिंद्र गुप्ता ,महेंद्र प्रताप सिंह, सम्मानित सभासद गण, नगर पालिका के समस्त कर्मचारी गण सहित सम्मानित कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।।

CMYK CMYK CMYK CMYK